

CHOICE OF MILLIONS®
SHERKOTTI
HARDWARE & PAINT TOOLS
www.charminarbrush.com
BEST SELLER
TCT CIRCULAR SAW BLADE
WOOD CUTTER
9440297101


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 312 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) फाल्गुन कृ.6, 2082 शनिवार, 7 फरवरी-2026

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर * पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## 'नेहरू-गांधी परिवार के इतिहास पर बनाएंगे लाइब्रेरी'

नई दिल्ली, 6 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे ने कांग्रेस और गांधी परिवार पर एक बार फिर से हमला बोला है। उन्होंने कहा कि नेहरू गांधी परिवार के कारनामों और उनके भ्रष्टाचार, उनकी नीतियों की वजह से देश को हुए नुकसान पर एक लाइब्रेरी बनाने का फैसला लिया है। यह लाइब्रेरी पीढ़ियों और रिसर्च करने वाले छात्रों के लिए एक आदर्श जगह होगी। बीजेपी के सांसद निशिकांत दुबे ने समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत में कहा, जब परसों मैंने इस मामले को संसद में उठाया तो कई लोगों के फोन आए। पिछले सेशन में प्रियंका गांधी ने कहा था कि एक बार नेहरू पर चर्चा कर ही लो।

# 'अभी 25 साल और बाकी हैं'

## पीएम मोदी ने शेयर किया अपने 75वें जन्मदिन का किस्सा, ठहाके लगा हंस पड़े बच्चे

नई दिल्ली, 6 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को छात्र-छात्राओं के साथ ' परीक्षा पे चर्चा ' कार्यक्रम पर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने छात्रों को अपने जीवन एवं शैक्षणिक कौशल को निखारने पर ध्यान केंद्रित की सलाह देते हुए अपने 75वें जन्मदिन का एक किस्सा बताया। उन्होंने कहा कि 'अभी मेरे 25 साल बाकी हैं। मैं जो बीत गया है, उसे गिनता नहीं हूं, बल्कि जो बचा हुआ है उसकी गिनती करता हूं।' पीएम मोदी के इस वीडियो को केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने भी शेयर किया है।

'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में मणिपुर की एक छात्रा ने प्रधानमंत्री की प्रशंसा की और कहा कि वे बचपन से उसकी प्रेरणा रहे हैं। छात्रा ने बताया कि मेरा जन्मदिन भी प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के साथ ही आता है। इसके बाद पीएम मोदी ने एक किस्सा सुनाते हुए कहा, 'अभी मेरे जन्मदिन पर 17 सितंबर को एक नेता ने फोन किया और कहा कि आपके 75 साल हो गए, तो मैंने उसे कहा कि 25 अभी बाकी हैं। मैं बीते हुए को नहीं, बल्कि बचे हुए को गिनता हूं।'



**जो बीता उसकी गिनती में समय बर्बाद न करें : पीएम मोदी**

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने छात्रों को विशेष मंत्र देते हुए कहा कि जो बीता है, उसकी गिनती में समय बर्बाद न करें, बल्कि जो बचा है, उसको जीने के लिए सोचिए।

**सवालों को छोड़ना क्या सही?**

छात्रा ने प्रधानमंत्री मोदी से सवाल किया कि बोर्ड एग्जाम या फिर कोई स्कूल की परीक्षा की तैयारी करते समय पिछले कुछ सालों के प्रश्न देखते हैं और खुद तय कर लेते हैं कि कौन-सा टॉपिक ज्यादा सही रहेगा और कौन-सा जरूरी है। कई बार हम कुछ सवालों को छोड़ देते हैं, तो क्या ऐसा करना सही है?

**सिलेबस से बाहर नहीं आता पेपर: पीएम मोदी**

पीएम मोदी ने जवाब दिया कि पेपर कभी सिलेबस से बाहर का नहीं आता, लेकिन अक्सर कहा जाता है कि पेपर बहुत भारी था और बच्चों को तकलीफ हुई। यह भारी इसलिए लगता है कि पिछले 10 साल के पैटर्न के ही कुछ सवालों पर ध्यान दिया गया। उन्होंने कहा, 'श्योर सजेशन्स बुक, महत्वपूर्ण प्रश्न बुक और 10-साल का प्रश्न बैंक आते हैं, लेकिन यह बीमारी है। इस बीमारी को फैलाने का काम कुछ शिक्षक भी करते हैं। उनको लगता है कि उनके स्कूल या क्लास का रिजल्ट अच्छा हो। इसलिए वे वही पढ़ाते हैं, जिससे नंबर अच्छे आएं।' प्रधानमंत्री ने कहा कि अच्छे शिक्षक हमेशा पूजा सिलेबस पढ़ाते हैं। उसी पर मेहनत कराते हैं और उसका महत्व समझाते हैं।

# तेलंगाना के विधानसभा स्पीकर को कोर्ट की फटकार

नई दिल्ली, 6 फरवरी (एजेंसियां)। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस एजी मसील की बेंच ने सुनवाई की।

बेंच ने विधायकों की ओर से दायर अवमानना याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। विधानसभा अध्यक्ष की ओर से वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी पेश हुए। जस्टिस करोल ने सिंघवी से कहा, हम आपसे अनुरोध करते हैं कि आप इसकी रील न बनाएं। यही हो रहा है। ऐसा मत कीजिए। असल में यह एक नया उद्योग है।




सिंघवी ने कहा कि एक (अयोग्यता याचिका पर) मामले में फैसला लिया गया है, जबकि विधानसभा अध्यक्ष के दो अन्य मामलों में फैसला लेने के करीब हैं। वरिष्ठ वकील सिंघवी ने देरी का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य में निगम चुनाव हैं। उन्होंने सभी लंबित अयोग्यता याचिकाओं पर फैसला लेने के लिए समय मांगा। इस पर भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायकों के वकील ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष ने पहले भी समय मांगा था और इस संबंध में अब तक उनकी ओर से केवल एक ही बैठक की गई है। जस्टिस करोल ने कहा कि पिछली सुनवाई में अध्यक्ष ने तीन हफ्ते का समय मांगा था। लेकिन कोर्ट ने उन्हें दो हफ्ते का समय दिया था, ताकि वे स्थिति को देख सकें। जज ने कहा, हम विधानसभा अध्यक्ष से सकारात्मक फैसले की अपेक्षा करते हैं, अन्यथा हम अवमानना की कार्रवाई करेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने आज 2019 के उस

### 2019 के अवमानना मामले में वकील की याचिका खारिज

फैसले को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उसकी समकक्ष बेंच ने एक वकील को कोर्ट की अवमानना का दोषी ठहराया था। कोर्ट ने कहा कि यह याचिका विचार करने योग्य नहीं है। चीफ जस्टिस सूर्य कांत और जस्टिस जॉयमाल्या की बेंच ने याचिकाकर्ता और स्वयं पेश हुए वकील मैथ्यूज जे. नेदुम्पारा से पूछा कि किस कानूनी प्रावधान के तहत समान बेंच के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई की जा सकती है। बेंच ने यह भी पूछा कि किस आधार पर यह याचिका सुनवाई योग्य है। नेदुम्पारा ने कहा कि कोर्ट का कर्तव्य है कि वह किसी भी गलत फैसले में सुधार करे।

## बड़ा हादसा : बरातियों से भरी बस गहरी खाई में गिरी, 13 लोगों की मौत

पिथौरागढ़, 6 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय सीमा से लगे नेपाल बैतडी में बैतडी से बजांग जा रही बरात की बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में 13 बरातियों की मौत हो गई, जबकि 34 घायल हो गए। इनमें से कुछ घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

रात्रि बैतडी के पुरचुंणी नगरपालिका सात भवने गांव से दुल्हन लेकर बजांग के सुनकुडा जा रही बस पुरचूंणी के बड़गांव मोड से अनियंत्रित होकर 150 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। जिला प्रहरी कार्यालय बैतडी के प्रहरी प्रवक्ता प्रहरी निरिक्षक बलदेव बडू ने बताया कि रात्रि के समय नेपाल एपीएफ, प्रहरी एवं स्थानीय जनता द्वारा यात्रियों का रेस्क्यू किया गया। जिला प्रहरी कार्यालय बैतडी के प्रहरी प्रवक्ता प्रहरी निरिक्षक बलदेव बडू ने बताया कि बस दुर्घटना में छह बरातियों की घटना स्थल में ही मौत हो गई।

# 'असली कातिल सड़क नहीं, गैरजिम्मेदार सत्ता है'

## > राहुल गांधी ने दिल्ली सरकार पर साधा निशाना

नई दिल्ली, 6 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली के जनकपुरी में एक गड्ढे में गिरने से एक निजी बैंक में कार्यरत युवक कमल की मौत हो गई है। यह गड्ढे जल बोर्ड द्वारा खोदे गए थे। अब इस मामले पर लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष की प्रतिक्रिया सामने आई है।

उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान में फैली लालच और लापरवाही की महामारी आज फिर एक युवा की जान ले गई। राहुला गांधी ने एक्स पोस्ट में लिखा, "हिंदुस्तान में फैली लालच और लापरवाही की महामारी आज फिर एक युवा की जान ले गई। एक बेटा, एक सपना, मां-बाप की पूरी दुनिया सब कुछ एक झटके में उजाड़ दिया गया। यह हादसा नहीं, हत्या है, और हत्यारी है जवाबदेही से भागती सत्ता। असली कातिल सड़क नहीं, गैरजिम्मेदार सत्ता है। क्योंकि यहां न इस्तीफा होता है, न सजा मिलती है, न किसी की अंतरात्मा जागती है। इंदौर का जहरीला पानी, नोएडा में युवराज की जान लेने वाली सड़क, गिरते पुल, टकराती ट्रेनें, दम घोंटता प्रदूषण... कोई जवाबदेही नहीं है, और जब तक जवाबदेही नहीं होगी, तब तक कोई न कोई लालच की महामारी का अगला शिकार बनता रहेगा। कमल गुरुवार की रात करीब 10 बजे बाइक से घर लौट रहा था। वह रोहिणी स्थित एक निजी बैंक की ब्रांच में कार्यरत था।



## ममता राज में मदरसों का बजट 12 गुना बढ़ा

### > भाजपा ने पूछा-डर कर दिया, या वोटों के लिए?

कोलकाता, 6 फरवरी (एजेंसियां)। ममता बनर्जी सरकार ने पश्चिम बंगाल में मदरसा शिक्षा के लिए 5713 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया है। टीएमसी के पश्चिम बंगाल में सत्ता में आने के समय यह बजट करीब 472 करोड़ रुपये था जो अब लगभग 12 गुना बढ़ चुका है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि ममता सरकार चुनाव में अल्पसंख्यक वोटों के लिए मुस्लिमों का तुष्टिकरण कर रही है। पार्टी ने पूछा है कि ममता को बताना चाहिए कि मदरसों के बजट में इतना भारी वृद्धि किस कारण की गई है। भाजपा सांसद सुधांशु ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी सरकार मदरसा शिक्षकों के नाम पर मस्जिद में अजान देने वाले मुअज्जिनों का वेतन बढ़ाकर मुसलमानों का समर्थन हासिल करना चाहती है। यदि मुसलमान बच्चों की शिक्षा को बेहतर करने के लिए बजटीय प्रावधान किया गया होता तो इसका स्वागत किया जाता, लेकिन सरकार ने बच्चों की शिक्षा की बजाय केवल मुस्लिम समुदाय के तुष्टिकरण पर खर्च किया गया है।

# 'घी बनाने में हुआ बाथरूम क्लीनर का इस्तेमाल'

## > तिरुपति लड्डू में मिलावट पर सीएम नायडू का दावा



अमरावती, 6 फरवरी (एजेंसियां)। तिरुपति लड्डू को लेकर जारी विवाद में लगातार नए खुलासे हो रहे हैं। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को तिरुपति लड्डू में मिलावट को लेकर बड़ा दावा किया है।

उन्होंने कहा कि वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) की पिछली सरकार के कार्यकाल में तिरुपति लड्डू बनाने के लिए उपयोग किया गया घी शौचालय को साफ करने में इस्तेमाल होने वाले रसायन से बना था।

**घी में बाथरूम साफ करने के लिए इस्तेमाल होने वाला रसायन**

कुरनूल जिले के कलुगोटला गांव में एक सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि पिछली सरकार ने मिलावटी प्रसाद के माध्यम से भगवान वेंकटेश्वर स्वामी की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का प्रयास किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि वाईएसआरसीपी शासन के दौरान श्रीशैलमर को आपूर्ति किए गए घी में भी मिलावट की गई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पांच साल तक वाईएसआरसीपी की पिछली सरकार के दौरान शौचालय साफ करने में इस्तेमाल होने वाले रसायनों से बने घी का इस्तेमाल लड्डूओं को बनाने में किया गया। नायडू ने कहा कि रसायनों से युक्त मिलावटी घी का इस्तेमाल पांच साल तक लड्डू बनाने में किया गया। उन्होंने कहा कि दो प्रकार के रसायन होते हैं, जिनमें से कुछ वनस्पति मूल के होते हैं, जो महंगे होते हैं। उन्होंने बताया कि पशु वसा की कीमत कम होती है उन्होंने कहा कि वाईएसआरसीपी नेता और पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी दावा कर रहे हैं कि केंद्रीय जांच ब्यूरो और विशेष जांच दल ने उन्हें क्लीन चिट दे दी है, लेकिन उनके अपने चाचा वाईवी सुब्बा रेड्डी ने स्वीकार किया है कि प्रसाद में मिलावट हुई थी।

## नई सरकार में कुकी-जो-हमार विधायकों की भागीदारी के खिलाफ प्रदर्शन

**तीन जिलों में निकाली गई रैलियां**

इंफाल/चुराचांदपुर, 6 फरवरी (एजेंसियां)। मणिपुर के तीन पहाड़ी जिलों में शुक्रवार को हजारों लोगों ने रैलियां निकाली। इन लोगों ने राज्य में बनी नई सरकार में कुकी-जो-हमार समुदाय के विधायकों की भागीदारी का विरोध किया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि इन विधायकों ने अपने समुदाय के साथ विश्वासघात किया है। चुराचांदपुर में कुकी विधायक नेमचा किपगेन का पुतला जलाया गया। नेमचा किपगेन नई सरकार में उपमुख्यमंत्री बनी हैं। इसके अलावा, दो अन्य विधायकों एलएम खौते और एन सानाते के भी पुतले जलाए गए। ये दोनों जो और हमार समुदाय से आते हैं। तीनों सत्तारूढ़ भाजपा के विधायक हैं।

# 'सिर्फ सवाल पूछने के लिए नहीं कर सकते गिरफ्तार'

## > सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस को दी कड़ी नसीहत

नई दिल्ली, 6 फरवरी (एजेंसियां)। पुलिस की गिरफ्तारी की शक्तियों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा है कि किसी व्यक्ति को सिर्फ सवाल पूछने के लिए गिरफ्तार नहीं किया जा सकता। गिरफ्तारी पुलिस अधिकारी का एक कानूनी अधिकार है, लेकिन इसे अनिवार्य नहीं कहा जा सकता। यह फैसला नए कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 के प्रावधानों के संबंध में आया है।

जस्टिस एम एम सुंदरेश और जस्टिस एन के सिंह की बेंच ने कहा कि पुलिस अधिकारी को गिरफ्तारी की शक्ति का इस्तेमाल बहुत सोच-समझकर करना चाहिए। गिरफ्तारी तभी की जानी चाहिए जब यह जांच के लिए बेहद जरूरी हो, न कि पुलिस अधिकारी की सुविधा के लिए। पुलिस को खुद से




यह सवाल पूछना चाहिए कि क्या गिरफ्तारी के बिना जांच आगे नहीं बढ़ सकती।

**सात साल तक की सजा वाले मामलों में नियम**

कोर्ट ने आगे कहा कि सात साल तक की सजा वाले अपराधों में यह नियम और भी सख्ती से लागू होता है। पुलिस अधिकारी को यह सुनिश्चित करना होगा कि संबंधित व्यक्ति को हिरासत में लिए बिना जांच प्रभावी ढंग से आगे नहीं बढ़ सकती। इसके विपरीत कोई भी व्याख्या बीएनएसएस, 2023 की धारा 35(1)(बी) और धारा 35(3) से 35(6) के उद्देश्य को विफल कर देगी। यह बेंच इलाहाबाद हाई कोर्ट के एक आदेश के खिलाफ अपील पर सुनवाई कर रही थी। इसमें यह सवाल तय किया जाना था कि क्या सात साल तक की सजा वाले सभी मामलों में बीएनएसएस, 2023 की धारा 35(3) के तहत नोटिस जारी करना अनिवार्य है।

**गिरफ्तारी अपवाद है, सामान्य नियम नहीं**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गिरफ्तारी की शक्ति का इस्तेमाल सामान्य प्रक्रिया के तौर पर नहीं किया जाना चाहिए। यह एक अपवाद है और पुलिस अधिकारी से उम्मीद की जाती है कि वे इस शक्ति का प्रयोग करते समय धीमे और सतर्क रहें। कोर्ट ने कहा, एक पुलिस अधिकारी द्वारा की गई गिरफ्तारी केवल एक कानूनी अधिकार है, जो उसे सबूत इकट्ठा करने जैसी उचित जांच करने में मदद करता है, इसलिए इसे अनिवार्य नहीं कहा जाएगा। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि पुलिस अधिकारी को गिरफ्तारी करने से पहले खुद से पूछना होगा कि यह जरूरी है या नहीं।

# 'सदन का 19 घंटे 13 मिनट का समय बर्बाद हो चुका'

## > स्पीकर ओम बिरला ने विपक्ष पर जताई नाराजगी

नई दिल्ली, 6 फरवरी (एजेंसियां)। संसद के बजट सत्र में भारी गतिरोध जारी है। लोकसभा में आज शुक्रवार (06 फरवरी) को भी जोरदार हंगामा देखने को मिला। जिस पर स्पीकर ओम बिरला ने नारेबाजी और सदन में व्यवधान करने को लेकर कड़ी नाराजगी जताई।

**स्पीकर ने गिनाया कितना समय हुआ बर्बाद**

ओम बिरला ने कहा, उन्होंने प्रश्नकाल की शुरुआत के समय कहा, मेरा प्रयास होता है कि सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चले। प्रश्नकाल सभी माननीय सदस्यों का समय होता है।

आज राजपाल जी और प्रियंका गांधी समेत अन्य सदस्यों के प्रश्न हैं। आप नियोजित तरीके से सदन नहीं चलाना चाहते। गतिरोध पैदा करना चाहते हैं। अभी तक 19 घंटे 13 मिनट सदन का समय बर्बाद हो चुका है।




**ओम बिरला ने जताई नाराजगी**

उन्होंने विपक्ष के व्यवहार पर नाराजगी जताते हुए कहा कि 140 करोड़ जनता की अपेक्षा रहती है कि सदन चले, चर्चा और संवाद हो। लेकिन आप सभागृह की मर्यादाओं को समाप्त कर रहे हैं। देश की जनता ने पोस्टर और नारेबाजी के लिए आपको संसद में नहीं भेजा है। आपको चर्चा के लिए भेजा गया है। आप नियोजित तरीके से गतिरोध पैदा करना चाहते हैं। ऐसा सदन मैं नहीं चला सकता।

**केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने विपक्ष को घेरा**

वहीं संसद में जारी हंगामे पर केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने कहा कि हम सब देख रहे हैं। स्पीकर बार-बार बोल रहे हैं कि आपको (विपक्ष को) बोलने का मौका दिया जाएगा, लेकिन वो कुछ नहीं सुन रहे हैं। ये संसद को गुमराह कर रहे हैं। संसद को चलने देना चाहिए। भाजपा सासंद पीपी चौधरी ने कहा, 'इस सत्र में कांग्रेस ने सदन को बाधित किया, उनके पास कोई तथ्य नहीं हैं, कोई विचारधारा नहीं है। देश के नागरिकों ने उनको चुनकर भेजा है और उन्हें यहां आकर उनकी समस्याओं की चर्चा करनी चाहिए और सरकार से सवाल करने चाहिए। आम आदमी को उससे राहत मिलती। कांग्रेस का रचनात्मक दृष्टिकोण होना चाहिए, लेकिन उनका इसके उलट विनाशकारी दृष्टिकोण है।'

**नारेबाजी के बाद लोकसभा सोमवार तक स्थगित**

शुक्रवार को लोकसभा में जमकर हंगामा और नारेबाजी देखने को मिली। सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होते ही गतिरोध में बदल गई। पहली बार सदन सिर्फ तीन मिनट और फिर दूसरी बार सात मिनट तक चला। इसके बाद लोकसभा की कार्यवाही 9 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी गई।

## कर्नाटक में फेक न्यूज पर रोक के लिए 67 करोड़ के एआई टूल को सरकार ने मंजूरी दी

बेंगलूरु, 6 फरवरी (एजेंसियां)। कर्नाटक सरकार ने सोशल मीडिया पर फेक न्यूज और भ्रामक कंटेंट पर रोक लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित सोशल मीडिया एनालिटिक्स सॉल्यूशन (एसएमएएस) लागू करने को मंजूरी दी है।

इसकी लागत 67.20 करोड़ रुपए है। यह फैसला कर्नाटक सराकर की कैबिनेट बैठक में लिया गया।

यह सिस्टम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, वेबसाइट और अन्य डिजिटल माध्यमों की रियल-टाइम निगरानी करेगा। इसके जरिए फेक न्यूज, हेट स्पीच, ऑनलाइन गाली-गलौज, साइबर खतरों और भड़काऊ कंटेंट की पहचान की जाएगी।

# पाकिस्तानी शिया मस्जिद में जुमे की नमाज के दौरान ब्लास्ट

## आत्मघाती हमले में 31 लोगों की मौत, 169 घायल

इस्लामाबाद, 6 फरवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में जुमे की नमाज के दौरान शिया मस्जिद (इमामबाड़ा) में आत्मघाती हमला हुआ। पाकिस्तानी अखबार डॉन के मुताबिक, हमले में 31 लोगों की मौत हो गई है और 169 घायल हुए हैं। पुलिस और रेस्क्यू टीम घटनास्थल पर पहुंच चुकी है और राहत का काम शुरू कर दिया है। अस्पतालों को अलर्ट पर रखा गया और घायलों को वहां पहुंचाया जा रहा है। इस्लामाबाद के पुलिस चीफ ने पूरे शहर में इमरजेंसी घोषित कर दी है। अधिकारियों को आशंका है कि हताहतों की संख्या बढ़ सकती है।




**राष्ट्रपति बोले-ये हमला इंसानियत के खिलाफ**

पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने धमाके में मारे गए लोगों के लिए शोक जताया है। उन्होंने कहा कि बेगुनाह लोगों को निशाना बनाना इंसानियत के खिलाफ है। जरदारी ने घायलों के जल्द ठीक होने की दुआ की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि घायलों को हर संभव बेहतर इलाज की सुविधा दी जाए। पार्लियामेंट्री अफेयर्स के मंत्री डॉ. तारिक फजल चौधरी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि इस्लामाबाद में हुए धमाके की मैं कड़ी निंदा करता हूं। इस हमले में मारे गए लोगों के लिए दुखी हूं। ऐसी आतंकी घटनाएं देश और लोगों का हौसला नहीं तोड़ सकती।

जरूरत है कि हम सब मिलकर शांति के लिए एकजुट हों और कानून व्यवस्था संभालने वाली एजेंसियों के साथ मजबूती से खड़े रहें।

### बिजली की तार से बस में लगी भयानक आग, बाल-बाल बच गई 30 यात्री

बेंगलुरु, 6 फरवरी (एजेंसियां)। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में गुरुवार-शुक्रवार को तड़के एक डरा देने वाली घटना देखने को मिली है। बेंगलुरु रूरल इलाके में नेलमंगला के पास यात्रियों से भरी एक प्राइवेट बस में भीषण आग लग गई। हालांकि, राहत की बात ये रही कि इस हादसे में सभी 30 पैसेंजर की जान बाल-बाल बच गई है। यात्रियों के सामान आदि जलकर राख हो गए हैं। गुरुवार और शुक्रवार की दरमियानी रात बेंगलुरु से कलबुर्गी जा रही एक प्राइवेट बस में बेंगलुरु रूरल जिले के नेलमंगला तालुक में हनुमंतपुरा गेट के पास आग लग गई, जिससे एक बड़ा हादसा बाल-बाल टल गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह घटना आधी रात के बाद करीब 1:30 बजे हुई, जब ड्राइवर ने गाड़ी पर से कंट्रोल खो दिया, जिससे वह सड़क से उतरकर सड़क किनारे नाले में झुक गई। जब बस झुकी हुई हालत में थी तब बस कथित तौर पर ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइन के संपर्क में आ गई, जिससे इसमें भीषण आग लग गई।

# चुनाव से पहले ममता बनर्जी का बड़ा ऐलान

## लक्ष्मी भंडार योजना की राशि 500 बढ़ाई, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के वेतन में भी इजाफा



**कोलकाता, 6 फरवरी (एजेंसियां)।**

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले ममता बनर्जी की अगुआई वाली पश्चिम बंगाल सरकार ने लक्ष्मी भंडार योजना में 500 रुपये की मासिक वृद्धि की घोषणा की। इसके साथ ही गिग वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान करने के लिए एक नए पोर्टल का प्रस्ताव रखा। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री बनर्जी ने कहा, "हम सौ दिन रोजगार योजना, आवास योजना जैसी कई योजनाओं में नंबर एक पर हैं। लेकिन केंद्र सरकार ने इन योजनाओं के लिए धन देना बंद कर दिया। हम यह बजट जनता के लिए पेश कर रहे हैं, चुनाव के लिए नहीं। हमने अपना वादा निभाया है। इसलिए, हमने इस फरवरी से लक्ष्मी भंडार में 500 रुपये की वृद्धि की घोषणा की है। गिग वर्कर्स के लिए, हम एक पोर्टल बनाएंगे जहां वे लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदन कर सकेंगे।"

**वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने लक्ष्मी भंडार योजना के तहत वित्तीय सहायता में 500 रुपये की वृद्धि की घोषणा की है।**

### टीएमसी ने बंगाल के बजट के बारे में बताया

एक्स पर एक पोस्ट में अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस ने लिखा, बड़ी घोषणा! वित्त वर्ष 2026-27 के लिए अपने बजट वक्तव्य में, हमारी वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने लक्ष्मी भंडार योजना के तहत वित्तीय सहायता में 500 रुपये की वृद्धि की घोषणा की है। ममता के नेतृत्व में, हम महिलाओं को गरिमापूर्ण और स्वतंत्र जीवन जीने के लिए सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पश्चिम बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने वित्त वर्ष 2026-27 के अंतरिम राज्य बजट की प्रमुख विशेषताओं के बारे में बताया। इसमें सभी क्षेत्रों में कल्याणकारी उपायों को बढ़ाने पर जोर दिया गया।

**ग्राम पुलिस और हरित पुलिस कर्मियों के मासिक वेतन में अप्रैल 2026 से 1,000 रुपये की वृद्धि होगी।**

### आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की सैलरी भी बढ़ेगी

लक्ष्मी भंडार योजना के तहत, महिला लाभार्थियों को अब फरवरी 2026 से प्रति माह अतिरिक्त 500 रुपये प्राप्त होंगे। मुख्यमंत्री बनर्जी ने अस्थायी और अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं के लिए भी अतिरिक्त लाभों की घोषणा की। कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी सहायकों, आशा कार्यकर्ताओं, साथ ही नागरिक स्वयंसेवकों, ग्राम पुलिस और हरित पुलिस कर्मियों के मासिक वेतन में अप्रैल 2026 से 1,000 रुपये की वृद्धि होगी। इसके अतिरिक्त, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और आंगनवाड़ी सहायकों को 60 वर्ष की आयु से पहले मृत्यु होने की स्थिति में 5 लाख रुपये का एकमुश्त मुआवजा मिलेगा।

**अन्य वर्ग की महिलाओं को हर महीने 1000 और एससी/एसटी वर्ग की महिलाओं को 1200 रुपये मिलते थे। अब सामान्य वर्ग को 1500 और एससी-एसटी महिलाओं को 1700 रुपये मिलेंगे।**

### क्या है लक्ष्मी भंडार योजना?

यह योजना फरवरी 2021 में ममता बनर्जी सरकार द्वारा लॉन्च की गई। इसका उद्देश्य राज्य की आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को मासिक वित्तीय सहायता देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना, उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति सुधारना और वित्तीय स्वतंत्रता प्रदान करना है। पश्चिम बंगाल की स्थायी निवासी महिलाएं, जिनकी उम्र 25 से 60 साल के बीच है और वह आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से हैं। वह इस योजना का लाभ ले सकती हैं। लगभग 2.42 करोड़ महिलाओं को इसका लाभ मिल रहा है। योजना की शुरुआत में सामान्य/अन्य वर्ग की महिलाओं को हर महीने 1000 और एससी/एसटी वर्ग की महिलाओं को 1200 रुपये मिलते थे। अब सामान्य वर्ग को 1500 और एससी-एसटी महिलाओं को 1700 रुपये मिलेंगे।



वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य

**साल 2023 चुनाव से पहले लाडली बहन योजना शुरू की गई और 2018 में हारने वाली बीजेपी भारी बहुमत के साथ सत्ता में आई।**

### छह चुनावों में सफल रहा यह फॉर्मूला

विधानसभा चुनाव से पहले महिलाओं को लुभाने वाली योजनाएं जीत की गारंटी देती हैं। पिछले दो साल में 6 चुनाव इसका प्रमाण देते हैं। मध्य प्रदेश में साल 2023 चुनाव से पहले लाडली बहन योजना शुरू की गई और 2018 में हारने वाली बीजेपी भारी बहुमत के साथ सत्ता में आई। इसके बाद महाराष्ट्र में लाडकी बहीण योजना, छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना, बिहार में महिला रोजगार योजना और ओडिशा में सुभद्रा योजना ने बीजेपी को जीत दिलाई। इन सभी योजनाओं में आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं के बैंक खाते में सीधे पैसे भेजे जाते हैं। वहीं, 2024 में झारखंड में जेएमएम ने हर महीने पैसे देने वाली योजना शुरू कर बड़े अंतर से जीत हासिल की थी।

## कौन हैं अंजू कृष्णा? ड्रग्स के साथ पकड़ी गई ग्लैमरस हसीना, हिरासत में 7 और लोग



चेन्नई, 6 फरवरी (एजेंसियां)। तमिल और मलयालम फिल्म इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री अंजू कृष्णा को हाल ही में चेन्नई में गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से ड्रग्स बरामद किए गए हैं। इस गिरफ्तारी की खबर से फिल्म जगत में हलचल मच गई है। रिपोर्ट्स के अनुसार एंटी-नारकोटिक्स इंटेलिजेंस यूनिट (एएनआईयू) की साउथ टीम ने वलसरवक्कम इलाके में छापेमारी की।

इस दौरान अंजू कृष्णा समेत अन्य लोगों को हिरासत में लिया गया। टीम ने मेथामफेटामाइन और गांजा जैसे प्रतिबंधित पदार्थ जब्त किए गए हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों में अंजू कृष्णा, असिस्टेंट डायरेक्टर विंसी निवेधा, कार्तिक राजा, यशवंत, श्रीराम, अल्विबिनशा और वेंकटेश कुमार शामिल हैं। पुलिस के अनुसार रेड के दौरान छह ग्राम मेथामफेटामाइन, सात ग्राम ओजी गांजा, 15 ग्राम भांग, एक एलएसडी स्टैम्प और नौ मोबाइल फोन जब्त किए गए।

## नक्सलियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ में 3 नक्सली ढेर, एके-47 और एसएलआर हथियार भी बरामद



मुंबई, 6 फरवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में नक्सलियों के साथ पुलिस की टीम की मुठभेड़ हुई है। जिले के भामरागढ़ तहसील अंतर्गत आने वाले तथा गडचिरोली नारायणपुर सीमा पर बसे फोदेवाडा जंगल परिसर में कल मुठभेड़ हुई। सुरक्षा बलों ने 3 नक्सलियों को मार गिराया है, मुठभेड़ में जिला पुलिस दल के दो जवान भी घायल हो गए हैं। आज सुबह इन इलाकों की तलाशी ली गई तो इस इलाके से 2 और नक्सलियों के शव, 1 पुरुष और 1 महिला की मिली है, अब तक कुल 3 नक्सलवादियों का शव मिला है। साथ ही 1 एके-47 और 2 एसएलआर भी मिला है।

तीनों मारे गए नक्सलियों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। घायल C60 के जवानों को नजदीकी अस्पताल अस्पताल में इलाज के लिए एयरलिफ्ट करके पहुंचाया गया है। अधिकारी ने बताया कि मंगलवार शाम को प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) की कंपनी नंबर 10 के उग्रवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिलने के बाद भामरागड के एसडीपीओ के नेतृत्व में 14 सी-60 यूनिटों के साथ गढ़चिरौली-नारायणपुर सीमा पर फोडेवाड़ा गांव के पास यह अभियान शुरू किया गया।

उन्होंने कहा, 'बुधवार को हुई मुठभेड़ के परिणामस्वरूप दो नक्सली शिविरों का भंडाफोड़ हुआ था। इस दौरान नक्सलियों का सामान बरामद हुआ था। मारे गए नक्सली की पहचान अभी नहीं हो पाई है। अन्य माओवादियों के घायल होने या मारे जाने की संभावना का पता लगाया जा रहा है।

## अजित पवार वाला देवगिरि बंगला अब सुनेत्रा पवार को मिला

मुंबई, 6 फरवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार को मालाबार हिल स्थित 'देवगिरि' बंगला उपमुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास के रूप में आवंटित किया गया है। इस संबंध में महाराष्ट्र सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आधिकारिक आदेश जारी कर दिया गया है। इससे पहले, दिवंगत अजित पवार ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के रूप में अपने आधिकारिक कार्यकाल के दौरान लंबे समय तक इसी बंगले में निवास किया था। सुनेत्रा पवार लंबे समय से इसी बंगले में रह रही हैं, लेकिन पहले यह अजित पवार को आवंटित था। अब आधिकारिक तौर पर सुनेत्रा पवार को आवंटित कर दिया गया है। महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार को मंगलवार को बीड और पुणे जिलों के संरक्षण मंत्री का प्रभार सौंपा गया। यह पद पहले उनके पति अजीत पवार के पास था।

पिछले सप्ताह पुणे जिले के बारामती में विमान दुर्घटना में अजीत पवार के निधन के बाद सुनेत्रा पवार ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है। अजीत पवार के पास वित्त, राज्य उत्पाद शुल्क, खेल और अल्पसंख्यक कल्याण विभागों का प्रभार था। उन्होंने पुणे और बीड के प्रभारी मंत्री के रूप में भी कार्य किया। सूत्रों के अनुसार, सुनेत्रा पवार को दोनों जिलों का प्रभारी मंत्री नियुक्त किया गया है। उन्हें पहले ही आबकारी, खेल और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग सौंप दिए गए हैं, जबकि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस वित्त मंत्रालय का कार्यभार संभालेंगे।

## उत्तराखंड में आया भूकंप 4.5 की तीव्रता

देहरादून, 6 फरवरी (एजेंसियां)। पहाड़ी राज्य उत्तराखंड में भी शुक्रवार को सुबह-सुबह भूकंप के झटके लगे हैं। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र की ओर से बताया गया है कि इस भूकंप का केंद्र उत्तराखंड के बागेश्वर में 10 किलोमीटर की गहराई में था। ये भूकंप सुबह 7 बजकर 48 मिनट पर आया और इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.4 मापी गई है।

**सिक्किम में भी आया झटका**

शुक्रवार को पूर्वोत्तर भारत के राज्य सिक्किम में भी कई बार भूकंप के



झटके महसूस किए गए है। आधी रात को सिक्किम के ग्यालशिंग में 4.5 की तीव्रता का भूकंप आया। इसके बाद राज्य के कई इलाकों में करीब 10 से भी ज्यादा बार भूकंप के झटके महसूस किए गए।

### लोकल में महिला से अश्लील हरकत, दादर-मुलुंड के बीच वारदात; आरोपी की तलाश तेज

मुंबई, 6 फरवरी (एजेंसियां)। मुंबई की लाइफलाइन मानी जाने वाली लोकल ट्रेन में एक बार फिर महिला सुरक्षा पर सवाल खड़े करने वाली घटना सामने आई है। लोकल में सफर कर रही एक महिला के साथ कथित छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया गया है। दादर से मुलुंड के बीच यात्रा के दौरान एक बुजुर्ग व्यक्ति द्वारा महिला की तरफ अशोभनीय इशारे किए जाने का आरोप है। पीड़िता की शिकायत के आधार पर रेलवे पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पत्नी को कोई भगा ले गया, दुखी पति ने फेसबुक पर लाइव आकर की आत्महत्या

पुणे, 6 फरवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के पुणे में एक व्यक्ति ने फेसबुक पर लाइव आकर आत्महत्या कर ली। मृतक मूल रूप से मध्य प्रदेश के जबलपुर का रहने वाला था। वह पुणे में रहकर अपना जीवनयापन करता था। मृतक की पत्नी लापता हो गई थी और उसकी तलाश में पुलिस मदद नहीं कर रही थी। इसी वजह से उसने फेसबुक पर लाइव आकर आत्महत्या कर ली। घटना भोसरी इलाके में हुई। यहां युवक ने फेसबुक लाइव आकर आत्महत्या कर ली। स्थानीय लोगों ने बचाने की कोशिश की, लेकिन उसके पहले ही उसने बिल्डिंग से छलांग लगा दी। दर्दनाक घटना शाम को धावड़े वस्ती क्षेत्र में हुई। मृतक की पहचान केशरी प्रसाद साहू के रूप में हुई है, जो भोसरी का रहने वाला था और मूल रूप से जबलपुर, मध्य प्रदेश का रहने वाला था। पुलिस के अनुसार, साहू दोपहर इमारत पर चढ़ गया था और कूदने की तैयारी करता दिखाई दिया, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

## रेलवे स्टेशन के शौचालय में जाकर महिला ने काट ली हाथ की नस

मुंबई, 6 फरवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। भायखला रेलवे स्टेशन स्थित महिला शौचालय में दोपहर एक कॉलेज छात्रा ने आत्महत्या का प्रयास किया है। महिला रेलवे स्टेशन के शौचालय पर हाथ की नस काट ली। इसके चलते काफी खून निकला और वह बेहोश होकर वहीं गिर गई। बाहर से लोग शौचालय का दरवाजा खटखाते रहे। बताया जा रहा है कि मानसिक तनाव से गुजर रही छात्रा ने शौचालय के अंदर अपने हाथ की नस काटकर जान देने की कोशिश की थी। काफी देर तक बाहर नहीं आने और अंदर से कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर एक महिला ने पुलिस को मामले की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर छात्रा को बाहर निकाला और तुरंत सेंट जॉर्ज अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों के अनुसार उसकी हालत फिलहाल स्थिर है। रेलवे पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पत्नी और तीन बच्चों को अपने साथ कार में किया बंद, पेट्रोल छिड़कर लगा ली आग

वायनाड, 6 फरवरी (एजेंसियां)। केरल के वायनाड जिले से एक बेहद सनसनीख़ेज़ और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां कार में आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी और तीन बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए हैं। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि कार के मालिक सजीर ने कथित तौर पर खुद ही कार में पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। उस वक्त कार के अंदर उसकी पत्नी और तीन बच्चे भी मौजूद थे। यह घटना मानंदवाड़ी के एरुमाथेरू इलाके की बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार यह मामला सुसाइड पैक्ट का प्रतीत हो रहा है। आग लगने से कार के मालिक सजीर की मौके पर ही झुलसकर मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी 50 प्रतिशत से ज्यादा जल गई है। तीनों बच्चे भी गंभीर रूप से झुलसे हुए हैं, जिनका इलाज जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में चल रहा है। जानकारी के मुताबिक पुलिस को सजीर का एक वीडियो भी मिला है, जिसे उसने कथित तौर पर इस वारदात से पहले रिकॉर्ड किया था। वीडियो में सजीर ने अपनी आर्थिक तंगी का ज़िक्र किया है

## सुबह- सुबह ईडी का बड़ा एक्शन, 2.20 करोड बरामद

इटानगर 6 फरवरी (एजेंसियां)। अरुणाचल प्रदेश में ट्रांस-अरुणाचल हाईवे परियोजना से जुड़े बड़े मुआवजा घोटाले पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार सुबह बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी। मनी लॉन्ड्रिंग (पीएमएलए) के तहत कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी जारी है।

यह पूरा मामला हाईवे निर्माण के लिए जमीन अधिग्रहण के दौरान फर्जी और बढ़ा-चढ़ाकर मुआवजा दिलाने, फर्जी लाभार्थियों के नाम पर भुगतान कराने और अधिकारियों-निजी लोगों की मिलीभगत से जुड़ा है। ट्रांस-अरुणाचल हाईवे की कुल लंबाई 157.70 किलोमीटर है, जिसे याचुली, ज़ीरो और रागा सेक्टरों में बांटा गया था। जांच में सामने आया कि ज़ीरो के तत्कालीन डिप्टी कमिश्नर ने शुरुआत में 289.40 करोड़ मुआवजा तय किया था। लेकिन राज्य स्तर की बैठक में इसे घटाकर 198.56 करोड़ कर दिया गया। इसके बावजूद मुआवजा देने में भारी गड़बड़ी की गई।

ईडी की जांच में पता चला कि कई फर्जी लाभार्थियों के नाम पर चेक जारी हुए। रकम सीधे सेविंग अकाउंट्स में भेजी गई। सरकारी खजाने को करीब 44 करोड़ का नुकसान पहुंचाया गया। आज की छापेमारी में ईडी को एक फर्जी लाभार्थी के ठिकाने से 2 करोड़ 20 लाख नकद भी बरामद हुए हैं। इनमें से 4 ठिकाने ईटानगर और आसपास, 1 लिखाबाली (डिब्रूगढ़ के पास) और 1 आलो (मेचुका–चीन सीमा के पास) शामिल है।

छापेमारी दुर्गम पहाड़ी इलाकों और संवेदनशील बॉर्डर क्षेत्रों तक फैल गई है। ईडी के मुताबिक याजाली सेक्टर में न होने वाले ढांचों को कागजों में दिखाया गया। फर्जी एसेसमेंट तैयार किए गए। अयोग्य और गैर-मौजूद लाभार्थियों को मुआवजा दिलाया गया। अधिकारियों ने जाने-बूझकर पद का दुरुपयोग किया गया।

ईडी इस घोटाले में बड़ी गिरफ्तारी कर सकती है। चिह्नित बैंक खातों, संपत्तियों और दस्तावेजों की फॉरेंसिक जांच की तैयारी चल रही है। एजेंसी के मुताबिक, घोटाले का आकार अब तक सामने आए आंकड़ों से कई गुना बड़ा हो सकता है।

### भोपाल निगम कमिश्नर पर अवमानना कार्यवाई पर हाईकोर्ट की रोक



जबलपुर, 6 फरवरी (एजेंसियां)। भोपाल नगर निगम कमिश्नर संस्कृति जैन को बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट की डिवीजन बैंच ने सिंगल बैंच के आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें उन्हें कंटेम्प्ट ऑफ कोर्ट का दोषी माना गया था। दरअसल, हाईकोर्ट में जस्टिस विशाल मिश्रा की बैंच ने भोपाल नगर निगम को अवैध निर्माण गिराने के मामले में दोषी ठहराया था। कोर्ट ने कहा कि नगर निगम ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय की गई गाइडलाइन का पालन नहीं किया, जो कानून के राज के खिलाफ माना गया। यह आदेश हाईकोर्ट की जबलपुर खंडपीठ ने मार्लिन बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड बनाम नगर निगम भोपाल मामले में गुरुवार को दिया था। सिंगल बैंच ने आयुक्त संस्कृति जैन को अदालत की अवमानना का दोषी ठहराते हुए 6 फरवरी 2026 को सजा सुनाने के लिए सुनवाई तय की थी। भोपाल नगर निगम ने सिंगल बैंच के आदेश को चुनौती देते हुए डिवीजन बैंच में मामला उठाया। शुक्रवार को हुई सुनवाई में बैंच ने पक्षकारों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा और अगली सुनवाई 18 फरवरी को तय की।

# नहीं थम रहीं मुश्किलों की आंधी!

## अब थलापति विजय पर गिरी एक और गाज, नहीं हटेगा 1.5 करोड़ का जुर्माना

**चैन्नई, 6 फरवरी (एजेंसियां)।**

मद्रास हाई कोर्ट ने शुक्रवार को अभिनेता से नेता बने विजय की याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने इनकम टैक्स डिपार्टमेंट द्वारा लगाए गए 1.5 करोड़ रुपये के जुर्माने को चुनौती दी थी। यह जुर्माना वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए कथित तौर पर 15 करोड़ रुपये की अघोषित आय के सिलसिले में लगाया गया था। सिंगल जज जस्टिस सेंथिलकुमार राममूर्ति ने यह फैसला 23 जनवरी 2026 को सुरक्षित रखने के बाद सुनाया। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि शो कॉज नोटिस इनकम टैक्स एक्ट की धारा 263 के तहत तय समय सीमा के भीतर जारी किया गया था। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि नोटिस जारी करने के तरीके में कोई कमी नहीं पाई गई। इस कारण कोर्ट ने अन्य पहलुओं पर विचार नहीं किया। हालांकि अदालत ने विजय को यह छूट दी कि वह लिमिटेशन को छोड़कर अन्य आधारों पर अपीलेट ट्रिब्यूनल के सामने नोटिस और आदेश को चुनौती दे सकते हैं।

### मामले की पृष्ठभूमि

यह विवाद सितंबर 2015 में विजय के घर पर हुए इनकम टैक्स सर्च से शुरू हुआ। इसके बाद दिसंबर 2017 में एक असेसमेंट ऑर्डर पारित किया गया। इसके बाद दिसंबर 2018 में धारा 271एएबी(1) के तहत पेनल्टी की प्रक्रिया शुरू हुई। विजय ने इस असेसमेंट को इनकम टैक्स कमिश्नर (अपील) के सामने चुनौती दी। कमिश्नर ने आंशिक रूप से उनके मामले को स्वीकार किया। इसके बाद, डिपार्टमेंट ने मामला इनकम टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल (आईटीएटी) में ले गया। आईटीएटी ने आंशिक रूप से विजय के पक्ष में फैसला सुनाया, जिसमें उनके फैन एसोसिएशन से जुड़े कुछ खर्च भी शामिल थे।



### पेनल्टी और सुधार नोटिस

सर्च के दौरान सरेंडर किए गए 15 करोड़ रुपये के संबंध में पेनल्टी की प्रक्रिया जारी रही। जुलाई 2019 में डिपार्टमेंट ने धारा 263 के तहत एक नोटिस जारी कर असेसमेंट में सुधार की मांग की। उनका तर्क था कि पेनल्टी की प्रक्रिया ठीक से शुरू नहीं की गई थी। हालांकि मई 2022 में आईटीएटी ने इस सुधार को रद्द कर दिया। आईटीएटी के अनुसार, जब पेनल्टी की प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी थी तो आगे सुधार की कोई आवश्यकता नहीं थी।

### हाई कोर्ट में मुख्य मुद्दा

जब मामला हाई कोर्ट में आया तो ध्यान मुख्य रूप से एक छोटे लेकिन महत्वपूर्ण मुद्दे पर केंद्रित हुआ। यह सवाल था कि क्या अंतिम पेनल्टी आदेश धारा 275 के तहत निर्धारित समय सीमा के भीतर पारित किया गया था या नहीं। एक अंतरिम चरण में कोर्ट की एक अन्य बेंच ने पाया कि आदेश समय सीमा से बाहर लग रहा था और इस आधार पर पेनल्टी की वसूली पर रोक लगा दी गई थी।

### आगे का रास्ता

हालांकि हाई कोर्ट ने नोटिस की वैधता को मान्यता देते हुए विजय की याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि वह अन्य पहलुओं पर विचार नहीं कर रही है। विजय को अभी भी अपीलेट ट्रिब्यूनल के सामने अन्य आधारों पर चुनौती देने का अधिकार है। इस फैसले के बाद यह मामला वित्तीय अनियमितताओं और पेनल्टी की समय सीमा जैसे कानून के तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डालता है। वहीं न्यायिक प्रक्रिया में आगे क्या कदम उठाए जाएंगे, यह देखने वाली बात होगी। इस तरह यह मामला सिर्फ एक पर्सनल इनकम टैक्स विवाद नहीं है, बल्कि उच्च न्यायालय और अपीलेट ट्रिब्यूनल के बीच अधिकार और प्रक्रियाओं की सीमाओं को भी दर्शाता है।

**विचार**
लोक तो कुछ ना कुछ कहते रहेंगे, आप अपना ध्यान जिंदगी जीने में लगाए

## भट्टी ने गद्दर फिल्म अवाड्र्स के लिए अभूतपूर्व आयोजन का वादा किया

### फिल्म अवाड्र्स के लिए फिल्म स्क्रीनिंग प्रक्रिया शुरू



हैदराबाद, 6 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। उप मुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने घोषणा की कि गद्दर फिल्म अवाड्र्स समारोह, जो उगादी के शुभ अवसर पर आयोजित किया जाएगा, फिल्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन द्वारा एक ऐतिहासिक तरीके से आयोजित किया जाएगा 'पिछले समय में अप्रत्याशित और भविष्य में शायद ही दोबारा संभव।' उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कार्यक्रम इस तरह से आयोजित किया जाए कि वैश्विक फिल्म उद्योग का ध्यान हैदराबाद की ओर आकर्षित हो। उन्होंने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार कार्यक्रम की सफल कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए पूर्ण समर्थन और सहयोग प्रदान करेगी। शुक्रवार को, उप मुख्यमंत्री ने प्रसाद लैब्स में गद्दर फिल्म अवाड्र्स के लिए फिल्म स्क्रीनिंग प्रक्रिया शुरू की। अपने संबोधन में, उन्होंने गद्दार को गहन श्रद्धांजलि दी और उन्हें एक असाधारण क्रांतिकारी के रूप में वर्णित किया, जिन्होंने समाज परिवर्तन के लिए कला और दृष्टि का उपयोग किया और अपना जीवन जनता के लिए समर्पित किया।

उन्होंने बताया कि कांग्रेस सरकार द्वारा गद्दर के नाम पर फिल्म अवाड्र्स की स्थापना उनके महत्वपूर्ण योगदान को मान्यता देने के लिए की गई थी और घोषणा की कि इस वर्ष अवाड्र्स का दूसरा संस्करण आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गद्दार फिल्म अवाड्र्स की प्रस्तुति समारोह उगाड़ी पर भव्य तरीके से होगी। उन्होंने उल्लेख किया कि जूरी अध्यक्ष मणि शर्मा फिल्म उद्योग में एक सम्मानित व्यक्ति हैं और उनसे तथा सभी जूरी सदस्यों से अनुरोध किया कि वे पारदर्शी, निष्पक्ष और बिना भेदभाव के चयन प्रक्रिया का पालन करें, ताकि फिल्मों की न्यायसंगत समीक्षा सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम में एफडीसी अध्यक्ष दिल राजू, स्क्रीनिंग कमिटी अध्यक्ष मणि शर्मा, एफडीसी कार्यकारी निदेशक किशोर बाबू और कई अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे।

## लोकसभा अध्यक्ष की चेतावनी ने सरकार के आंतरिक सुरक्षा दावों को बेनकाब किया: नारायण

हैदराबाद, 6 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। सीपीआई केंद्रीय कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष नारायण ने कहा कि भारतीय संसदीय इतिहास में पहली बार, लोकसभा अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को अपने जीवन पर खतरे का हवाला देते हुए सदन में उपस्थित न होने की सलाह दी। यह विकास 'अभूतपूर्व और गहरा चिंताजनक' है। नारायण ने कहा, 'यह कोई सामान्य सुरक्षा मामला नहीं है। यह राज्य की गंभीर विफलता को दर्शाता है। संसद देश का सबसे सुरक्षित और पवित्र लोकतांत्रिक संस्थान मानी जाती है। यदि प्रधानमंत्री की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो सकती, तो सरकार के आंतरिक सुरक्षा दावे पूरी तरह से उजागर हो जाते हैं।' उन्होंने आगे कहा कि यह घटना भारतीय लोकतंत्र के लिए एक काला दिन है और शासन, जवाबदेही, और लोकतांत्रिक संस्थानों की क्षति पर गंभीर प्रश्न उठाती है।

## केसीआर और हरीश राव को गिरफ्तार करे केंद्र सरकार



### सीएम रेवंत रेड्डी ने भाजपा को दी खुली चुनौती

निज़ामाबाद, 6 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने कलेश्वरम परियोजना घोटाले को लेकर भाजपा और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। निज़ामाबाद में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने सवाल किया कि पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) और बीआरएस नेता टी. हरीश राव को अब तक गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बार-बार अनुरोध के बावजूद केंद्र सरकार ने कलेश्वरम घोटाले की सीबीआई जांच के आदेश नहीं दिए। उन्होंने केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि वे केसीआर के 'दत्तक पुत्र' की तरह व्यवहार कर रहे हैं और उनका नाम 'किशन राव' होना चाहिए। रेवंत रेड्डी ने कहा कि भाजपा सांसद धर्मपुरी अरविंद बार-बार केसीआर और हरीश राव को जेल भेजने की बात करते हैं, लेकिन वास्तव में उनके पास प्रधानमंत्री मोदी पर कोई प्रभाव नहीं है। उन्होंने चुनौती दी कि अरविंद प्रधानमंत्री को मना कर बीआरएस नेताओं की गिरफ्तारी करवाएं। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि कलेश्वरम परियोजना पर एक लाख करोड़ रुपये खर्च किए गए, लेकिन यह पूरी तरह विफल साबित हुई। उन्होंने पूछा कि आखिर कौन केसीआर और हरीश राव को चेरलापल्ली जेल जाने से बचा रहा है। मुख्यमंत्री ने भाजपा और सांसद अरविंद पर निज़ामाबाद के विकास के लिए कोई केंद्रीय फंड न लाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि दो बार सांसद चुने जाने के बावजूद अरविंद न तो निज़ामाबाद को स्मार्ट सिटी बना सके और न ही एयरपोर्ट या आउटर रिंग रोड के लिए मंज़ूरी दिला पाए। रेवंत रेड्डी ने भरोसा दिलाया कि निज़ामाबाद को एयरपोर्ट दिलाने की ज़िम्मेदारी राज्य सरकार लेगी। उन्होंने बताया कि वारंगल और आदिलाबाद एयरपोर्ट पहले ही स्वीकृत हो चुके हैं। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी 2029 के विधानसभा चुनावों में फिर सत्ता में लौटेगी। उन्होंने कहा कि 2004 और 2009 में कांग्रेस ने सत्ता संभाली थी और 2023 में फिर से सरकार बनाई गई। 2029 में भी कांग्रेस की जीत तय है। कल्याणकारी योजनाओं का ज़िक्र करते हुए

## पेपरलेस शासन के लिए सरकार प्रतिबद्ध : सी.वी. आनंद

### ई-ऑफिस और फेस रिकग्निशन उपस्थिति प्रणाली का शुभारंभ



हैदराबाद, 6 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राज्य सरकार के निर्देशों के तहत विभागाध्यक्षों के क्षेत्रीय दौरे के क्रम में गृह विभाग के विशेष मुख्य सचिव सी.वी. आनंद, ने शुक्रवार को हैदराबाद के लकड़ीकापुल स्थित प्रोसिक्यूशन डायरेक्टरेट का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने डायरेक्टरेट में नवप्रवर्तित 'ई-ऑफिस' डिजिटल एप्लिकेशन का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सी.वी. आनंद ने कहा कि 'तेलंगाना राइजिंग 2047' विज़न डॉक्यूमेंट के अनुरूप राज्य सरकार पूर्णतः कागज़-रहित (पेपरलेस) प्रशासन उपलब्ध कराने के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि ई-ऑफिस प्रणाली से फाइलों का त्वरित निपटान संभव होगा और प्रशासनिक कार्यप्रणाली में जवाबदेही एवं पारदर्शिता में वृद्धि होगी। इस प्रणाली को सफलतापूर्वक लागू करने पर उन्होंने प्रोसिक्यूशन डायरेक्टर एवं समस्त स्टाफ की सराहना की। इसके पश्चात श्री आनंद ने चेहरा-पहचान आधारित डिजिटल उपस्थिति प्रबंधन प्रणाली का भी शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस आधुनिक प्रणाली से कर्मचारियों की उपस्थिति में अनुशासन, पारदर्शिता और कार्यकुशलता सुनिश्चित होगी। डायरेक्टरेट के अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में विशेष मुख्य सचिव ने कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस दौरान प्रोसिक्यूशन डायरेक्टर एस. सांबशिव रेड्डी ने विभाग की कार्यप्रगति, उपलब्धियों और पहलों की जानकारी पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से दी। विभाग से संबंधित कुछ लंबित मुद्दों को विशेष मुख्य सचिव के संज्ञान में लाया गया, जिनके समाधान पर सी.वी. आनंद ने सकारात्मक रुख अपनाया। श्री आनंद ने देश में हाल ही में लागू किए गए नए आपराधिक कानूनों पर भी विशेष रूप से चर्चा की। उन्होंने इन कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सर्कुलर, स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर और सरकारी आदेशों के निर्माण में प्रोसिक्यूटर्स की टीम द्वारा किए गए प्रयासों की प्रशंसा की तथा आगे की कार्ययोजना पर दिशा-निर्देश दिए। इसके उपरांत सी.वी. आनंद ने प्रोसिक्यूशन डायरेक्टरेट के कर्मचारियों के साथ दोपहर का भोजन किया और उनसे व्यक्तिगत रूप से संवाद किया। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी द्वारा कार्यालय भ्रमण और कर्मचारियों के साथ समय बिताने पर स्टाफ ने प्रसन्नता व्यक्त की।

### जम्मीकुंटा में फ्लाईओवर की सुरक्षा दीवार से टकराई आरटीसी बस, यात्री घायल

करीमनगर, 6 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। शुक्रवार को जम्मीकुंटा कस्बे में एक फ्लाईओवर पुल की सुरक्षा दीवार से आरटीसी बस टकरा जाने से उसमें सवार कुछ यात्री घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ जब बस फ्लाईओवर पर चढ़ रही थी। इसी दौरान वाहन का एक आगे का टायर निकल गया, जिससे चालक का नियंत्रण बस पर से हट गया और बस सुरक्षा दीवार से जा टकराई। हादसे में बस में सवार कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आईं। घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया। बताया गया कि बस हुजूरबाद से जम्मीकुंटा जा रही थी। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

## महिलाओं के सुरक्षित आवागमन की दिशा में अहम पहल : चारू सिन्हा



हैदराबाद, 6 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना पुलिस की महिला सुरक्षा विंग (डब्लूएसडब्लू ) ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के साथ-साथ सुरक्षित आवागमन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक अभिनव पहल 'वीमेन-लेड मोबिलिटी लाइवलीहुड्स पायलट – हैदराबाद' की शुरुआत की है। इस पायलट परियोजना के अंतर्गत महिला सुरक्षा विंग ने कुछ कंपनियों के साथ गैर-वित्तीय समझौता ज्ञापन (एमओयू ) पर हस्ताक्षर किए हैं। इन साझेदारियों के माध्यम से महिलाओं को प्रशिक्षण, रोजगार से जोड़ने और आजीविका के अवसर उपलब्ध कराने के लिए एक सहयोगात्मक ढांचा तैयार किया गया है। इस पहल का उद्देश्य विशेष रूप से वंचित और कमजोर वर्गों की महिलाओं को दोपहिया, तिपहिया और चारपहिया वाहनों के संचालन का प्रशिक्षण प्रदान करना तथा उन्हें मोबिलिटी सेक्टर में रोजगार या स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ना है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, महिला सुरक्षा विंग,

तेलंगाना पुलिस, हैदराबाद चारू सिंहा ने कहा कि सार्वजनिक परिवहन सेवाओं में महिला चालकों की संख्या बढ़ाकर महिला यात्रियों के लिए सुरक्षा और आत्मविश्वास को भी सुदृढ़ करना इस परियोजना का प्रमुख लक्ष्य है। इन समझौता ज्ञापनों के माध्यम से समावेशी विकास, सतत आजीविका और सुरक्षित शहरी परिवहन के प्रति साझेदार संस्थाओं की साझा प्रतिबद्धता परिलक्षित होती है। यह पायलट परियोजना प्रारंभिक स्तर पर लागू की जा रही है, जिसे इसके परिणामों और प्रभाव के आधार पर भविष्य में विस्तारित किया जाएगा।

## जनगांव जिले में भटकते बाघ का आतंक

### आठवां शिकार बनाया बछड़ा

हैदराबाद, 6 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। वन विभाग भटकते बाघ की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए टीमें तैनात कर रहा है, लेकिन शुक्रवार को जंगांव जिले के लिंगलाघनपुर मंडल के कुंदराम गांव से करीब 20 किलोमीटर दूर रघुनाथपल्ली मंडल के मंडेलागुडेम गांव में बाघ ने अपना आठवां शिकार किया।

किसान पी. राजू ने शिकायत दर्ज कराई कि उसके खेत के पास स्थित पशुशाला में बंधे बछड़े को संभवतः बाघ ने मार डाला। घटना की जानकारी मिलने पर वन अधिकारियों को सूचित किया गया। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पदचिह्नों की जांच शुरू की। गांव के बुजुर्गों और स्थानीय पुलिस ने भी घटनास्थल का मुआयना किया। बाघ की बढ़ती गतिविधियों को देखते हुए महाराष्ट्र से आए पशु खोजकर्ता और बचावकर्मी भी अभियान में शामिल हो गए हैं। वन विभाग बाघ को सुरक्षित तरीके से पकड़कर जंगल में भेजने की योजना बना रहा है।

अधिकारियों के अनुसार, एक सप्ताह पहले की तुलना में अब बाघ रात के समय करीब 25 किलोमीटर तक की दूरी तय कर रहा है और नए गैर-वन क्षेत्रों में पहुंच रहा है, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

## अखिल रेल हिंदी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

### इरिफेम में हुई क्विज़ प्रतियोगिता में 28 टीमों ने भाग लिया




हैदराबाद, 6 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) के तत्वावधान में, अखिल रेल हिंदी क्विज़ प्रतियोगिता-2025 का आयोजन भारतीय रेलवे वित्तीय प्रबंधन संस्थान, सिकंदराबाद में किया गया। वी.जी. भूमा, अपर सदस्य (मानव संसाधन), रेलवे बोर्ड ने मुख्य अतिथि के रूप में और डॉ. वी. सुगुणा, निदेशक/राजभाषा ने सम्माननीय अतिथि के रूप में इस अवसर की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुश्री अपर्णा गर्ग, महानिदेशक/इरिफेम और सिर्रा शांति राजू, अपर महानिदेशक/इरिफेम ने की। सिद्धार्थ कटि, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी/दमरे, जी.आर.एस. राव, मुख्य कार्मिक अधिकारी (प्रशासन)/दमरे और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। यह प्रतियोगिता भारतीय रेल में काम करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच राजभाषा (हिंदी) के प्रति रुचि पैदा करने के उद्देश्य से आयोजित की गई. यह भी ध्यान देने वाली बात है कि क्षेत्र में स्थित सिकंदराबाद को इस प्रतियोगिता के आयोजन के लिए चुना गया ताकि हिंदीतर भाषी क्षेत्रों में स्थित रेलवे कार्यालयों में हिंदी के प्रयोग और प्रचार को और अधिक बढ़ावा मिल सके। सभी ज़ोन और यूनिटों की 28 टीमों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें 120 से अधिक अधिकारी और कर्मचारी सम्मिलित थे। सुश्री वी.जी. भूमा, अपर सदस्य (मानव संसाधन), रेलवे बोर्ड ने अखिल रेल हिंदी क्विज़ प्रतियोगिता-2025 के प्रतिभागियों की सराहना की, इसे क्विज़ फॉर्मेट के ज़रिए हिंदी को बढ़ावा देने की एक अनोखी पहल बताया और राजभाषा के कार्यान्वयन के लिए शुभकामनाएं दीं। छः फाइनलिस्ट टीमों के अपने टैलेंट प्रदर्शन के साथ अखिल रेल हिंदी क्विज़ प्रतियोगिता- 2025 संपन्न हुई। इस प्रत्योगिता में पूर्व मध्य रेलवे को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ और उत्तर पश्चिम रेलवे और पूर्व तट रेलवे को द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

बनारस लोकोमोटिव वर्क्स और पश्चिम मध्य रेलवे को प्रेरणा पुरस्कार दिया गया, यह समारोह भारतीय रेल में हिंदी की उत्कृष्टता का प्रतिपादन करनेवाला एक गौरवपूर्ण उत्सव साबित हुआ। सुश्री अपर्णा गर्ग ने आईआरआईएफएम द्वारा पहली बार अखिल रेल हिंदी क्विज़ प्रतियोगिता-2025 की मेज़बानी करने पर गर्व जताया और कहा कि इसमें भाग लेने वाली लगभग 30 टीमों ने राजभाषा के प्रति ज़बरदस्त उत्साह दिखाया है।

## बीआरएस पार्टी बीसी समुदाय के प्रति गंभीर नहीं: पूर्व एमएलसी कविता

हैदराबाद, 6 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना जागृति की अध्यक्ष और पूर्व एमएलसी कविता ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि बीआरएस पार्टी ने कभी भी पिछड़ी जातियों (बीसी) के मुद्दे पर गंभीरता से काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि बीसी समुदाय को नगर निगम चुनावों में बीआरएस पार्टी को वोट देने या न देने पर सावधानीपूर्वक विचार करना चाहिए। हैदराबाद में मीडिया से बात करते हुए, कविता ने सवाल उठाया कि क्या वरिष्ठ नेताओं ने बीआरएस पार्टी को छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि वे अपनी राजनीतिक पार्टी की लॉन्चिंग के लिए शुभ समय की प्रतीक्षा कर रहे हैं और जो गठन प्रक्रिया है, वह संभवतः तीन महीनों के भीतर पूरी हो जाएगी।

कविता ने कहा कि नगर निगम चुनावों में बीआरएस पार्टी का प्रचार बहुत सक्रिय नहीं है और पार्टी के किसी भी नेता का जमीनी स्तर पर सक्रिय योगदान नहीं दिख रहा है। उन्होंने पूछा kf यदि बीआरएस पार्टी के राज्य नेताओं का राज्य में दौरा नहीं हो रहा है और वे इस तरह प्रचार नहीं कर रहे हैं, तो क्या इसका मतलब यह है कि वे राज्य स्तर के नेता नहीं हैं? बीआरएस ने बीसी आरक्षण पर अपनी नीति स्पष्ट रूप से नहीं बताई है।

उन्हें स्पष्ट करना चाहिए कि वे उस सामाजिक समूह के पक्ष में हैं या खिलाफ। बीसी आरक्षण के खिलाफ याचिका डालने वाले माधव रेड्डी को पार्टी टिकट कैसे दे सकती है?

**CLASSIFIEDS**

**CHANGE OF NAME**

I, MOHIYA BIBI , M/O: SUB SAIFUL HOQUE , R/O: JANGILA, DHUBRI, ASSAM - 783324, have changed my name from MOHIYA BIBI to MAHIA BIBI and my Date of Birth is : 01-10-1960 vide Affidavit dt.06-02-2026 AT Hyderabad

I, Rama Shish Prasad, Father of No 17001642A, NK, Manoj Kumar, R/o, Dist: Jahanabad, Bihar, changed my name from Rama Shish Prasad to Ramashish Prasad, vide Affidavit No.284525 dt. 03.02.2026, before Medchal-Malkajgiri Court, Telangana.

**सावधान**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

## शादी और शेयर कारोबार में मुनाफे का झांसा देकर निजी कर्मचारी से लाखों की ठगी

हैदराबाद, 6 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। ओल्ड अलवाल क्षेत्र में एक निजी कंपनी में काम करने वाले कर्मचारी को शादी और शेयर बाजार में अधिक मुनाफे का लालच देकर एक महिला ने लाखों रुपये की ठगी कर ली। महिला ने पीड़ित से एक वैवाहिक वेबसाइट के माध्यम से संपर्क किया था। शिकायत के अनुसार, एक निजी फर्म में अकाउंटेंट के पद पर कार्यरत युवक से मैट्रिमोनी वेबसाइट पर एक महिला ने संपर्क किया, जिसने अपना नाम नंदिता रेड्डी बताया। इसके बाद दोनों के बीच व्हाट्सएप नंबरों का आदान-प्रदान हुआ और करीब तीन महीने तक नियमित बातचीत होती रही।

महिला ने खुद को मूल रूप से विजयवाड़ा का निवासी बताते हुए कहा कि वह वर्तमान में ब्रिटेन में एक स्टॉक ट्रेडिंग कंपनी में काम कर रही है। वीडियो कॉल के जरिए उसने पीड़ित के परिवार के सदस्यों से भी बातचीत की और यह विश्वास दिलाया कि शेयर बाजार में निवेश से शादी के बाद उनका भविष्य सुरक्षित हो जाएगा। खुद को विशेषज्ञ ट्रेडर बताते हुए महिला ने पीड़ित को गूगल प्ले स्टोर से अपनी कंपनी से कथित रूप से जुड़े एक ट्रेडिंग एप्लिकेशन को डाउनलोड करने के लिए राजी किया। महिला के भरोसे में आकर पीड़ित ने शुरुआत में 50 हजार रुपये निवेश किए। ऐप पर मुनाफा दिखने पर उसने किश्तों में निवेश बढ़ाया और कुल 6.35 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में एप्लिकेशन पर करीब 20 लाख रुपये का मुनाफा दिखाया गया। लेकिन जब पीड़ित ने रकम निकालने की कोशिश की, तो उससे 30 प्रतिशत टैक्स अलग से जमा करने की मांग की गई। पीड़ित द्वारा लाभ में से टैक्स काटकर शेष राशि खाते में भेजने का अनुरोध करने पर महिला ने संपर्क तोड़ दिया और फोन बंद कर लिया। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने मलकाजगिरी साइबर अपराध पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## टीआईएमएस सनतनगर का मार्च में उद्घाटन तय : विकास राज

### विशेष मुख्य सचिव ने विस्तृत निरीक्षण किया

हैदराबाद, 6 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और सड़कों एवं भवन मंत्री कोमटिरेड्डी वेंकट रेड्डी के निर्देशानुसार, विशेष मुख्य सचिव, परिवहन, सड़कों एवं भवन विभाग, विकास राज ने शुक्रवार को तेलंगाना इंस्टीट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज (टीआईएमएस ), सनतनगर का विस्तृत निरीक्षण किया ताकि मार्च में प्रस्तावित उद्घाटन की तैयारी का आकलन किया जा सके। इस दौरान मेडिकल एजुकेशन के निदेशक, टीजीएमएसआईडीसी और एचएमआईडीसी अधिकारी, आरएंडबी इंजीनियर और ठेकेदार के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। विशेष मुख्य सचिव ने सभी मंजिलों का निरीक्षण किया, जिसमें आपातकालीन वार्ड, ऑपरेशन थिएटर, आईसीयू और सेंट्रल स्टरलाइजेशन सर्विसेज़ डिपार्टमेंट (सीएसएसडी ) शामिल थे। उन्होंने ठेकेदार को 28 फरवरी तक सभी शेष सिविल और इन्फ्रास्ट्रक्चर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। विशेष आवश्यकताओं में 200 ऑक्सीजन लाइनें, 65 नर्सिंग स्टेशन, रजिस्ट्रेशन काउंटर और आपातकालीन वार्ड के लिए आरओ प्लांट की स्थापना शामिल है, जिन्हें समय सीमा के भीतर परीक्षण के लिए तैयार किया जाना है।एमएचआईडीसी को निर्देश दिया गया कि आवश्यक सहायक संरचनाओं जैसे लॉन्ड्री सेवाएँ, पर्दे, आईसीयू और आपातकालीन बेड रेलिंग और अस्पताल में साइनबोर्ड समय पर लगाए जाएँ। ईपीसी ठेकेदार ने बताया कि उसके दायरे में आने वाले सभी मेडिकल उपकरण पहले ही स्थापित किए जा चुके हैं, जबकि एमएचआईडीसी अधिकारियों ने कहा कि 540 मेडिकल और सहायक उपकरणों की खरीदारी जारी है। संचालन तैयारियों के लिए, मेडिकल एजुकेशन निदेशक को तुरंत चिकित्सा और तकनीकी कर्मियों को तैनात करने और उपकरणों के परीक्षण संचालन के लिए कहा गया। निदेशक ने बताया कि 12 से 28 फरवरी के बीच पहले बैच में 100 मेडिकल, पैरामेडिकल और हाउसकीपिंग स्टाफ तैनात किए जाएंगे, जबकि पूरे स्टाफ को महीने के अंत तक तैयार किया जाएगा। ऑक्सीजन आपूर्ति, सफाई और हाउसकीपिंग के अस्थायी प्रबंध अन्य सरकारी अस्पतालों के ठेकेदारों के माध्यम से किए जाएंगे। सुविधा का स्वास्थ्य, चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग को हस्तांतरण लगातार प्रगति पर है। अब तक आरएंडबी –एचएमएंड एफडब्लू संयुक्त टीम ने 1,059 कमरों में से 225 का निरीक्षण किया है, जबकि 500 से अधिक तैयार कमरे 9 फरवरी तक निरीक्षण और हस्तांतरण के लिए निर्धारित हैं। एमएचआईडीसी 12 फरवरी से सत्यापित कमरों में बिस्तर और उपलब्ध उपकरण स्थापित करना शुरू करेगा, जिससे विस्तृत परीक्षण और ट्रायल रन संभव होंगे।

**जन्म दिन की शुभकामनाएं**



लक्ष्य ठाकुर
माता : आशा ठाकुर
पिता : लखन ठाकुर

# 44 हजार शिक्षकों की भर्ती निकाल नीतीश सरकार ने किया धोखा?

## आरजेडी ने कहा- चुनाव से पहले एक लाख का वादा था

पटना, 6 फरवरी (एजेंसियां)।

बिहार में अगले महीने (मार्च) 44 हजार पदों के लिए शिक्षकों की भर्ती निकलेगी। बीपीएससी की ओर से विज्ञाप निकाला जाएगा। सरकार की ओर से टीआरई-4 को लेकर इसकी जानकारी दी गई है। सिर्फ 44 हजार पदों पर निकाली जाने वाली इस भर्ती को लेकर आरजेडी ने सरकार पर हमला किया है। आरजेडी के प्रवक्ता चितरंजन गगन ने यह सवाल उठाया है कि चुनाव के पहले सरकार ने एक लाख पदों पर शिक्षकों की भर्ती की बात कही थी और अब केवल 44 हजार की बात हो रही है। चितरंजन गगन ने अपने एक्स हैंडल से दो पोस्टर को शेयर किया है। एक में टीआरई-4 के लिए एक लाख पदों पर बहाली की बात लिखी गई है जो चुनाव के पहले का है। दूसरा पोस्टर हाल का है, जिसमें सिर्फ 44 हजार का ही जिक्र है।




### 'शायद ही पूरी प्रक्रिया 2026 में पूरी हो'

अपने पोस्ट में चितरंजन गगन लिखते हैं, माननीय मुख्यमंत्री जी विधानसभा चुनाव के पूर्व आपने तो टीआरई-4 में एक लाख शिक्षकों की बहाली की बात की थी और अब सरकार बनने के बाद 44 हजार शिक्षकों की बहाली की बात कह रहे हैं। थोड़ा अपने पद की गरिमा का ख्याल तो रखा होता। हालांकि सच्चाई तो यह भी है कि बीपीएससी परीक्षा में इस संख्या में भी 50 प्रतिशत से भी कम को ही योग्य माना जाएगा। बहाली होते-होते यह संख्या 20-22 हजार से भी कम पर पहुंच जाएगी। हां एक बात और पूरी प्रक्रिया शायद ही 2026 में पूरी हो!

### भाकपा माले के विधायक ने क्या कहा?

उधर विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत में भाकपा माले के विधायक अरुण सिंह ने कहा कि अभी तक हर विषय में विषयवार शिक्षक नहीं हैं। उनसे पूछा गया कि शिक्षक अभ्यर्थी टीआरई-4 की परीक्षा के लिए लगातार सरकार से मांग कर रहे हैं। सरकार कह रही है जल्द होगा, अगले महीने (मार्च) 44 हजार पदों पर भर्ती की बात हो रही है। इस पर विधायक ने कहा, टीआरई-4 पर हम लोग हमेशा सवाल उठा रहे हैं। आज (शुक्रवार) भी ध्यानाकर्षण में सवाल है।।। तो सवाल हम लोग उठा रहे हैं। यह भी मांग की कि टीआरई-4 में कला के शिक्षकों की बहाली हो।




## लखनऊ में आया भूकंप, गोंडा जिले में था केंद्र



लखनऊ, 6 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के विभिन्न राज्यों में भूकंप की घटनाएं लगातार बढ़ती चली जा रही हैं। शुक्रवार को सुबह-सुबह उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। भूकंप के झटकों ने लोगों को डरा कर रख दिया है। नेशनल सेंटर फोर सिस्मोलॉजी की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, यूपी के लखनऊ में आए भूकंप का केंद्र गोंडा जिले में बताया गया है। नेशनल सेंटर फोर सिस्मोलॉजी ने बताया है कि उत्तर प्रदेश के लखनऊ में आए भूकंप का केंद्र राज्य के गोंडा जिले में था। भूकंप सुबह 7 बजकर 32 मिनट पर आया और इसके केंद्र धरती से 10 मिनट की गहराई में था। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.7 मापी गई है। अब तक भूकंप के कारण किसी जान-माल के नुकसान की खबर सामने नहीं आई है।

## लूट के 3-घंटे बाद दिल्ली का बदमाश ढेर

शामली, 6 फरवरी (एजेंसियां)। यूपी के शामली में दिल्ली का 50 हजार का इनामी बदमाश रिहान एनकाउंटर में मारा गया। मुठभेड़ से 3 घंटे पहले रिहान ने अपने साथी के साथ एक युवक से नकदी और मोबाइल फोन लूट लिए थे। इसके बाद पुलिस ने पूरे जिले में चेकिंग अभियान चलाया। रात 12:30 बजे दोनों बदमाशों को घेर लिया गया। पुलिस ने सरेंडर करने को कहा, लेकिन आरोपियों ने फायरिंग कर दी। इसमें सिपाही सुमित को गोली लग गई। इसके बाद जवानों ने फायरिंग की। इस दौरान रिहान को गोली लग गई।

वह जमीन पर गिर पड़ा। उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। एनकाउंटर के बाद पुलिस रिहान को अस्पताल लेकर आई। जहां उसकी इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वह दिल्ली के जाकिर नगर, न्यू ओखला का रहने वाला था। उस पर 90 मुकदमे दर्ज थे। उसके पास से एक मेड इन इटली पिस्तौल, एक देसी पिस्तौल, आठ जिंदा कारतूस और सोने की अंगूठी मिली है। मुठभेड़ कोतवाली क्षेत्र के यमुना नहर के पास हुई।

### स्कूलों में मोबाइल पर पढ़ाई बंद करवाएं

## गाजियाबाद सुसाइड के बाद महिला आयोग का सभी डीएम को लेटर


बबिता सिंह चौहान

नोएडा, 6 फरवरी (एजेंसियां)।

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग ने प्रदेश के सभी जिलों के डीएम को लेटर लिखकर प्राथमिक कक्षाओं में तत्काल मोबाइल फोन से पढ़ाई कराने पर रोक लगाने को कहा है। गाजियाबाद में तीन बहनों के कोरियन लव गेम के चक्कर में सुसाइड किए जाने के बाद मोबाइल की लत छुड़ाने के लिए यह लेटर लिखा गया है। आयोग की अध्यक्ष बबिता सिंह चौहान ने कहा- गाजियाबाद में तीन बहनों के आत्महत्या किए जाने के मामले में प्रथम दृष्टया मोबाइल गेम खेलने का मामला सामने आया है। कोरोना काल में स्कूलों में मोबाइल पर ऑनलाइन पढ़ाई शुरू की गई थी। बहुत से स्कूल अभी भी ऑनलाइन पढ़ाई पर जोर दे रहे हैं। इससे प्राथमिक स्तर की कक्षाओं के छात्रों में मोबाइल फोन का प्रयोग करने की लत बढ़ रही है। जिसे छुड़ाने के लिए मोबाइल फोन से पढ़ाई पर रोक लगाना जरूरी है। उन्होंने कहा- शिक्षा के नाम पर लापरवाही न की जाए। डिजिटल अनुशासन अब अनिवार्य किया जाए। खासकर बालिकाओं की सुरक्षा के लिए यह बहुत जरूरी है।

### मनोज बाजपेयी की 'घूसखोर पंडत' पर फूटा मायावती का गुस्सा

## सरकार से की प्रतिबंध की मांग

लखनऊ, 6 फरवरी (एजेंसियां)।

ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स की आगामी फिल्म 'घूसखोर पंडत' रिलीज से पहले ही बड़े विवादों के भंवर में फंस गई है। फिल्म के टाइटल को लेकर शुरू हुआ हंगामा अब राजनीतिक रूप ले चुका है। बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने इस फिल्म के नाम को 'जातिसूचक' और 'अपमानजनक' बताते हुए केंद्र सरकार से इस पर तुरंत प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

**मायावती का तीखा हमला, लिखा- ब्राह्मण समाज में जबरदस्त रोष**

मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए लिखा कि फिल्मों में 'पंडित' शब्द को नकारात्मक तरीके से पेश करना दुखद और चिंताजनक है।

उन्होंने अपने पोस्ट में कहा कि, 'यह बड़े दुख व चिन्ता की बात है कि पिछले कुछ समय से अकेले यूपी में ही नहीं बल्कि अब तो फिल्मों में भी 'पंडित' को घुसपैठिया बताकर पूरे देश में जो इनका अपमान व अनादर किया जा रहा है तथा जिससे समूचे ब्राह्मण समाज में इस समय ज़बरदस्त रोष व्याप्त है, इसकी हमारी पार्टी भी कड़े शब्दों में निन्दा करती है। ऐसी इस जातिसूचक फिल्म पर केन्द्र सरकार को तुरन्त प्रतिबन्ध लगाना चाहिये, बीएसपी। की यह मांग।'



### क्यों हो रहा है फिल्म के नाम पर बवाल?

फिल्म 'घूसखोर पंडत' का निर्देशन रितेश शाह ने किया है और इसके निर्माता नीरज पांडे हैं। फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे दिग्गज अभिनेता मनोज बाजपेयी 'अजय दीक्षित' नाम के एक भ्रष्ट पुलिस अधिकारी का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म की कहानी के अनुसार, उनकी रिश्वत लेने की आदतों की वजह से उनका निकनेम 'पंडित' रखा गया है। यही वह बिंदु है जहां विवाद की जड़ है। आलोचकों और सामाजिक संगठनों का कहना है कि 'पंडित' शब्द धार्मिक विद्वानों और पूजनीय समुदाय से जुड़ा है, इसे 'घूसखोर' जैसे अपमानजनक विशेषण के साथ जोड़ना पूरे समुदाय की छवि को धूमिल करने की कोशिश है।

## स्कूल गईं 3 छात्राएं... घर नहीं लौटीं! रहस्यमय ढंग से हुईं लापता

बस्ती, 6 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले के सोनहा थाना क्षेत्र के एक गांव से तीन छात्राओं के अचानक लापता होने का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि तीनों छात्राएं रोज की तरह स्कूल पढ़ने गई थीं, लेकिन छुट्टी के बाद घर नहीं लौटीं। लापता छात्राएं एक ही गांव की रहने वाली हैं और संत कबीर शंकर दास इंटर कॉलेज, मोहम्मद नगर में पढ़ाई करती हैं। इनमें से दो छात्राएं कक्षा 11 में और एक छात्रा कक्षा 7 में पढ़ती है। परिजनों के अनुसार, छात्राएं सुबह घर से स्कूल जाने के लिए निकली थीं। लेकिन जब देर शाम तक वे वापस नहीं लौटीं तो परिवार के लोगों की चिंता बढ़ गई। परिजनों ने पहले रिश्तेदारों और आसपास के इलाकों में काफी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। इसके बाद उन्होंने सोनहा थाने में पुलिस को सूचना दी।

## पत्नी के तानों से तंग युवक रेलवे ट्रैक पर लेटा

मुजफ्फरपुर, 6 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार के मुजफ्फरपुर में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई, जहां पत्नी के तानों से तंग आकर एक युवक आत्महत्या के इरादे से रेलवे ट्रैक पर लेट गया। युवक को देखकर मौके पर मौजूद राहगीरों ने सूझबूझ दिखाई और उसकी जान बचा ली। घटना मुजफ्फरपुर रामदयालु नगर रेलखंड के भगवानपुर ओवरब्रिज के नीचे की बताई जा रही है। युवक का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

## राजाराम हत्याकांड में मुर्दा निकला जिंदा; लखनऊ में मिला मृत संतोषी; पुलिस कमिश्नर करेंगे पूछताछ

कानपुर, 6 फरवरी (एजेंसियां)। बहुचर्चित राजाराम हत्याकांड की विवेचना में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब पुलिस ने एक ऐसे व्यक्ति को जिंदा ढूंढ निकाला जिसे कागजों में मृत घोषित कर दिया गया था। अग्रिम विवेचना की मांग करने वाले वादी नरेंद्र देव ने जिस संतोषी को मृत बताया था। वह न केवल जीवित है, बल्कि लखनऊ के इंदिरानगर में अपनी बेटी के साथ रह रहा है। जांच में यह भी सामने आया है कि पुलिस को इस हत्याकांड से जुड़े जिस संदिग्ध महिला की तलाश थी। वह मुंबई स्थित अपने ठिकाने से कहीं और चली गई है। पुलिस की एक टीम मुंबई में है, जबकि दूसरी टीम लखनऊ में है। वहीं एफआईआर में नामजद गोली मारने के आरोपी दिल नियाय को पूछताछ के लिए कोतवाली बुलाया गया है। पुलिस कमिशनर रघुबीर लाल स्वयं पूछताछ करेंगे।

## पति को ड्रग्स लेने से रोका तो मारा, थूक चटवाई

पटना, 6 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार राज्य महिला आयोग में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जिसमें पीड़िता ने अपने पति पर प्रताड़ित करते हुए थूक चटवाने का आरोप लगाया है। यहां तक की पीड़िता ने ये भी कहा कि उसके पति ने इतना मारा कि उसका 10 दिन का नवजात बच्चा कोमा में चला गया और फिर उसकी जान चली गई। उसके अंतिम संस्कार में भी पति शामिल नहीं हुआ। पीड़िता ने अपने पति पर कई लड़कियों से अवैध संबंध होने का भी आरोप लगाया है, जिसमें उसकी बचपन की दोस्त भी शामिल है।

## गोरखपुर एअरपोर्ट का विस्तार जल्द

### रवि किशन की मांग पर नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने दी हरी झंडी



गोरखपुर, 6 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर एअरपोर्ट का विस्तार अब तेजी से होगा, इसके लिए स्थानीय सांसद रवि किशन ने संसद में भी मांग की थी। अब उनके द्वारा उठाए गए प्रश्न पर हरी झंडी मिल गई है। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने सदन को अवगत कराया कि गोरखपुर एयरपोर्ट पर नए टर्मिनल भवन के निर्माण का प्रस्ताव किया गया है। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा भारतीय वायुसेना से 42.14 एकड़ भूमि का अधिग्रहण भी पूर्ण कर लिया गया है। मंत्री ने बताया कि गोरखपुर एयरपोर्ट से यात्रियों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। हाल के वर्षों में यात्री आवागमन लाखों के आंकड़े को पार कर चुका है।

कार्गो परिवहन में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जो क्षेत्रीय आर्थिक विकास का स्पष्ट संकेत है। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि वर्तमान उड़ान कार्यक्रम के तहत गोरखपुर को दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, कोलकाता, अहमदाबाद और हैदराबाद जैसे प्रमुख महानगरों से जोड़ा जा रहा है, जिससे पूर्वांचल के लोगों को बेहतर हवाई सुविधा उपलब्ध होगी।

## 18 महीने बाद आईपीएस काम्या मिश्रा ने सुनाया अपने इस्तीफे का असली सच

पटना, 6 फरवरी (एजेंसियां)।

बिहार कैडर की तेज-तर्रार और चर्चित पूर्व आईपीएस अधिकारी काम्या मिश्रा जिन्होंने अपनी कार्यशैली से अपराधियों के मन में खौफ पैदा कर दिया था, एक बार फिर चर्चा के केंद्र में हैं। अगस्त 2024 में अपने अचानक दिए गए इस्तीफे से सबको हैरान करने वाली काम्या ने आखिरकार अपनी चुप्पी तोड़ी है।

एक टेड-टॉक के दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्दी छोड़ना उनके लिए कोई 'हार' नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत और बदलाव की ओर बढ़ता हुआ कदम था। काम्या मिश्रा ने अपने पुलिस करियर को जादुई यथार्थवाद करार दिया। उन्होंने बताया कि ओडिशा के एक छोटे से कस्बे से निकलकर 23 साल की उम्र में देश की सबसे कठिन परीक्षा पास करना और फिर बिहार जैसे राज्य में चुनौतीपूर्ण पोस्टिंग संभालना, किसी फिल्मी कहानी जैसा था। अक्सर पुलिस अधिकारियों की बहादुरी की चर्चा होती है, लेकिन काम्या ने उस मानसिक थकान पर बात की जिसे अमूमन नजरअंदाज कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि एक पुलिसकर्मी का जीवन समाज की उन बुराइयों और दुखों को हर दिन साफ करने जैसा है, जिसे आम लोग देखना भी पसंद नहीं करते।



काम्या ने इस्तीफे की असली वजह बताते हुए उन्होंने एक बेहद गहरा उदाहरण दिया। काम्या ने कहा कि सत्ता और अधिकारों को कसकर पकड़ना (मुट्ठी बंद करना) दर्दनाक हो सकता है। मुट्ठी खोलना हार नहीं, बल्कि कुछ नया थामने के लिए जगह बनाना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य अब सिस्टम के भीतर रहकर नहीं, बल्कि शिक्षा और रोजगार के माध्यम से सिस्टम के बाहर खड़े होकर समाज को सशक्त बनाना है।

## वाराणसी जा रही थी इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन, रायबरेली में रेलवे ट्रैक पर अचानक फंस गई साइकिल

वाराणसी, 6 फरवरी (एजेंसियां)। रायबरेली में उस समय हड़कंप मच गया, जब ट्रेन के इंजन में अचानक से एक साइकिल फंस गई। साइकिल इंजन में फंसने के बाद काफी दूर तक घिसटती चली गई। गनीमत यह रही कि इस दौरान कोई हताहत नहीं हुआ और बड़ा हादसा टल गया। घटना रायबरेली के पहले स्टेशन रूपामऊ के पास स्थित रेलवे क्रॉसिंग गेट संख्या 143 पर हुई। वाराणसी जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस जैसे ही क्रॉसिंग पर पहुंची अचानक पटरी के किनारे खड़े एक व्यक्ति की साइकिल इंजन में फंस गई।

साइकिल काफी दूर तक घिसटती चली गई। हालांकि, ट्रेन चालक ने समय रहते स्थिति को भांप लिया और सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगा दिया। इससे ट्रेन मौके पर ही रुक गई और बड़ा हादसा टल गया।

## बिहार के मधुबनी में अंतरराष्ट्रीय लिंक वाले साइबर फ्रॉड गैंग का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

पटना, 6 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार के मधुबनी जिले में पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय साइबर फ्रॉड गैंग का भंडाफोड़ किया है। गैंग के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया गया, जिनके पास से बड़ी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और कैश मिला। जानकारी के अनुसार, ऑपरेशन के दौरान मधुबनी पुलिस ने गुरुवार को सात सिम बॉक्स, 136 मोबाइल फोन और सिम कार्ड, कई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस और 1.68 लाख रुपये कैश के साथ-साथ साइबर फ्रॉड में इस्तेमाल होने वाले अन्य उपकरण बरामद किए। यह कार्रवाई खास खुफिया जानकारी के आधार पर की गई और इसमें इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी), इकोनॉमिक ऑफेंस यूनिट (ईओयू), डिस्ट्रिक्ट इंटेलिजेंस यूनिट (डीआईयू), सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), डिपार्टमेंट ऑफ टेलीकम्युनिकेशंस (टीओटी), नगर पुलिस स्टेशन और साइबर पुलिस स्टेशन की टीमों ने मिलकर ऑपरेशन किया। मधुबनी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) योगेंद्र कुमार ने बयान में कहा कि पहली छापेमारी नगर पुलिस स्टेशन इलाके में रेलवे स्टेशन के पास स्थित एक मोबाइल रिपेयर सेंटर पर की गई।

## राबड़ी का सम्राट पर हमला

### कहा- सबूत हो तो पेश कीजिए, 24 घंटे में होगा एक्शन

पटना, 6 फरवरी (एजेंसियां)।

नीट की तैयारी कर रही छात्रा से जुड़े मामले को लेकर सियासत तेज हो गई है। पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के बयान पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज सुबह तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यदि विपक्ष के पास इस मामले से जुड़े कोई ठोस सबूत हैं तो उन्हें सामने लाया जाए, सरकार 24 घंटे के भीतर कार्रवाई करेगी। राबड़ी देवी ने छात्रा के मामले को लेकर राज्य सरकार और कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए थे। उन्होंने आरोप लगाया था कि बिहार में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं और अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। राबड़ी देवी के बयान के बाद राजनीतिक हलकों में हलचल तेज हो गई। राबड़ी देवी के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि इस सरकार को किसी से प्रमाण पत्र लेने की जरूरत नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी भी तरह की लापरवाही या अपराध सामने आता है तो सरकार सख्त कार्रवाई करेगी। राजनीति करने के बजाय विपक्ष को तथ्यों के साथ बात करनी चाहिए।



### 24 घंटे में एक्शन का दावा

सम्राट चौधरी ने कहा कि सरकार पीड़ित के साथ खड़ी है और जांच एजेंसियां पूरी गंभीरता से काम कर रही हैं। उन्होंने दावा किया कि यदि किसी स्तर पर दोष साबित होता है तो 24 घंटे के भीतर संबंधित लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। कानून-व्यवस्था से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

### नीट छात्रा मामला बना सियासी मुद्दा

नीट छात्रा से जुड़ा मामला अब कानून-व्यवस्था के साथ-साथ सियासी बहस का विषय बन गया है। विपक्ष जहां सरकार को घेरने में जुटा है, वहीं सरकार त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिला रही है। आने वाले दिनों में इस मुद्दे पर राजनीतिक बयानबाजी और तेज होने के आसार हैं।

### घोटाले के आरोप और धान खरीद पर बोनस की मांग

विधानपरिषद में कृषि रोडमैप के नाम पर घोटाले के आरोप और धान खरीद पर बोनस की मांग को लेकर नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी के नेतृत्व में विपक्षी सदस्यों ने प्रदर्शन किया। राबड़ी देवी ने सरकार पर किसानों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए धान पर बोनस देने की मांग दोहराई।

## यूपी में मुसलमान सेफ नहीं, बंगाल शिफ्ट करो मौलाना जर्जिश अंसारी ने तकरीर में उगला जहर

लखनऊ, 6 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के इटावा जिले से जुड़े मौलाना जर्जिश अंसारी ने पश्चिम बंगाल में दी गई एक तकरीर में विवादास्पद टिप्पणियां की हैं, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश में अवैध मदरसों पर चल रही कार्रवाई, मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटाए जाने और अन्य प्रतिबंधों का जिक्र करते हुए कहा कि यूपी मुसलमानों के लिए सुरक्षित नहीं रहा है और लोगों को बंगाल में शिफ्ट हो जाना चाहिए।

मौलाना जर्जिश अंसारी ने अपनी तकरीर में कहा, "यूपी में मदरसों पर बुलडोजर चल रहे हैं, मस्जिदों में रात 10 बजे के बाद लाउडस्पीकर नहीं बज सकते। दिन में भी लाउडस्पीकर की आवाज मस्जिद के बाहर नहीं जानी चाहिए। मस्जिद में हम लोग बिना परमिशन के कुछ भी नहीं कर सकते, अजान पर पाबंदी है। यूपी में हम लोगों की हालात खराब है। मैं कई बार घर में कह चुका हूं कि यूपी छोड़ दो और बंगाल शिफ्ट हो जाओ।" उन्होंने आगे कहा, "मुसलमानों के लिए सबसे अधिक सेफ जगह बंगाल है।

## एडवोकेट सुसाइड केस मुरैना की एसआई को नहीं मिली जमानत

ग्वालियर, 6 फरवरी (एजेंसियां)। हाईकोर्ट की एकल पीठ ने एडवोकेट मृत्युंजय सिंह चौहान के सुसाइड केस में आरोपी मुरैना में पदस्थ सब इंस्पेक्टर प्रीति जादौन की अग्रिम जमानत को लेकर लगाई गई याचिका को खारिज कर दिया है। न्यायालय ने सब इंस्पेक्टर को आत्महत्या के लिए उकसाने के गंभीर मामले में अग्रिम जमानत देने से साफ इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह केवल टूटा हुआ रिश्ता या भावनात्मक तनाव का मामला नहीं है, बल्कि लगातार धमकी, भय और कथित हमले का सिलसिला सामने आता है। घटना के कुछ ही दिनों बाद आत्महत्या होना अभियोजन के पक्ष को मजबूती देता है।

आरोपी एक सेवारत पुलिस अधिकारी है, ऐसे में उस पर कानून के पालन की अधिक जिम्मेदारी है। पद का दुरुपयोग, गवाहों को धमकाने के आरोप और कथित हथियार की बरामदगी न होना, जांच के लिए हिरासत में पूछताछ को जरूरी बनाता है।

# 'चुनाव हारने के बाद अदालत का सहारा न लें'

## प्रशांत किशोर की जन सुराज को सुप्रीम कोर्ट ने लगाई कड़ी फटकार

नई दिल्ली, 6 फरवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर को कड़ी फटकार लगाई है और कहा है कि चुनाव हारने के बाद किसी को अदालत का सहारा नहीं लेना चाहिए। बिहार चुनाव 2025 में करारी हार के बाद प्रशांत किशोर ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि महिला रोजगार योजना के पैसे मतदान से ठीक पहले महिलाओं के खाते में आए। इस वजह से चुनाव प्रभावित हुआ। हालांकि, चुनाव आयोग ने याचिका पर सुनवाई करने से मना कर दिया।

सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि जब जनता आपको नकार दे तो आदालत का इस्तेमाल लोकप्रियता पाने के लिए नहीं करना चाहिए। जन सुराज पार्टी की ओर से दायर याचिका




पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। इस याचिका में बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को अवैध बताते हुए रद्द करने की मांग की गई थी। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा हम नोटिस जारी नही कर सकते। सीजेआई ने कहा कि चुनाव याचिका में एक चुनाव को मुद्दा बनाया जाता है। आप एक ही याचिका में पूरा चुनाव रद्द करने की बात कर रहे हैं। इसकी योग्यता नहीं है।

**सीजेआई ने क्या कहा?**

जन सुराज पार्टी का पक्ष रख रहे वकील ने कहा कि यह बहुत गंभीर मुद्दा है। अदालत को इसमें हस्तक्षेप कर जवाब तलब करना चाहिए। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा, चुनाव हारने के बाद अदालत का सहारा न लें। मुख्य न्यायाधीश ने याचिकाकर्ता को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने सवाल किया कि आपकी राजनीतिक पार्टी को कितने वोट मिले? अदालत ने कहा कि जब जनता चुनाव में नकार देती है, तो फिर अदालत के मंच का इस्तेमाल लोकप्रियता पाने के लिए नहीं किया जाना चाहिए। सीजेआई ने साफ कहा कि कोई चाहे तो योजना को चुनौती दे सकता है, लेकिन यहां मुख्य मांग चुनाव को रद्द करने की है। अदालत ने यह भी कहा कि संबंधित राज्य में हाईकोर्ट मौजूद है, और याचिकाकर्ता को पहले वहीं जाना चाहिए।

**बिहार चुनाव में क्या हुआ था?**

बिहार में 6 और 11 नवंबर 2025 को मतदान हुए थे। वहीं, महिला रोजगार योजना की लाभार्थियों के खाते में 26 सितंबर से पैसे आने शुरू हो गए थे। अक्टूबर में भी अलग-अलग महिलाओं के खाते में पैसे आए थे। इसी वजह से चुनाव आयोग में आरजेडी ने शिकायत कर इसमें रोक लगाने की मांग की थी।

## कॉर्पोरेट स्टाइल में चल रहा सेक्स रैकेट का खुलासा, स्पा सेंटर से पांच लोग गिरफ्तार

सूरत, 6 फरवरी (एजेंसियां)। गुजरात के सूरत शहर का पॉश इलाका 'पाल' एक बार फिर सुर्खियों में है। यहां के एक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में स्पा की आड़ में चल रहे हाई-प्रोफाइल सेक्स रैकेट का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मौके से पांच लोगों को गिरफ्तार किया है और देह व्यापार के दलदल में धकेली गई चार महिलाओं को सुरक्षित मुक्त कराया है। दरअसल, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पाल इलाके में स्थित 'राज वर्ल्ड शॉपिंग सेंटर' के रूम नंबर 311 में '99 स्पा' के नाम पर अनैतिक देह व्यापार का धंधा चलाया जा रहा है।

सूचना के आधार पर पुलिस ने एक टीम गठित कर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस भी तकनीक और शातिराना इंतजामों को देखकर दंग रह गई। इस रैकेट को चलाने वाले लोग काफी शातिर थे। पुलिस की आवाजाही पर नजर रखने के लिए एंट्रेंस गेट पर विशेष रूप से सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे ताकि किसी भी रेड से पहले वे सतर्क हो सकें। इतना ही नहीं, यहां पूरा काम एक कॉर्पोरेट स्टाइल में चल रहा था। लड़कियों को हर कस्टमर के हिसाब से विशेष टोकन दिए जाते थे और पूरे धंधे का कच्चा-चिट्ठा एक डायरी में मेंटेन किया जा रहा था। बाबूराव चक्रवर्ती और उसके असिस्टेंट विपिन उर्फ रिंकू जगदीश शाहू को गिरफ्तार किया है।

इसके साथ ही तीन ग्राहकों, करण दीपक शाह, वीरसिंह शांतिजी कोली और उमेश दिलीप शर्मा को भी धर दबोचा गया। स्पा का मालिक आकाश अंकुश धनावड़े फिलहाल फरार है, जिसे पुलिस ने वॉन्टेड घोषित कर दिया है। तलाशी के दौरान पुलिस ने देह व्यापार में इस्तेमाल होने वाले 7 मोबाइल फोन। ग्राहकों के 11 मोबाइल फोन, 63,000 रुपये नकद, टोकन और हिसाब-किताब की डायरी जब्त की है। पश्चिम बंगाल से बुलाई गई थीं लड़कियां

# 'महिला को गर्भ पूरा करने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता'

## सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, 30 हफ्ते की गर्भावस्था को खत्म करने की अनुमति दी




नई दिल्ली, 6 फरवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसला सुनाते हुए साफ-साफ कहा है कि किसी भी महिला, खासकर नाबालिग लड़की को, उसकी इच्छा के खिलाफ गर्भ पूरा करने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। इसके साथ ही अदालत ने 30 हफ्ते की गर्भावस्था को खत्म करने की अनुमति दी है। आपको बता दें कि यह गर्भ एक ऐसी लड़की का था, जो गर्भ ठहरने के समय नाबालिग थी। यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने सुनाया। अदालत ने आदेश दिया है कि मुंबई के जेजे हॉस्पिटल में सभी जरूरी मेडिकल सावधानियों के साथ गर्भपात की प्रक्रिया की जाए। दालत ने अपने आदेश में कहा कि इस मामले में सबसे पहले नाबालिग लड़की के अधिकार को देखना जरूरी है। लड़की एक कठिन हालात से गुजर रही है और वह इस गर्भ को आगे नहीं बढ़ाना चाहती।

अदालत ने कहा कि यह सवाल अहम नहीं है कि संबंध सहमति से था या नहीं, बल्कि सच्चाई यह है कि लड़की नाबालिग है और वह मां बनना नहीं चाहती। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि अगर मां के हित को देखा जाए, तो उसकी अपनी पसंद और फैसला लेने के अधिकार को पूरा महत्व देना होगा। अदालत किसी भी महिला को, और वह भी नाबालिग हो, जबरन मां बनने के लिए मजबूर नहीं कर सकती। सुनवाई के दौरान जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि यह फैसला अदालत के लिए भी आसान नहीं है। एक तरफ अजन्मा बच्चा है, जो जन्म लेने पर एक जीवन होगा,

और दूसरी तरफ लड़की की साफ इच्छा है कि वह गर्भ जारी नहीं रखना चाहती। उन्होंने कहा कि जब 24 हफ्ते तक गर्भपात की इजाजत दी जा सकती है, तो सिर्फ समय ज्यादा होने की वजह से 30 हफ्ते पर उसे क्यों रोका जाए, जबकि लड़की साफ तौर पर बच्चे को जन्म नहीं देना चाहती।

## नवविवाहिता की आत्महत्या मामले में पति-सास पर केस दर्ज

इंदौर, 6 फरवरी (एजेंसियां)। इंदौर के विजयनगर क्षेत्र में नवविवाहिता की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने जांच के बाद पति और सास को आरोपी बनाया है। मामला कल्प कामधेनू नगर निवासी मोनिका पटेल (20) की मौत से जुड़ा है, जिन्होंने 2 फरवरी को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है। एसीपी पराग सैनी की जांच में सामने आया कि मोनिका को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था तथा उसे आत्महत्या के लिए उकसाया गया। इसके आधार पर पुलिस ने पति रितेश पटेल और सास राधा पटेल के खिलाफ दहेज प्रताड़ना और आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है।

# चीन जा रहे शिप से लापता हो गया भारत का मर्चेंट नेवी ऑफिसर, 2 फरवरी को हुई थी परिवार की आखिरी बात



भद्रक, 6 फरवरी (एजेंसियां)। उड़ीसा में भद्रक जिले का एक मर्चेंट नेवी अधिकारी मॉरीशस के पास एक जहाज पर ड्यूटी के दौरान लापता हो गया है। मर्चेंट नेवी यहां से 3 फरवरी को लापता हुआ था। ऑफिसर के लापता होने के बाद परिवार के लोगों ने केंद्र और राज्य सरकार से तुरंत इस मामले में दखल देने की अपील की है। लापता नाविक की पहचान सार्थक महापात्र के रूप में हुई है, ये भद्रक जिले के केसपुर का रहने वाला है। सार्थक, जुलाई 2025 से एक प्राइवेट शिपिंग कंपनी में काम कर रहा है।

सार्थक की मां रश्मिता मोहपात्रा के मुताबिक, जहाज चीन से पश्चिम अफ्रीका गया था और सिंगापुर होते हुए चीन लौट रहा था। उन्होंने कहा कि सार्थक ने 2 फरवरी को मुझसे और परिवार के दूसरे सदस्यों और दोस्तों से बात की थी। उन्होंने कहा कि हम उसके लापता होने से बहुत दुखी हैं और केंद्र और राज्य सरकारों से तुरंत दखल देने का अनुरोध करते हैं।

**प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री से मांगी मदद**

सार्थक की मां ने कहा कि हमने ओडिशा सरकार को ईमेल भेजकर अपने बेटे को बचाने और उसे सुरक्षित घर वापस लाने की अपील की है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट के ज़रिए प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, शिपिंग महानिदेशक और विदेश मंत्रालय से भी मदद मांगी। उन्होंने बताया कि एक मां के तौर पर, मैं पारदर्शी जांच, सीसीटीवी फुटेज तक पहुंच, उसके प्राइवेट सामान की जानकारी और लगातार आधिकारिक अपडेट का अनुरोध करती हूं।

ओडिशा सरकार के सूत्रों के मुताबिक, उन्होंने इस मुद्दे को नई दिल्ली में संबंधित अधिकारियों के सामने उठाया है और उनसे घटना की जांच करने का अनुरोध किया है।

## आप नेता की हत्या: गुरुद्वारे में माथा टेककर निकले थे तभी बाइक सवार बदमाशों ने मारी गोली





जालंधर, 6 फरवरी (एजेंसियां)। पंजाब के जालंधर में गुरुद्वारा साहिब के बाहर आप नेता लक्की ओबरॉय की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। सुबह-सुबह गोलियों की आवाज से इलाके में सनसनी फैल गई। वारदात शुक्रवार सुबह उस समय हुई जब लक्की ओबरॉय मॉडल टाउन में गुरुद्वारा साहिब में माथा टेककर लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि बदमाशों ने आठ-दस राउंड फायरिंग की। हमलावरों ने थार में जा रहे लक्की पर 8 से 10 गोलियां चलाई, जिसमें से कुछ गोलियां उनकी छाती और सिर में लगी थी। उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। लक्की ओबरॉय पार्षद का चुनाव लड़ चुके थे। घटना की सूचना मिलते ही इन्वेस्टिगेशन टीम के एसपी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच में जुट गए। पुलिस के अनुसार, वारदात सुबह करीब सवा आठ बजे हुई। बदमाशों ने ओबरॉय की थार को निशाना बनाया। पुलिस के अनुसार, हमलावर बाइक पर सवार होकर आए थे।

पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। एक दिन पहले तरनतारन के गांव चीमा खुर्द में आप के सरपंच गुरभेज सिंह की तेजधार हथियारों से हमला करके हत्या कर दी गई थी। इस वारदात को अंजाम किसी और ने नहीं, बल्कि आप पार्टी से संबंधित पूर्व सरपंच शरनजीत सिंह ने अपने साथियों से मिलकर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके पड़ताल शुरू कर दी है। चीमा खुर्द का शरनजीत सिंह कांग्रेस के कार्यकाल दौरान गांव का सरपंच रह चुका है। बाद में उसने आप ज्वाइन कर ली। पंचायती चुनाव के दौरान शरनजीत सिंह ने पार्टी की तरफ से चुनाव लड़ने लिए आवेदन दिया, लेकिन गांव वालों की सहमति से गुरभेज सिंह के नाम चुना गया।

# सभी महिलाओं को बुलाओ, जो न आएं उनके नाम काट दो लाडली-बहना योजना पर एमपी के मंत्री के विवादित बोल



भोपाल, 6 फरवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के मंत्री एक बार फिर अपने बयानों को लेकर चर्चा में हैं। सीहोर जिले में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने लाडली-बहना योजना को लेकर बड़ा बयान दिया है, और इस पर विवाद भी खड़ा हो गया है।

उन्होंने महिलाओं को चेतावनी देते हुए कहा कि लाडली-बहना योजना की लाभार्थी अगर सरकारी कार्यक्रमों में शामिल नहीं होंगी, तो उनके नाम योजना से हटा दिए जाएंगे। इछावर विधानसभा क्षेत्र के धामन्दा गांव में आयोजित एक सरकारी कार्यक्रम के दौरान उन्होंने लाडली-बहना योजना की लाभार्थियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर वे कार्यक्रमों में हिस्सा नहीं लेंगी, तो उनके नाम योजना से हटा दिए जाएंगे। इस मौके पर मंत्री ने जिले के नापलाखेड़ी गांव में 56.09 लाख रुपये की लागत से बने नए सब-हेल्थ सेंटर और धामन्दा गांव में 65 लाख रुपये की लागत से बनाए गए आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन किया।

मंत्री वर्मा ने नए सब-हेल्थ सेंटर और आयुष्मान आरोग्य मंदिर के उद्घाटन समारोह के दौरान कहा कि धामन्दा गांव से 894 लाडली बहनों को हर महीने 1500 रुपये दिए जा रहे हैं, फिर भी सरकारी कार्यक्रमों में उनकी उपस्थिति बहुत कम रहती है। महिलाओं की कम उपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए बीजेपी के मंत्री ने कहा कि वह सीईओ से बात करके सभी लाडली बहनों को एक दिन बुलाएंगे। अगर उस दिन भी ये महिलाएं कार्यक्रम में शामिल नहीं होती हैं, तो उनकी रिपोर्ट भेजकर योजना से उनके नाम हटाने की कार्रवाई शुरू की जाएगी। राजस्व मंत्री ने सवाल उठाते हुए पूछा कि क्या कांग्रेस शासन के दौरान महिलाओं को इस तरह की वित्तीय मदद मिलती थी या नहीं। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने केंद्र की ओर से दी जा रही मदद का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली से गेहूं भेज रहे हैं, किसानों के खातों में पैसे सीधे ट्रांसफर किए जा रहे हैं, लेकिन लोग सरकारी योजनाओं का महत्व ही नहीं समझ पा रहे हैं। कांग्रेस की ओर से इस बयान पर विरोध किया गया है। पार्टी का कहना है कि यह सामाजिक सुरक्षा का कार्यक्रम है।

## पहला पेग पीते ही बिगड़ी बीजेपी नेता की तबीयत, अस्पताल पहुंचने से पहले मौत




देहरादून, 6 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तराखंड के खटीमा में बीजेपी नेता ढिल्लू सिंह राणा की शराब पीने के बाद मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ढिल्लू ने शराब के साथ जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। इसी वजह से उनकी मौत हो गई। ढिल्लू के साथ दो अन्य लोगों ने शराब पी थी। इनमें से एक की मौत हो चुकी है और दूसरे की हालत खराब है। ढिल्लू के साथ जान गंवाने वाले व्यक्ति का नाम एडवोकेट मलकीत सिंह है। समाजसेवी एवं जनजाति समाज में मजबूत पकड़ रखने वाले भाजपा नेता ढिल्लू सिंह राणा और मलकीत सिंह राणा की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है। इस दर्दनाक घटना में उनके साथ मौजूद अधिवक्ता प्रवेश मौर्य की हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार तीनों एक विवाह समारोह में शामिल होकर ग्राम सेजना के पास से लौट रहे थे।

इसी दौरान कंजाबाग स्थित शराब भट्टी से शराब की बोतल खरीदकर जानकी मंडप के पास बैठकर जैसे ही पहला पैक लिया, उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। सूत्रों के हवाले से सामने आया है कि जिस स्थान पर तीनों बैठकर शराब पी रहे थे, वहां पानी की बोतल के स्थान पर किसी जहरीले पदार्थ की बोतल भी मिली है। इससे पूरे मामले में साजिश या गंभीर लापरवाही की आशंका गहराती जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंचकर मामले की गहन जांच में जुट गया है। फिलहाल मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के बाद ही हो सकेगी। ढिल्लू सिंह राणा समाजसेवी थे और जनजाति समाज में उनकी अच्छी पकड़ थी।

# ओडिशा का कोरापुट जिला हुआ 'नक्सल-मुक्त', 5.5 लाख की इनामी महिला माओवादी ने किया सरेंडर'

अनुगुल, 6 फरवरी (एजेंसियां)। ओडिशा पुलिस को नक्सल उन्मूलन अभियान में बड़ी सफलता मिली है। प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) की क्षेत्र समिति सदस्य (एसीएम) ममता पोडियामी के आत्मसमर्पण के बाद कोरापुट जिले को औपचारिक रूप से नक्सल-मुक्त जिला घोषित कर दिया गया है। यह सफलता ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा क्षेत्र में वामपंथी उग्रवाद पर निर्णायक प्रहार के रूप में देखी जा रही है। पुलिस के अनुसार, आत्मसमर्पण करने वाली माओवादी कैडर की पहचान ममता पोडियामी (26) के रूप में हुई है, जिसे मामिता और सोनी के नाम से भी जाना जाता था। वह छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले की रहने वाली है और उस पर 55 लाख रुपये का इनाम घोषित था।

ममता ने जिला पुलिस के समक्ष दक्षिण-पश्चिमी रेंज के डीआईजी कंवर विशाल सिंह, डीआईजी बीएसएफ, कोरापुट के एसपी, एक बीएसएफ कमांडेंट तथा जेपोर के एसडीपीओ की उपस्थिति में




आत्मसमर्पण किया। इस दौरान उसने 7.62 एमएम एसएलआर राइफल, एक मैगजीन और 10 जिंदा कारतूस पुलिस को सौंपे। पुलिस ने बताया कि ममता ने हिंसा का रास्ता छोड़ने, माओवादी संगठन से सभी संबंध समाप्त करने तथा भारतीय संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास व्यक्त करने का लिखित संकल्प लिया है।

डीआईजी कंवर विशाल सिंह ने बताया कि ममता को आत्मसमर्पण सहायता के रूप में 5.5 लाख रुपये तथा हथियार सौंपने पर 1.65 लाख रुपये अतिरिक्त दिए जाएंगे। इसके अलावा राज्य सरकार की आत्मसमर्पण-सह-पुनर्वास नीति के तहत उसे आवास, मासिक वजीफा, कौशल विकास प्रशिक्षण, स्वास्थ्य बीमा, रियायती राशन सहित अन्य सुविधाएं भी मिलेंगी। फिलहाल 50 हजार रुपये की अंतरिम राहत पहले ही दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि ममता के आत्मसमर्पण के साथ ही कोरापुट जिला अब माओवादी-मुक्त हो गया है। शेष कैडरों से भी मुख्यधारा में लौटने की अपील है।

पुलिस के मुताबिक, ममता आंध्र-ओडिशा सीमा (एओबी) क्षेत्र की सैन्य प्लाटून की सक्रिय सदस्य रही है और कई नक्सली वारदातों में उसकी संलिप्तता रही है। उसके खिलाफ काटेकल्याण थाना कांड संख्या 28/2023 दर्ज है, जिसमें आईपीसी, आर्म्स एक्ट, विस्फोटक अधिनियम और यूएपीए की विभिन्न धाराएं शामिल हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों में उसकी भूमिका की विस्तृत जांच जारी है।

सरकारी अपील और दबाव का असर अधिकारियों ने इस आत्मसमर्पण का श्रेय मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी, वरिष्ठ पुलिस नेतृत्व की लगातार अपीलों, सुरक्षा बलों के बढ़ते दबाव, माओवादी विचारधारा से उपजी निराशा और राज्य की नई पुनर्वास नीति को दिया है।

पुलिस महानिदेशक वाईबी खुरानिया ने शेष माओवादी कैडरों से हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में लौटने की अपील करते हुए पूर्ण सुरक्षा और सम्मानजनक पुनर्वास का भरोसा दिलाया। उल्लेखनीय है कि कोरापुट, जहां वर्ष 2009 में दमनजोड़ी को घेरने जैसी बड़ी माओवादी घटनाएं हुई थीं, वहां हाल के वर्षों में कानून-व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है।

# जयललिता का बंगला होगा नीलाम

## वारिस अगर टैक्स नहीं भर पाए तो आईटी विभाग लगवा सकता है बोली



चैन्नई, 6 फरवरी (एजेंसियां)। तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव से पहले एक बड़ी खबर आ रही है। ये एक ऐसी खबर है जिससे यहां की सियासत गरमा सकती है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने मद्रास हाई कोर्ट को बताया कि राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता के वारिस अगर इनकम और वेल्थ टैक्स का बकाया नहीं चुका पाते हैं तो उनके शानदार बंगले की नीलामी करा दी जाएगी। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट का कहना है कि अगर जयललिता के कानूनी वारिस 13.69 करोड़ रुपये का इनकम और वेल्थ टैक्स बकाया ब्याज के साथ चुकाने में नाकाम रहे, तो अन्नाद्रमुक की पूर्व प्रमुख के पोएस गार्डन स्थित बंगले 'वेदा निलयम' की नीलामी की जाएगी। हालांकि इस बंगले को उनके जीवनकाल में ही अटैच कर लिया गया था।

**जयललिता के समय ही अटैच हो गई थी प्रॉपर्टी**

हाई कोर्ट को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के सीनियर स्टैंडिंग काउंसिल श्रीनिवासन ने बताया कि यह प्रॉपर्टी जयललिता के जीवनकाल में ही अटैच कर ली गई थी। उन पर इनकम टैक्स का बकाया 1991-92 से 2006-07 तक के अलग-अलग असेसमेंट सालों का है, इसी तरह वेल्थ टैक्स का बकाया 1992-93 से 2015-16 तक के असेसमेंट सालों का है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को लागू ब्याज के साथ बकाया वसूलने का पूरा अधिकार है। पूर्व सीएम जयललिता का निधन 5 दिसंबर, 2016 को हुआ था। इसके बाद, मई 2020 में हाई कोर्ट ने उनकी भतीजी जे। दीपा और भतीजे जे। दीपक को उनका कानूनी वारिस घोषित कर दिया। इस फैसले के बाद, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने उनसे टैक्स का बकाया वसूलने का फैसला किया और उसी साल जुलाई और अगस्त में उन्हें नोटिस जारी किए।

**लीगल दोनों वारिसों ने कोर्ट से मांगी मोहलत**

भतीजी दीपा ने अगस्त के नोटिस को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में एक रिट याचिका दायर की। दूसरी ओर, दीपक ने पिछले साल 11 अगस्त को अपने अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को लिखकर बकाया 6.75 करोड़ रुपये का अपना हिस्सा चुकाने के लिए समयसीमा बढ़ाने का अनुरोध किया। बाद में इनकी ओर से 14 अक्टूबर, 2025 को एक और पत्र भेजा गया और उसे बकाया राशि किस्तों में चुकाने की इजाजत मांगी।

# राफेल जेट से चौतरफा घिरने जा रहा चीन

## भारत के बाद ड्रैगन का वियतनाम भी खरीदने की कर रहा तैयारी



पेरिस, 6 फरवरी (एजेंसियां)। चीन और पाकिस्तान से निपटने के लिए भारत 3 लाख 25 हजार करोड़ रुपये में 114 नए राफेल फाइटर जेट खरीदने की तैयारी कर रहा है। भारतीय रक्षा मंत्रालय इस महाडील पर अगले सप्ताह वचिार विमर्श करने जा रहा है। माना जा रहा है कि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों की अगले महीने होने वाली भारत यात्रा के दौरान राफेल फाइटर जेट की खरीद पर समझौता हो जाएगा। इस बीच भारत के राफेल पर दांव लगाने की तैयारी को देखकर चीन का एक और पड़ोसी देश वियतनम भी अपनी वायुसेना के लिए कथित रूप से फ्रांसीसी फाइटर जेट का आकलन कर रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान राफेल जेट ने चीनी एयर डिफेंस सिस्टम को मात देते हुए पाकिस्तान के अंदर जमकर तबाही मचाई थी। इससे चीन के दादागिरी से परेशान पड़ोसी देश अब राफेल की शरण में जाते दिख रहे हैं।

फ्रांसीसी अखबार एल'एक्सप्रेस ने दावा किया है कि वियतनाम राफेल फाइटर जेट का अगला कस्टमर हो सकता है। वयितनाम अब तक रूस से फाइटर जेट ले रहा था लेकिन अब वह अमेरिकी दबाव तथा चीन के खतरे को देखते हुए हथियारों की खरीद में वविधिता लाना चाहता है। वयितनाम ने साल 2018 में पहले ही सीक्रेट तरीके से राफेल जेट का आकलन किया था। उस समय दो राफेल जेट हिंद प्रशांत क्षेत्र में तैनाती के दौरान वहां कुछ समय के लिए रुके थे। इस रिपोर्ट में कहा गया है, 'इस तरह की डील दोनों ही देशों के लिए ऐतहािसिक हो सकती है।' अभी राफेल जेट बनाने वाली दसाल्ट एविएशन और वियतनाम के रक्षा मंत्रालय ने इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दी है। फ्रांसीसी मीडिया ने यह दावा तब किया है जब दक्षिण पूर्वी एशिया के देश तेजी से बढ़ते सुरक्षा खतरे से निपटने के लिए अत्याधुनिक सैन्य उपकरण खरीदने पर जोर दे रहे हैं। खासतौर से दक्षिण चीन सागर में खतरा बढ़ रहा है जहां चीनी नौसेना बहुत तेजी से अपना दबदबा बढ़ा रही है। चीन लगभग पूरे दक्षिण चीन सागर को अपना बता रहा है।

चीन का वियतनाम, फलीपींस और जापान समेत कई देशों के साथ समुद्री सीमा विवाद है। वियतनाम अगर राफेज जेट खरीदता है तो वह दूसरा दक्षिण पूर्वी एशियाई देश होगा जो यह फाइटर जेट खरीदने जा रहा है। इससे पहले इंडोनेशिया ने भी 42 राफेल फाइटर जेट खरीदे थे और उसे पहले 3 फाइटर जेट मिल भी गए हैं। इंडोनेशिया की सेना ने इसकी पुष्टि भी की है। वियतनाम अगर राफेल फाइटर जेट खरीदता है तो इससे फ्रांसीसी जेट के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर को लेकर पाकिस्तान और चीन का संयुक्त प्रोपेगैंडा भी बंद हो जाएगा। पाकिस्तान ने राफेल के खिलाफ चीन के बनाए जे-10 सी को उतारा था।

फ्रांसीसी सेना और खुफिया अधिकारियों ने पिछले साल जोर देकर कहा था कि चीन ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष के बाद अपने दूतावासों को राफेल जेट की क्षमता के खिलाफ दुष्प्रचार करने के लिए लगा दिया था। चीन के विदेशी दूतावासों के डिफेंस अताशे ने राफेल जेट की बिक्री को रोकने के लिए यह दुष्प्रचार किया ताकि वह अपने जे-10 सी और जेएफ-17 जेट को बेच सके। चीन की कोशिश थी कि वह उन देशों को अपने पाले में लाए जो राफेल खरीदना चाहते हैं या उसे खरीद चुके हैं। चीन के इस दुष्प्रचार के बाद भी इंडोनेशिया ने इस फाइटर जेट पर भरोसा किया।

# पाकिस्तानी पीएम बोले- कश्मीर पाकिस्तान का हिस्सा बनेगा

## कश्मीरियों के साथ मजबूती से खड़े हैं यह इलाका पाक की लाइफ लाइन है

इस्लामाबाद, 6 फरवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने गुरुवार को पीओके में कश्मीर को लेकर एक बार फिर विवादित बयान दिया है। मुजफ्फराबाद में विधानसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, 'कश्मीर पाकिस्तान का हिस्सा बनेगा।'

शहबाज शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान कश्मीरियों के साथ मजबूती से खड़ा है और जम्मू-कश्मीर विवाद का हल कश्मीर के लोगों की इच्छा के मुताबिक होना चाहिए। शहबाज ने कहा कि जम्मू-कश्मीर विवाद का समाधान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के प्रस्तावों को लागू करने से ही हो सकता है।

उन्होंने कहा, 'मैं पाकिस्तानी लोगों और पाकिस्तानी नेतृत्व की ओर से कश्मीर के अपने भाइयों के साथ एकजुटता दिखाने आया हूं।' उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना ने इस क्षेत्र को पाकिस्तान की लाइफ लाइन बताया था।

शहबाज ने यह भी कहा कि पाकिस्तान क्षेत्र में शांति चाहता है, लेकिन यह शांति बराबरी और न्याय के आधार पर ही संभव है।



हर साल की तरह इस साल भी 5 फरवरी को पाकिस्तान में कश्मीर एकजुटता दिवस (कश्मीर सॉलिडैरिटी डे) मनाया गया।

इसमें रैलियां, प्रदर्शन और सेमिनार आयोजित किए गए। स्टेट रन रेडियो पाकिस्तान ने बताया कि संघर्ष में जान गंवाने वालों की याद में सुबह 10 बजे एक मिनट का मौन रखा गया। लोग बैनर और प्लेकार्ड लेकर आए थे।

भारत ने पाकिस्तान के दावों को लगातार खारिज किया है। नई दिल्ली का साफ कहना है कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न अंग थे, हैं और हमेशा रहेंगे। शहबाज शरीफ ने कहा कि कश्मीर का मुद्दा पाकिस्तान की फॉरेन पॉलिसी का आधार है। शहबाज ने भारत और पाकिस्तान के बीच मई 2025 में हुए चार दिवसीय सैन्य संघर्ष को भी याद किया। उन्होंने दावा किया कि इस संघर्ष के बाद कश्मीर मुद्दा एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पूरी ताकत के साथ उठाया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत अब प्रॉक्सी के जरिए आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। पाकिस्तान मिलिटेंट ग्रुप बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) को भारत का समर्थन मिलने का दावा करता है, जबकि भारत ऐसे आरोपों को हमेशा खारिज करता रहा है।

शहबाज ने सभा में कहा कि कश्मीर की लड़ाई फिलिस्तीन की तरह है। उन्होंने दोनों मुद्दों को न्याय और आत्म-निर्णय की लड़ाई बताया। पाकिस्तानी पीएम ने अलगाववादी और उग्रवादी आंदोलनों से जुड़े कई लोगों का भी जिक्र किया।

पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने भी एक बयान जारी कर कश्मीरियों के लिए पाकिस्तान के नैतिक, कूटनीतिक और राजनीतिक समर्थन की बात दोहराई। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कश्मीर मुद्दा उठाता रहेगा।

शहबाज शरीफ ने सितंबर 2025 को यूएन में भारत को दुश्मन बताते हुए दावा किया था कि भारत के साथ हुए संघर्ष में पाकिस्तान की जीत हुई थी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने संघर्ष के दौरान भारत के 7 विमान गिराए थे।

शहबाज ने कहा कि उन्होंने पहलगाम हमले की निष्पक्ष अंतरराष्ट्रीय जांच की अपील की थी, लेकिन भारत ने उस प्रस्ताव को ठुकरा दिया और उस त्रासदी का राजनीतिक फायदा उठाया। भारत का कट्टरपंथी हिंदुत्व दुनिया के लिए एक गंभीर खतरा है।

शरीफ ने कहा कि वे पिछले साल ही यूएन के मंच से चेतावनी दे चुके थे कि पाकिस्तान किसी बाहरी हमले को सहने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि उनकी चेतावनी सच साबित हुई। इस साल मई में बिना उकसावे के पाकिस्तान पर हमला हुआ।

# अमेरिकी नागरिकों को तुरंत ईरान छोड़ने की चेतावनी

वॉशिंगटन/तेहरान, 6 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका ने ईरान में रह रहे अपने नागरिकों को तुरंत देश छोड़ने की सख्त चेतावनी दी है। वर्चुअल अमेरिकी दूतावास ने कहा है कि देश में सुरक्षा की स्थिति बेहद खराब हो गई है। बढ़ती अशांति, पाबंदियां और यात्रा में रुकावटें लोगों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन रही हैं।

एम्बेसी ने साफ कहा है कि जल्द से जल्द ईरान छोड़ दें। अपने निकलने का प्लान खुद बनाएं और इसमें अमेरिकी सरकार की मदद पर भरोसा न करें। मौजूदा हालात में आधिकारिक सहायता बेहद सीमित है।

ईरान में देशव्यापी विरोध प्रदर्शन और अशांति के कारण सुरक्षा व्यवस्था सख्त हो गई है। सड़कें बंद हैं, सार्वजनिक परिवहन ठप है, इंटरनेट और मोबाइल-लैंडलाइन सेवाएं बार-बार बाधित हो रही हैं। कई एयरलाइंस ने ईरान आने-जाने वाली उड़ानों को सीमित या रद्द कर दिया है, जिससे बाहर निकलना और भी मुश्किल हो गया है। इस बीच अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु वार्ता आज ओमान की राजधानी मस्कट में शुरू हो रही है। यह पिछले करीब नौ महीनों में दोनों देशों के बीच पहली औपचारिक बैठक है, जो जून 2025 में हुए संघर्ष के बाद से निलंबित थी।

अमेरिकी चेतावनी में कहा गया है कि अगर तुरंत निकलना संभव न हो तो सुरक्षित जगह पर रहें। वहां खाना, पानी, दवाइयां और जरूरी सामान का स्टॉक रखें। इंटरनेट ब्लैकआउट जारी रहने की संभावना है, इसलिए परिवार और दोस्तों से संपर्क के लिए दूसरे तरीके सोचें। यूएस एम्बेसी ने अमेरिका-ईरान की दोहरी नागरिकता रखने वाले लोगों के लिए ज्यादा खतरा बताया है। ईरान दोहरी नागरिकता को मान्यता नहीं देता, इसलिए ऐसे लोग ईरानी पासपोर्ट से ही बाहर निकल सकते हैं। अमेरिकी पासपोर्ट दिखाना या अमेरिका से जुड़ाव जाहिर करना ईरानी अधिकारियों के लिए हिरासत में लेने का कारण बन सकता है। ऐसे में पूछताछ, गिरफ्तारी या लंबी हिरासत का खतरा है। जो अमेरिकी नागरिक बिना वैध अमेरिकी पासपोर्ट के हैं, उन्हें ईरान छोड़ने के बाद नजदीकी अमेरिकी दूतावास से पासपोर्ट बनवाने की सलाह दी गई है। अमेरिकी सरकार ने साफ किया है कि ईरान में कूटनीतिक और कांसुलर संबंध न होने की वजह से वह अपने नागरिकों की मदद करने की स्थिति में नहीं है।

# गटर के ढक्कन चोरी हो रहे

## सीएम मरियम नवाज ने कानून बनाया 10 साल जेल की सजा का एलान



कराची,6 फरवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में गटर के ढक्कनों की चोरी बढ़ती जा रही है। इसे रोकने के लिए सीएम मरियम नवाज शरीफ ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर कानून बनाने का एलान किया है।

मरियम ने वीडियो में बताया कि इस कानून के तहत ढक्कन चुराने, बेचने या खरीदने वालों को 1 से 10 साल तक की जेल हो सकती है। अगर खुले गटर में गिरने से किसी की मौत हो जाती है, तो 10 साल की सजा और 30 से 50 लाख रुपये तक का जुर्माना भी लगेगा। यह कानून चोरों, कबाड़ियों और खरीदारों सभी पर लागू होगा। मरियम ने कहा कि सुबह लगाए गए ढक्कन रात तक गायब हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि चोर गधा गाड़ी पर आते हैं और ढक्कन चुरा ले जाते हैं। इससे लोगों की जान जा रही है। उन्होंने बताया कि लाहौर के भाटी गेट के पास गटर में गिरने से एक महिला और उसके 10 महीने बच्चे की मौत हो गई थी।

मरियम ने लोगों से अपील की है कि वे ढक्कन की चोरी न करें। ढक्कनों की चोरी का मुख्य कारण देश में चल रहा गंभीर आर्थिक संकट है। ये ढक्कन आमतौर पर लोहा या स्टील से बने होते हैं। लोग इन्हें चोरी करके मेटल के रूप में बेचकर पैसे कमाने की कोशिश कर रहे हैं।

# पुतिन के टॉप जनरल व्लादिमीर अलेक्सेयेव पर जानलेवा हमला

## बरसाईं ताबड़तोड़ गोलियां, हालत गंभीर

मॉस्को, 6 फरवरी (एजेंसियां)। रूस की राजधानी मॉस्को में पुतिन के टॉप जनरल व्लादिमीर अलेक्सेयेव पर जानलेवा हमला हुआ है। हमलावरों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियों से हमला कर दिया। उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रूसी जांच समिति की प्रवक्ता स्वेतलाना पेट्रेंको ने यह जानकारी दी। यह हमला उत्तर-पश्चिमी मॉस्को के एक रिहायशी इलाके में हुआ। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, 6 फरवरी 2026 को जब जनरल अलेक्सेयेव वोलोकोलाम्स्कोये हाईवे के पास एक इमारत में थे, तब एक अनजान हमलावर ने पर उन पर हमला बोल दिया। हमला करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।

रूस की जांच समिति की प्रवक्ता स्वेतलाना पेट्रेंको ने इस हमले की पुष्टि की। उन्होंने बताया



कि इस मामले में हत्या की कोशिश (आर्टिकल 30 और 105) और हथियारों की अवैध तस्करी (आर्टिकल 222) के तहत केस दर्ज किया गया है।

जांच एजेंसियां और फोरेंसिक एक्सपर्ट घटनास्थल पर सबूत जुटा रहे हैं। इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है और गवाहों से भी पूछताछ हो रही है।

प्रवक्ता ने बताया कि हमलावरों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए एक बड़ा तलाशी अभियान चलाया गया है। हालांकि, अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि इस हमले के पीछे किसका हाथ हो सकता है। जनरल अलेक्सेयेव साल 2011 से रूस की मिलिट्री इंटेलिजेंस में बड़े पद पर काम कर रहे हैं।

यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से रूस के कई बड़े सैन्य अधिकारियों पर हमले हुए हैं। इससे पहले 22 दिसंबर 2025 को एक कार बम धमाके में लेफ्टिनेंट जनरल फानिल सरवारोव की मौत हो गई थी। उनकी कार में बम लगाया गया था।

इसी तरह, 25 अप्रैल 2025 को भी मॉस्को के पास बालाशिखा इलाके में एक कार बम विस्फोट हुआ था। इस हमले में लेफ्टिनेंट जनरल यारोस्लाव यारोस्लाविच मोस्कालिक की जान चली गई थी।

# रूस से युद्ध हुआ तो पुतिन कर लेंगे यूरोपीय देशों पर कब्जा

## नाटो वॉरगेम के नतीजों से हड़कंप



मॉस्को, 6 फरवरी (एजेंसियां)। रूस के फरवरी, 2022 में यूक्रेन पर हमले के बाद से यूरोप में इस मुद्दे पर चिंता देखी गई है। यूरोपीय देशों और नाटो प्रमुख की ओर से बार-बार रूस के साथ संभावित युद्ध की तैयारी करने बात कही गई। यूरोप से रक्षा बजट बढ़ाने के दावे भी बीते चार साल से किए जाते रहे हैं। इन सब दावों के उलट नए जारी किए गए वॉरगेम से पता चलता है कि यूरोप जंग के लिए बिल्कुल तैयार नहीं हैं। रूस से लड़ाई हुई तो उनकी हार निश्चित है। खासतौर से अमेरिका दूरी बनाई तो रूस के सामने यूरोप टिक नहीं सकेगा।

नाटो पर रूसी हमले के नतीजों को भांपने वाले इस वॉर गेम से पता चलता है कि यूरोपीय देश रूस के किसी सैन्य हमले का सामना नहीं कर सकेंगे। पूर्व जर्मन और नाटो अधिकारियों ने यह अभ्यास किया है। इस अभ्यास में पाया गया कि व्लादिमीर पुतिन अगर रूसी आर्मी को हमले का आदेश देते हैं तो उनको कुछ ही दिन में जीत मिल सकती है।

इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट के मुताबिक, अधिकारियों ने अपने वॉरगेम में लिथुआनिया में रूसी घुसपैठ का सिमुलेशन किया गया था। इसमें निष्कर्ष निकला कि मॉस्को ने ऐसी कोशिश की तो वह कुछ ही दिनों में अपने ज्यादातर लक्ष्य हासिल कर लेगा। इस अभ्यास में ऐसा परिदृश्य पैदा किया गया, जिसमें रूस हमला कर देता है।

इस अभ्यास में ऐसी स्थिति की कल्पना की गई, जिसमें क्रेमलिन ने कलिनिनग्राद के रूसी एन्क्लेव में मानवीय संकट के दावों का इस्तेमाल करके लिथुआनियाई शहर मारिजमपोल में अपनी सेना भेज दी है। यह पूर्व में महत्वपूर्ण शहरी इलाका है, जिससे रूस और बेलारूस को जोड़ने वाली सड़क गुजरती है।

रूस के हमले के इस परिदृश्य को अक्टूबर 2026 में हुआ माना गया है। इसमें कहा गया है कि अमेरिकी नेतृत्व के पीछे हटने और नाटो देशों की हिचकिचाहट मॉस्को को कुछ ही दिनों में बाल्टिक पर पूरी तरह से नियंत्रण हासिल करने का मौका दे सकता है। इसमें केवल 15,000 सैनिकों की शुरुआती सेना का इस्तेमाल किया जाएगा।

पोलिश सुरक्षा विश्लेषक बार्टलोमी कोट ने द वॉल स्ट्रीट जर्नल से कहा है कि रूसी अपने लक्ष्य बिना इकाइयों को हिलाए हासिल कर सकते हैं।

# अमेरिका की खूंखार अपराधियों की सूची में 89 भारतीय शामिल

## डीएचएस ने आपराधिक प्रवासियों का किया खुलासा

वॉशिंगटन, 6 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका ने अवैध प्रवास और अपराध के खिलाफ अपनी सख्त नीति को और तेज करते हुए 89 भारतीय नागरिकों को 'सबसे बुरा' यानी सबसे खतरनाक अपराधी की सूची में शामिल किया है। यह सूची अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) द्वारा एक नई सार्वजनिक वेबसाइट पर जारी की गई है, जिसमें गंभीर अपराधों में दोषी पाए गए अवैध प्रवासियों का विवरण दिया गया है।

विभाग की ओर से शुरू की गई इस वेबसाइट में अपराधियों के नाम, तस्वीरें, राष्ट्रीयता और उनके द्वारा किए गए अपराधों की जानकारी सार्वजनिक की गई है। विभाग का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य अमेरिकी नागरिकों को यह दिखाना है कि किन आपराधिक अवैध प्रवासियों को गिरफ्तार कर उनके समुदायों से हटाया गया है।

वेबसाइट के शुरुआती संदेश में बताया गया है कि इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट (आईसीई) द्वारा गिरफ्तार किए गए सबसे गंभीर अपराधियों को प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित किया जा रहा है।

इसमें हत्या, यौन अपराध, ड्रग तस्करी और हिंसक अपराधों में शामिल लोगों को सबसे पहले सूचीबद्ध किया गया है। डीएचएस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी इस वेबसाइट की जानकारी साझा करते हुए कहा कि अब आम लोग खुद देख सकते हैं कि किन अपराधियों को पकड़ा गया है, उन्होंने क्या अपराध किए और उन्हें किन इलाकों से हटाया गया।

सूची में शामिल 89 भारतीय नागरिकों पर यौन अपराध, बलात्कार, ड्रग तस्करी, चोरी, डीयूआई (नशे में वाहन चलाना), हिट एंड रन, तस्करी, धोखाधड़ी, डकैती, हमला, अपहरण, मनी लॉन्ड्रिंग, घरेलू हिंसा और एक हत्या जैसे गंभीर आरोप दर्ज हैं। सभी नाम ऐसे लोगों के हैं जिन्हें अमेरिका में गिरफ्तार कर दोषी ठहराया जा चुका है। इस वेबसाइट में सर्च फिल्टर की सुविधा भी दी गई है, जिससे उपयोगकर्ता नाम, देश या राज्य के आधार पर जानकारी खोज सकते हैं।

# एरिजोना में हेलीकॉप्टर हादसा, दो की मौत

वाशिंगटन, 6 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका के एरिजोना में पुलिस हेलीकॉप्टर के क्रैश होने से पायलट और एक ट्रूपर की मौत हो गई। दोनों पुलिस और आपातकालीन सेवाओं के लिए काम कर रहे थे। घटना उस समय हुई जब वे फ्लैगस्टाफ में दो घंटे तक चल रहे गोलीबारी के मुआयने के लिए हवाई निगरानी दे रहे थे। गोलीबारी एक घरेलू हिंसा के मामले से शुरू हुई थी। आरोपी ने पुलिस पर लंबे राइफल से फायर किया और पड़ोस में छत से छत पर कूदते हुए पुलिस को निशाना बनाया। आरोपी को बाद में गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। मारे गए ट्रूपर ने 2022 में विभाग जॉइन किया था और पायलट पहले 10 साल अमेरिकी मरीन कोर में सेवा दे चुके थे। पुलिस संगठन ने दोनों की शहादत को अत्यंत दुखद बताया।

# मिसाइल-ड्रोन की बारिश, हूती-हिजबुल्ला के हमले और साइबर युद्ध

## ईरान का अमेरिका के खिलाफ वॉर प्लान तैयार




तेहरान, 6 फरवरी (एजेंसियां)। ईरान ने अमेरिका के साथ युद्ध के लिए कथित तौर पर एक लंबा-चौड़ा प्लान तैयार किया है। इसमें मिसाइल-ड्रोन की बारिश, प्रॉक्सी हमलों में बढ़ोतरी, साइबर ऑपरेशन और ग्लोबल तेल सप्लाई में रुकावट की योजना शामिल है। ईरान ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से सैन्य हमले की धमकियों के बीच यह प्लान बनाया है।

अमेरिका की ओर से लगातार ईरान पर सैन्य हमले की धमकियां दी जा रही हैं। ईरानी सरकार ने किसी भी हमले का पूरी मजबूती से जवाब देने की बात कही है।

इजरायली वेबसाइट यरूशलम पोस्ट के मुताबिक, आईआरजीसी से जुड़ी तसनीम न्यूज एजेंसी ने बताया है कि ईरान ने अमेरिका के साथ युद्ध के लिए डिटेल प्लान बनाकर पब्लिश किया है।

यह युद्ध का प्लान घनी आबादी वाले इलाकों या न्यूक्लियर और मिलिट्री साइट पर अमेरिकी हमलों के बाद एक्टिव होता है। इसके बाद अमेरिकी क्षेत्रीय ठिकानों पर ईरान का तेजी से जवाबी हमला होगा।

रिपोर्ट दावा करती है कि ईरान का यह डॉक्यूमेंट मजबूत अंडरग्राउंड इंफ्रास्ट्रक्चर और रिडंडेंट कमांड नेटवर्क की बात करता है। इस ढांचे को शुरुआती हमले से बचने और लगातार जवाबी कार्रवाई करने के लिए डिजाइन किया गया है। ईरान के बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन के बड़े हमलों का मकसद पैट्रियट और थाड़ डिफेंस सिस्टम को कमजोर करना है।

इस प्लान के तहत लेबनान का हिजबुल्लाह गुट, यमन के हूती विद्रोही और ईरान समर्थित इराकी मिलिशिया की ओर से भी जंग में शिरकत की जाएगी। ये गुट अमेरिकी ठिकानों पर हमले बढ़ाएंगे, जिससे अमेरिका का ध्यान बंटेगा।

इस दौरान तेहरान का साइबर कंपोनेंट अमेरिकी तैनाती को बाधित करने के लिए ट्रांसपोर्ट, एनर्जी, फाइनेंस और मिलिट्री कम्युनिकेशन को टारगेट करेगा।

# 300 किलो गोल्ड लूटने वाली गैंग का माइस्टमाइंड एनकाउंटर में ढेर

## प्रिंस को दौड़ाकर मारी गोली, पीएमसीएच से पुलिस को चकमा देकर भागा था

हाजीपुर, 6 फरवरी (एजेंसियां)। वैशाली पुलिस ने शुक्रवार को गोल्ड लूट मामले में मास्टरमाइंड प्रिंस को एनकाउंटर में ढेर किया है। सदर थाना क्षेत्र के हनुमान नगर कॉलोनी में पटना एसटीएफ और वैशाली पुलिस ने मिलकर ये कार्रवाई की है।

सुबोध गैंग देश के 7 राज्यों से 300किलो से ज्यादा सोना लूट चुकी है। प्रिंस इसी गैंग का सरगना और जेल में बंद सुबोध का राइट हैंड था।

पुलिस ने करौली में प्रिंस के घर पर पोस्टर चिपकाकर उसे सरेंडर करने को कहा था। इसी दौरान शुक्रवार को बिहार एसटीएफ को इनपुट मिला कि प्रिंस सदर थाना क्षेत्र के हनुमान नगर में एक घर में छिपा है।

सूचना की पुष्टि की गई। सही पाए जाने के बाद पुलिस और एसटीएफ की टीम ने इलाके को घेर लिया। प्रिंस को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी शुरू की गई। इस दौरान प्रिंस ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में एसटीएफ ने उसे मार गिराया।




दिलीप कुमार चौधरी ने बताया कि, पास वाली बिल्डिंग में एक लड़का कुछ दिनों से किराए के घर में रहने आया था। प्रिंस उसी के घर में छिपा था। पुलिस को देखते ही उन लोगों ने गोली चलानी शुरू कर दी। मैं घर में टीवी देख रहा था। आवाज सुनकर बाहर आया। मैंने दोनों ओर से गोली चलने की आवाज सुनी। प्रिंस 4 सितंबर 2025 को पटना पुलिस की कस्टडी से फरार हो गया था। वैशाली कोर्ट से पेशी के दौरान भागने के बाद प्रिंस ने पंजाब में गोल्ड लूट की थी। काफी मशक्कत के बाद पटना पुलिस ने प्रिंस को पंजाब से गिरफ्तार किया था।

प्रिंस के आजाद होने से देश में एक बार फिर बड़ी गोल्ड लूट का खतरा मंडराने लगा था। कई राज्यों की पुलिस को प्रिंस की तलाश थी। नेपाल तक पुलिस उसके कनेक्शन खंगाल रही थी।

2018 में प्रिंस कुमार को पातेपुर कांड में वैशाली न्यायालय में पेश किया गया था। इस दौरान प्रिंस को छुड़ाने के लिए हवलदार राम एकबाल रविदास पर 3 अज्ञात बदमाशों ने गोली चला दी। इस दौरान प्रिंस हवलदार से हाथापाई करने लगा। तभी हवलदार को गोली लग गई।

हवलदार को सदर अस्पताल, हाजीपुर ले जाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। इसके बाद से वह फरार था।

# त्रियुगीनारायण में शिव जी और माता पार्वती हुए थे एक तीन युगों से जल रही विवाह की साक्षी अग्नि





मान्यता है कि महाशिवरात्रि की रात भगवान शिव और माता पार्वती धरती लोक पर भ्रमण करते हैं और व्रत व पूजा करने वालों को विशेष आशीर्वाद देते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि शिव जी और माता पार्वती का विवाह कहां हुआ था? आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।

देवों के देव महादेव ने माता पार्वती के साथ फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर सात फेरे लिए थे। शिव जी और माता पार्वती के विवाह में देवता, गंधर्व, भूत-प्रेत और नंदी आदि शामिल हुए थे। दोनों के विवाह के दिन को ही महाशिवरात्रि के पर्व के रूप में मनाया जाता है। इस साल महाशिवरात्रि 15 फरवरी को मनाई जाएगी। महाशिवरात्रि के अवसर पर भक्त व्रत व शिव जी और माता पार्वती की विशेष पूजा करते हैं।

मान्यता है कि महाशिवरात्रि की रात भगवान शिव और माता पार्वती धरती लोक पर भ्रमण करते हैं और व्रत व पूजा करने वालों को विशेष आशीर्वाद देते हैं। महादेव और माता पार्वती के आशीर्वाद से जीवन के सभी दुख और कष्ट दूर हो जाते हैं। जीवन में खुशियां आती हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि शिव जी और माता पार्वती का विवाह कहां हुआ था? आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।

**शिव महापुराण के अनुसार...**

भगवान शिव और पार्वती का विवाह देवभूमि उत्तराखंड में हुआ था। जहां दोनों का विवाह हुआ, उस मंदिर को लोग आज त्रियुगीनारायण के नाम से जानते हैं। ये मंदिर उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित है। मान्यताओं के अनुसार, त्रियुगीनारायण मंदिर एक प्राचीन धार्मिक स्थल है। इसका पौराणिक कथाओं में जिक्र है।

लगभग 1980 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह मंदिर शांत पहाड़ियों, देवदार के वृक्षों से घिरा हुआ है। यहां का वातावरण बड़ा ही अलौकिक है। धार्मिक आस्था के साथ-साथ इस जगह की लोकप्रियता डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए भी तेजी से बढ़ी है। इस मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता यहां स्थित अखंड धुनी बताई जाती है। मंदिर के सामने बने हवन कुंड में यह दिव्य अग्नि कभी बुझती नहीं है।

**त्रेतायुग से जल विवाह की साक्षी अग्नि**

मान्यता के अनुसार, भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह की यह अग्नि साक्षी बनी थी। कहा जाता है कि हवन कुंड में यह दिव्य अग्नि त्रेतायुग से निरंतर जलती आ रही है। भक्त इस अग्नि में लकड़ियां डालते हैं। यही नहीं इस पवित्र अग्नि से प्राप्त राख को प्रसाद के रूप में खाते हैं। शिव-पार्वती विवाह में समस्त देवी-देवताओं की उपस्थित थे। ब्रह्मा जी ने विवाह कराया था। विष्णु जी ने माता पार्वती का कन्यादान किया था।

# क्यों खाली जेब वाला भी हो सकता है सबसे अमीर इंसान ?



एक महर्षि थे, उनका नाम था कणाद। किसान जब अपना खेत काट लेते थे तो उसके बाद जो अन्न के कण पड़े रह जाते थे, उन्हें बिन कर वह अपना जीवन चलाते थे। इसी से उनका यह नाम पड़ गया था। जब देश के राजा को उनके कष्ट का पता चला तो उसने बहुत-सा धन लेकर अपने मंत्री को उनके पास भेजा। मंत्री पहुंचा तो महर्षि ने कहा, ''मैं ठीक हूं। इस धन-दौलत को तुम उन लोगों में बांट दो, जिन्हें इसकी जरूरत है।'' इस तरह राजा ने तीन बार अपने मंत्री को भेजा और तीनों बार महर्षि ने कुछ भी लेने से मना कर दिया।

आखिर में राजा खुद उनके पास गया। वह अपने साथ बहुत-सा धन ले गया।

उसने महर्षि से इसे स्वीकार करने की प्रार्थना की किंतु वह बोले, ''उन्हें दे दो, जिनके पास कुछ नहीं है। मेरे पास तो सब कुछ है।'' राजा को आश्चर्य हुआ जिसके तन पर एक लंगोटी मात्र है, वह कह रहा है कि उसके पास सब कुछ है। उसने लौटकर पूरी कहानी अपनी रानी से कही। वह बोली, ''आपने भूल की। ऐसे साधु के पास कुछ देने के लिए नहीं, लेने के लिए जाना चाहिए।''

राजा उसी रात महर्षि के पास गए और माफी मांगी। कणाद ने कहा, ''गरीब कौन है? मुझे देखो और अपने को देखो। बाहर नहीं, भीतर। मैं कुछ भी नहीं मांगता, कुछ भी नहीं चाहता। इसलिए अचानक ही सम्राट हो गया हूं। एक धन-दौलत बाहर है और एक भीतर है। जो बाहर है वह आज या कल छिन ही जाती है। इसलिए जो जानते हैं वे उसे संपदा नहीं, विपदा मानते हैं।''

# घर में रखें इस धातु की मछली, बदल जाएगी आपकी किस्मत

किस धातु की मछली है सबसे उत्तम ?

वास्तु विज्ञान के अनुसार, पीतल की बनी मछली घर के लिए सबसे प्रभावशाली मानी जाती है। यह घर में शांति और धन के प्रवाह को बढ़ाती है। यदि आप इसे अपने लॉकर या तिजोरी में रखते हैं, तो यह अनावश्यक खर्चों को रोकती है और बचत बढ़ाती है।

**घर में मछली रखने के बड़े फायदे**

धातु की मछली घर में मौजूद वास्तु दोषों के प्रभाव को कम करती है और नकारात्मक ऊर्जा को बाहर निकालती है। मछली को लक्ष्मी का कारक माना जाता है। इसे रखने से करियर में तरक्की और व्यवसाय में लाभ के योग बनते हैं। घर के सदस्यों के बीच कलह कम होती है और वातावरण खुशहाल रहता है।

**सही दिशा और स्थान**

मछली को हमेशा घर की उत्तर या पूर्व दिशा में रखना चाहिए। ये दिशाएं धन और स्वास्थ्य के लिए शुभ मानी जाती हैं। इसे आप अपने बैठक में किसी मेज या शोकेस में रख सकते हैं। यदि आप इसे अपने ऑफिस की टेबल पर रखते हैं, तो यह एकाग्रता और सफलता को बढ़ावा देती है।

**इन बातों का रखें विशेष ध्यान**

मछली का मुंह हमेशा घर के अंदर की तरफ होना चाहिए, जिससे समृद्धि घर के भीतर आए। धातु की मछली पर धूल न जमने दें। इसकी चमक जितनी बरकरार रहेगी, सकारात्मक ऊर्जा उतनी ही प्रभावी होगी। यदि संभव हो तो मछलियों का जोड़ा रखें, यह वैवाहिक जीवन और संबंधों में मधुरता लाता है। यदि आप घर में असली फिश एक्वेरियम नहीं रख सकते, तो धातु की मछली उसका एक बेहतरीन और प्रभावशाली विकल्प है।

# चांदी के गिलास में पानी पीने से बदल सकता है आपका भाग्य



चांदी को बेहद पवित्र और शीतल धातु माना गया है। जिसका संबंध चंद्रमा और शुक्र से है। कहते हैं जिनकी कुंडली में इन दोनों ग्रहों की स्थिति मजबूत होती है ऐसे लोग जीवन में खूब सफलता पाते हैं। वहीं अगर ये ग्रह कमजोर स्थिति में हैं तो जीवन में तमाम परेशानियां आने लगती हैं। ऐसे में आप इन ग्रहों को चांदी के गिलास में पानी पीकर मजबूत कर सकते हैं। चलिए जानते हैं चांदी के गिलास में पानी पीने से और क्या फायदे होते हैं।

चांदी के गिलास में पानी पीने के ज्योतिषीय लाभ

चांदी के गिलास में पानी पीने से शुक्र और चंद्रमा मजबूत होते हैं।

जिन लोगों का मन बहुत भटकता है या जिनके अंदर एकाग्रता की कमी है उनके लिए चांदी के गिलास में पानी पीना रामबाण है। इससे मन स्थिर रहता है जिससेर निर्णय लेने की क्षमता बढ़ती है।

जिन लोगों को छोटी-छोटी बातों पर घबराहट होने लगती है उन्हें भी चांदी के गिलास से पानी जरूर पीना चाहिए। इससे मन को मजबूती मिलती है।

जिन्हें हर छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा आता है उन्हें भी चांदी के गिलास में पानी जरूर पीना चाहिए। इससे स्वभाव में सौम्यता आती है।

चांदी पर शुक्र का भी प्रभाव होता है इसलिए चांदी के गिलास में पानी पीने से या चांदी के बर्तनों का इस्तेमाल करने से सुख-सुविधाएं और वैभव बढ़ता है।

कहा जाता है कि चांदी के पात्र का नियमित तौर पर उपयोग करने से राहु की नकारात्मक ऊर्जा कम होने लगती है और मन में किसी तरह का भ्रम पैदा नहीं होता।

जो लोग काफी इमोशनल होते हैं उन्हें भी चांदी के गिलास में पानी जरूर पीना चाहिए। इससे इमोशन को कंट्रोल करने में मदद मिलती है।

**चांदी के गिलास में पानी कैसे पिएं ?**

वैसे तो आप कभी भी कैसे भी चांदी के गिलास में पानी पी सकते हैं। लेकिन इसमें पानी पीने का सबसे उत्तम तरीका ये है कि आप रात में ही चांदी के गिलास में पानी भरकर रख दें और फिर इसे सुबह खाली पेट पिएं। यदि गिलास संभव न हो तो इस स्थिति में आप किसी भी गिलास में एक शुद्ध चांदी का सिक्का डालकर छोड़ दें और फिर वह पानी सुबह पिएं। इससे आपको शारीरिक, मानसिक और आर्थिक लाभ मिलने शुरू हो जायेंगे।

# लाल किताब के अनुसार घर में जरूर रखें ये 3 चीजें

## उन्नति और धन लाभ के बनने लगेंगे योग



लाल किताब में जीवन को बेहतर बनाने के लिए कई उपाय बताए गए हैं। इन उपायों को करने से ग्रहों की स्थिति भी सुधरती है और आपको जीवन में सुख-संपत्ति और उन्नति भी प्राप्त होती है। ऐसे में आज हम आपको लाल किताब में बताई गई कुछ ऐसी चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो घर में हों तो सकारात्मकता घर में बनी रहती है। इन चीजों को घर में रखने से धन लाभ भी होता है और आपको करियर के क्षेत्र में उन्नति के अवसर भी प्राप्त होते हैं।

**शहद रखें इस पात्र में**

लाल किताब के अनुसार, घर में शहद रखना बेहद शुभ माना जाता है। हालांकि शहद रखने के लिए आपको मिट्टी के पात्र का प्रयोग करना चाहिए। मिट्टी के बर्तन में शहद रखने से शनि और मंगल के दोष दूर होने लगती हैं। ये दोनों ही ग्रह शांत होकर आपको शुभ परिणाम देने लग जाते हैं। इसके साथ ही करियर के क्षेत्र में आपकी उन्नति प्राप्त होने लगती है और आर्थिक पक्ष भी मजबूत होता है। पारिवारिक कलह को दूर करने और दांपत्य जीवन में सुधार लाने के लिए भी आप मिट्टी के बर्तन में शहद रख सकते हैं।

**बजरंगबली की मूर्ति**





हनुमान जी को संकटहर्ता माना गया है और बल-बुद्धि के दाता भी हनुमान जी हैं। ऐसे में अगर आप घर में बजरंगबली की मूर्ति रखते हैं तो इससे आपका जीवन सुधरने लगता है। घर में सुख-शांति तो रहती ही है साथ ही उन्नति और आर्थिक लाभ भी आप प्राप्त करते हैं। हनुमान जी की मूर्ति घर में होने से घर के लोग बौद्धिक रूप से भी सशक्त होते हैं।

**घर में रखें चांदी का चौकोर टुकड़ा**

लाल किताब के अनुसार अगर आप जीवन में सफलता प्राप्त करना चाहते हैं और पारिवारिक जीवन में खुशियां चाहते हैं तो आपको चांदी का एक चौकोर टुकड़ा हमेशा अपने घर में रखना चाहिए। चांदी का टुकड़ा घर में रखने से चंद्रमा शुभ परिणाम देने लगता है। चंद्रमा के मजबूत होने से आप सही समय पर सही निर्णय ले पाते हैं, आपकी एकाग्रता बढ़ती है, मानसिक रूप से आप शांत होते हैं और धन लाभ आपको प्राप्त होता है।

**अहंकार व्यक्ति की सोच को छोटा कर देता है, इस कारण वह दूसरों के सद्गुण नहीं देख पाता**

अहंकार हमारी सोच को छोटा कर देता है। इस कारण वह न तो दूसरों के सद्गुण देख पाता है और न ही अपने सामर्थ्य को पहचान पाता है। अहंकार एक ऐसे आवरण की तरह है, जो व्यक्ति को उसकी शक्ति और विद्या से दूर कर देता है। इसकी वजह से व्यक्ति बाहरी सुंदरता, पद, प्रतिष्ठा में उलझा रहता है और शांति प्राप्त नहीं कर पाता है। हमें अहंकार से बचना चाहिए।

# सोमवार से रविवार तक, आपका जन्म किस दिन हुआ ?



ज्योतिष शास्त्र में आपकी जन्म की तारीख के साथ ही जन्म के वार से भी काफी कुछ जानकारियां प्राप्त होती हैं। जन्म का वार और उस वार के स्वामी का गहरा प्रभाव आपके जीवन पर देखने को मिल सकता है और इसके जरिए पता चलता है कि आपका व्यक्तित्व कैसा होगा और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में आपको कैसे परिणाम मिलेंगे। आइए ऐसे में जान लेते हैं कि सोमवार से लेकर रविवार तक जन्मे लोगों की खूबियां और कमजोरियां क्या होती हैं।

**सोमवार को जन्म लेने वालों का व्यक्तित्व**

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार सोमवार को जन्म लेने वाले लोगों पर चंद्र ग्रह का प्रभाव देखने को मिलता है। ऐसे लोग चंचल और रचनात्मक हो सकते हैं। भाग्य का इनको भरपूर सहयोग मिलता है। हालांकि सोमवार के जन्म लेने वालों को छोटी-छोटी बातें भी चुभती हैं और अत्यधिक भावुक ये हो सकते हैं। पारिवारिक जीवन के साथ ही सामाजिक स्तर पर भी रिश्तों को निभाने में इन्हें परेशानियां आ सकती हैं। ये लोग कल्पानाशील होते हैं और इसलिए कला के क्षेत्रों में सफलता पा सकते हैं।

**मंगलवार को जन्म लेने वालों का व्यक्तित्व**

मंगलवार को जन्म लेने वाले लोग ऊर्जावान और अच्छे लीडर माने जाते हैं। कड़ी मेहनत करना इनके व्यक्तित्व का प्रमुख गुण होता है, इसीलिए सफलता भी जीवन में ये प्राप्त करते हैं। खेलकूद के मैदानों में ये अव्वल रह सकते हैं और साथ ही सेना, पुलिस आदि में भी ऐसे लोगों को देखा जा सकता है। हालांकि, मंगलवार को जन्म लेने वाले लोगों पर मंगल का प्रभाव होता है ऐसे में ये क्रोधी स्वभाव के हो सकते हैं। वहीं इन्हें वाहन चलाते समय भी सावधान रहना चाहिए। बेवजह का जोखिम उठाने से भी ऐसे लोगों को बचना चाहिए।

**बुधवार को जन्म लेने वालों का व्यक्तित्व**

बुधवार को जन्म लेने वाले लोगों पर बुध ग्रह का प्रभाव देखने को मिलता है। ये थोड़े चंचल हो सकते हैं लेकिन तार्किक और बाद्धिक कौशल इनके अंदर कूट-कूटकर भरा रहता है। अक्सर 24 साल की आयु के बाद इन्हें करियर के क्षेत्र में सफलता प्राप्त होती है। हालांकि इनका बुरा पक्ष है इनका अहंकार, ये लोग अपने से ऊपर किसी को नहीं समझते और इसलिए सामाजिक स्तर पर कभी-कभी ये अलग-थलग नजर आ सकते हैं। अहंकार पर ये काबू रखें तो बड़ी सफलता इनको प्राप्त हो सकती है।

**गुरुवार को जन्म लेने वालों का व्यक्तित्व**

जिन लोगों का जन्म गुरुवार के दिन होता है उन्हें ज्ञानी और परोपकारी माना जाता है। ऐसे लोग अपने सौम्य व्यवहार से सामाजिक स्तर पर ख्याति प्राप्त करते हैं। इनकी वाणी हर किसी को प्रभावित कर सकती है। शिक्षा, कारोबार, लेखन आदि के क्षेत्रों में ये बड़ी सफलता पा सकते हैं। हालांकि सेहत को लेकर लापरवाही इन्हें भारी पड़ती है। साथ ही ये लोग किसी पर भी बहुत जल्दी विश्वास कर देते हैं और इसके कारण धोखा भी इनको मिल सकता है। गुरु के प्रभाव के कारण भाग्य इनका खूब सहयोग करता है। ऐसे लोग धार्मिक प्रवृति के हो सकते हैं।

**शुक्रवार को जन्म लेने वालों का व्यक्तित्व**

शुक्रवार को जन्म लेने वाले लोग भौतिक सुख जीवन में प्राप्त करते हैं। ये लोग अच्छा खाना, अच्छा पहनना और घूमना बेहद पसंद करते हैं। इसके साथ ही शुक्र ग्रह के प्रभाव के कारण रचनात्मक क्षेत्रों में भी इनको सफलता प्राप्त होती है। अभिनय, गायन, वादन आदि में भी इनको जबरदस्त परिणाम मिलने की संभावना होती है। हालांकि गलत संगति और बुरी लत से इनको बचकर रहना चाहिए। इनका लापरवाह रवैया कई बार जीवन में बुरी स्थिति में इनको डाल सकता है।

**शनिवार को जन्म लेने वालों का व्यक्तित्व**

शनिवार को जन्म लेने वाले लोगों को संघर्ष का सामना जीवन में करना पड़ सकता है। शनि के प्रभाव के कारण ज्यादा मेहनत करने के बाद भी इनको वैसे परिणाम नहीं मिलते जिसकी ये उम्मीद करते हैं। हालांकि संघर्षों के कारण ये जीवन में काफी कुछ सीखते हैं और ज्ञानी होते हैं। शनि के प्रभाव के चलते इन्हें न्यायप्रिय और आदर्शवादी माना जाता है। 40 की उम्र के बाद बड़ी सफलता ये जीवन में अर्जित कर सकते हैं। हालांकि गलत संगति और नशे से इनको दूर रहना चाहिए। शनिवार को जन्म लेने वाले लोग अक्सर अपने जन्मस्थान से दूर जाकर सफलता प्राप्त करते हैं।

**रविवार को जन्म लेने वालों का व्यक्तित्व**

जिन लोगों का जन्म रविवार को होता है उन पर सूर्य ग्रह का प्रभाव देखने को मिलता है। इस दिन जन्म लेने वाले लोग आत्मविश्वास से भरे रहते हैं और निडर होते हैं। ऐसे लोगों को अच्छा लीडर माना जाता है और राजनीति के क्षेत्र में ये सफल हो सकते हैं।

इसके साथ ही सामाजिक स्तर पर भी इनको मान-सम्मान प्राप्त होता है। सरकारी क्षेत्रों में ये ऊंचे पदों पर पहुंच सकते हैं। हालांकि इन लोगों को सेहत को लेकर सतर्क रहना चाहिए, खासकर आंख और पेट से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याएं इनको हो सकती हैं।

स्वतंत्र वार्ता

शनिवार, 7 फरवरी - 2026

## शोर में दबा संवाद

संसद के बजट सत्र के पहले सप्ताह में जिस तरह की परिस्थितियां सामने आईं, वे भारतीय लोकतंत्र की परंपराओं के साथ-साथ उसकी चुनौतियों को भी उजागर करती हैं। लगातार हंगामे, बाधित कार्यवाही और संवाद के अभाव ने संसद की गरिमा को खंड-खंड कर दिया। राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद प्रधानमंत्री का धन्यवाद प्रस्ताव पर उत्तर देना लोकतांत्रिक प्रक्रिया का अहम हिस्सा होता है, लेकिन यह अवसर लोकसभा को मयस्सर नहीं हो सका। अंत में राज्यसभा वह मंच बनी, जहाँ सरकार और प्रधानमंत्री ने अपनी बात विस्तार से रखी। लोकतंत्र में असहमति भी स्वाभाविक है, लेकिन संवाद का निषेध नहीं हो सकता। सदन चर्चा के लिए बना है, न कि स्थाई टकराव के लिए। विडंबना ही है कि जहाँ राष्ट्रपति के अभिभाषण पर गंभीर बहस होनी चाहिए थी, वहाँ सदन बार-बार बाधित होता रहा। इन परिस्थितियों के बीच प्रधानमंत्री का राज्यसभा में दिया गया संबोधन कई मायनों में महत्वपूर्ण रहा। उन्होंने न केवल सरकार की नीतियों और निर्णयों का बचाव किया, बल्कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत की भूमिका को भी रेखांकित किया। प्रधानमंत्री का यह कहना कि मौजूदा दौर स्थिरता का नहीं, बल्कि तेज़ी से बदलती व्यवस्था का है, वैश्विक सच्चाई को दर्शाता है। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद बनी अंतरराष्ट्रीय संरचनाएं आज नए सिरे से परिभाषित हो रही हैं और इस बदलाव में भारत की भूमिका पहले से अधिक मुखर होती दिख रही है। प्रधानमंत्री ने विशेष रूप से 'वैश्विक दक्षिण' की आवाज़ बनने की भारत की भूमिका पर जोर दिया। जिन मुद्दों पर लंबे समय तक विकसित देशों का वर्चस्व रहा, वहाँ अब विकासशील देशों की चिंताओं को भी सुना जाने लगा है। यह बदलाव अचानक नहीं आया, बल्कि भारत जैसे देशों की निरंतर कूटनीतिक सक्रियता का परिणाम है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की स्वीकार्यता बढ़ना इसी का संकेत है। आर्थिक मोर्चे पर भी प्रधानमंत्री का संदेश स्पष्ट था। मुक्त व्यापार समझौतों को लेकर उन्होंने सावधानी और संतुलन की बात कही। यूरोपीय संघ के साथ हुए समझौते का उल्लेख करते हुए उन्होंने रेखांकित किया कि भारत अब ऐसे समझौते कर रहा है जो दीर्घकाल में देश के हितों को मजबूत करें। यह संकेत है कि भारत केवल बाजार नहीं, बल्कि बराबरी का साझेदार बनने की दिशा में बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने भारत की युवा आबादी को देश का सबसे बड़ा भविष्य बताया। बढ़ती वैश्विक अस्थिरता के बीच भारत की युवा शक्ति उम्मीद का आधार बन सकती है, बशर्ते उसे सही अवसर और दिशा मिले। दुनिया का भारत की ओर देखना केवल आर्थिक कारणों से नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों और स्थिर नेतृत्व के कारण भी है। पूरे घटनाक्रम का एक दूसरा पक्ष भी है। जब विपक्ष की अनुपस्थिति में या हंगामे के बीच ऐसे महत्वपूर्ण संबोधन होते हैं, तो लोकतांत्रिक संवाद अधूरा रह जाता है। सरकार का पक्ष जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही जरूरी विपक्ष की सक्रिय और सार्थक भागीदारी भी। संविधान का संदेश केवल सरकार की मजबूती का नहीं, बल्कि संतुलन, सहमति और संवाद का है।

## तेल, राजनीति का नया उपकरण।



संजीव ठाकुर

विश्व की राजनीति का पूरा का पूरा चक्र आज प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से तेल और ऊर्जा संसाधनों के इर्द-गिर्द घूमता दिखाई दे रहा है। जहाँ किसी देश का लोकतंत्र, मानवाधिकार और अंतरराष्ट्रीय नियम कानून केवल कागज में दिखाई देने लगे हैं। अमेरिका के चलते जिसकी लाठी उसकी भैंस वाली कहावत चरितार्थ कर रही है। तेल और ऊर्जा संसाधन अब वास्तविक प्रेरक शक्ति, भू-राजनीतिक हित तथा ऊर्जा सुरक्षा बन गई है।

अमेरिका द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में सैन्य तथा कूटनीतिक हस्तक्षेप को जब तेल भंडारों, आपूर्ति मार्गों और रणनीतिक नियंत्रण के संदर्भ में जोड़ा जाता है तब यह स्पष्ट है कि ऊर्जा संसाधनों पर प्रभुत्व वैश्विक नेतृत्व का केंद्रीय उपकरण बन गया है, यही कारण है कि रूस से तेल खरीदने के प्रश्न पर भारत जैसे संप्रभु देश पर दबाव, प्रतिबंधों की धमकी और नैतिक उपदेशों की बौछार देखने को मिली, जबकि वही देश अपने हित में नियमों की व्याख्या बदलने से नहीं हिचकते; मध्य-पूर्व लंबे समय से इस राजनीति का केंद्र रहा है जहाँ तेल के साथ-साथ अब परमाणु ऊर्जा भी शक्ति संतुलन का निर्णायक कारण बन चुकी है। ईरान द्वारा परमाणु संधियों को लेकर अपनाया गया सतर्क या असहमति वाले रुख ने उसे वैश्विक दबावों के केंद्र बना दिया है और संभावित टकराव की आशंकाएँ इसी भय से उपज की परिणति हैं कि कहीं ऊर्जा और परमाणु क्षमता का संतुलन एकतरफा न हो जाए। यूरोप से एशिया तक बड़े देश तेल आयात-निर्यात, पाइपलाइन, समुद्री मार्गों और परमाणु ईंधन की आपूर्ति को लेकर जिस तरह से खेमे में लंम्बन्ध हो रहे हैं, उससे यह प्रतीत होता है कि वैश्वीकरण के युग में भी संसाधनों की राजनीति पहले से अधिक क्लिष्ट हो गई है। ऊर्जा आत्मनिर्भरता अब केवल आर्थिक लक्ष्य नहीं बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का प्रश्न बन चुकी है । यही कारण है कि विश्व की अधिकांश नीतियाँ नैतिकता से अधिक बैरल, रिएक्टर और आपूर्ति श्रृंखलाओं की भाषा में लिखी जा रही जहाँ युद्ध की आहट भी अक्सर शांति के नारों के बीच सुनाई देती है। वैश्विक राजनीति और व्यापार का आधुनिक ताना-बाना भारत, चीन, रूस, ईरान और खाड़ी देशों के ऊर्जा-केंद्रित संबंधों से और अधिक स्पष्ट हो जाता है, जहाँ तेल, गैस और परमाणु ईंधन केवल वस्तुएँ नहीं बल्कि रणनीतिक शक्ति के उपकरण बन चुके हैं। हालिया वर्षों के व्यापारिक रुझान बताते हैं कि भारत ने अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए रूस से कच्चे तेल का आयात बढ़ाया, जिससे उसे अपेक्षाकृत सस्ती ऊर्जा मिली और घरेलू अर्थव्यवस्था को संबल मिला, जबकि यही कदम पश्चिमी देशों को असहज करता रहा, दूसरी ओर चीन ने रूस और ईरान दोनों के साथ दीर्घकालिक ऊर्जा और अवसंरचना समझौतों के माध्यम से अपने उद्योग और आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित किया है। जिससे वह वैश्विक विनिर्माण में अपनी बढ़त बनाए रख सके, रूस जो प्रतिबंधों के बीच नए बाज़ार तलाश रहा है, एशिया विशेषकर भारत और चीन को ऊर्जा निर्यात कर अपने व्यापार संतुलन को संभाल रहा है।

वहीं ईरान अपने तेल, गैस और परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम को राष्ट्रीय संप्रभुता से जोड़कर और खाड़ी देशों के साथ प्रतिस्पर्धा तथा सहयोग-दोनों के बीच संतुलन साधे हुए है। खाड़ी देश, जिनकी पूरी अर्थव्यवस्थाएँ ही तेल-गैस निर्यात पर टिकी हैं, अब व्यापार विविधीकरण, पेट्रोकेमिकल्स, हरित ऊर्जा और एशिया-केंद्रित बाज़ारों की ओर तेज़ी से बढ़ रहे हैं जहाँ भारत और चीन उनके सबसे बड़े ग्राहक बनते जा रहे हैं। इन नए व्यापारिक आंकड़ों और प्रवृत्तियों से यह स्पष्ट होता है कि वैश्विक व्यवसाय अब केवल मुक्त बाज़ार का खेल नहीं रहा बल्कि ऊर्जा सुरक्षा, मुद्रा लेन-देन, समुद्री मार्गों और राजनीतिक गठबंधनों से गहराई से जुड़ चुका है, और इसी कारण विश्व की बड़ी शक्तियाँ व्यापार समझौतों को रणनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल कर रही हैं।

# राजनीति का गिरता स्तर, अंकुश कौन लगाए



राधा रमण

वैसे तो राजनीति का अभिप्राय राजकाज चलाने वाली नीति से है। इसका एकमात्र मकसद समतामूलक सुसभ्य समाज का निर्माण करना और देश के चहुंमुखी विकास में योगदान देना है। लेकिन दुर्भाग्य से अपने देश में राजनीति का स्तर लगातार गिरता जा रहा है। यह क्षरण कहां जाकर थमेगा, पुख्ता तौर पर कोई नहीं कह सकता। यह गिरावट एक दिन में नहीं आयी है। आजादी के बाद हमारे संविधान निर्माताओं और नीति नियंताओं ने काफी सोच-विचार कर समाज और देश के विकास का सपना देखा था। तब हमारी गिनती एक लुटे-पिटे गरीब देशों में होती थी। आज हम विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश होने का दावा करते हैं, लेकिन नैतिक तौर पर तेजी से पाताल की ओर गिरते जा रहे हैं।

पिछले दिनों संसद के भीतर- बाहर जो कुछ भी घटित हुआ, उससे हमारा लोकतंत्र और ज्यादा शर्मसार हुआ है। संसद के बाहर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने एक केन्द्रीय मंत्री को 'गद्दार दोस्त' कहकर पुकारा तो बदले में मंत्री ने उन्हें 'देश का दुश्मन' कह दिया। दोनों नेता कभी एक ही पार्टी में साथ रह चुके हैं। दोनों के पुरखों का देश के विकास में योगदान रहा है। बात इतने में थम जाती तो गनीमत थी। लोगबाग मान लेते कि हमउम्र होने के कारण दोनों ने मजाक में कुछ बोल दिया। बात बराबर। लेकिन यह क्या ? संसद में इस बात को लेकर बतंगड़ बना दिया गया। इसे समुदाय विशेष की अस्मिता से जोड़ दिया गया, खूब हंगामा हुआ। एक बड़बोले सांसद ने तो नेता प्रतिपक्ष को 'फटीचर' तक कह दिया। बेशक, तीनों ही शब्द माननीयों की गरिमा को गिराते हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए था, लेकिन हो गया।

अब दूसरी घटना। लगभग 22 वर्षों बाद संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर प्रधानमंत्री धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा में अपनी बात नहीं रख सके। इससे पहले 10 जून 2004 को तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को तब के विपक्ष (अब सरकार में) के विरोध के कारण संसद में बोलने नहीं दिया गया था। दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के लिए दोनों ही घटनाएं शर्मसार करनेवाली हैं। लेकिन बात इतनी ही नहीं है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने यह बयान देकर सनसनी फैला दी कि प्रधानमंत्री तो संसद में आकर अपनी बात कहने को इच्छुक थे, उन्हें मैंने ही सदन में आने से रोक दिया, क्योंकि उनके साथ कुछ अप्रत्याशित घटना घट सकती थी। सवाल उठता है कि क्या भारतीय लोकतंत्र के मंदिर संसद में हमारे प्रधानमंत्री असुरक्षित हैं ? अगर, वाकई यह बात सही है तो बहुत ही दुखदाई है। प्रधानमंत्री को किससे सुरक्षा का खतरा है ? संसद में तो जनता द्वारा चुने गए सांसद बैठते हैं। उनकी सुरक्षा के लिए लोकसभा अध्यक्ष के बुलाने पर मार्शल आते हैं। लोकसभा अध्यक्ष को इसका खुलासा करना चाहिए। घटना की नामजद एफआईआर करानी चाहिए और नामजद व्यक्ति अगर संसद का सदस्य है तो उसकी सदस्यता रद्द करनी चाहिए। ... और अगर यह बात सही नहीं है तो लोकसभा अध्यक्ष को अपने कहे के लिए देश से तत्काल माफी मांगनी चाहिए। अगर, देश के प्रधानमंत्री अपनी ही संसद में असुरक्षित हैं तो फिर देश में सुरक्षित कौन है ? गृहमंत्री क्या कर रहे हैं ? हमारी सुरक्षा एजेंसियां किसके आदेश का इंतजार कर रही हैं ? दरअसल, लोकसभा में प्रधानमंत्री के आगमन से पहले विपक्ष की कुछ महिला सांसद वेल में पहुंच गयी थीं, कुछ प्रधानमंत्री के बैठने के स्थान के बाहर खड़ी थीं। उनके हाथ में तख्ती थी। यह कोई नई बात नहीं है। अपनी बात मनवाने अथवा अध्यक्ष का ध्यान आकर्षित करने के लिए सांसद अकसर वेल में पहुंचते रहते हैं। वे अपनी बात की तख्ती लिये विरोध भी करते रहे हैं। इससे वे अपराधी नहीं बन जाते। सांसद भी जनता के चुने हुए प्रतिनिधि होते हैं और प्रधानमंत्री भी पूरे देश के हैं। इसी तरह लोकसभा अध्यक्ष भी पूरे सदन के अभिभावक होते हैं। याद कीजिए सोमनाथ चटर्जी को। 2004 से 2009 तक वह लोकसभा के अध्यक्ष थे। लोकसभा अध्यक्ष बनते ही उन्होंने यह कहते हुए अपनी पार्टी से इस्तीफा दे दिया था कि अब वह सांसदों के संरक्षक हैं। दल विशेष का सदस्य होकर वह ऐसा नहीं कर सकते। क्या ओम बिड़ला जी सोमनाथ चटर्जी का अनुसरण करेंगे ? हालांकि, दूसरे दिन प्रधानमंत्री ने राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब दिया। प्रधानमंत्री ने एक दिन पहले लोकसभा की घटना का जिक्र तो किया लेकिन अपनी जान पर खतरा नहीं बताया। कहा कि, लोकसभा में एक बड़ी दर्दनाक घटना घटी। मंगलवार को आसन पर कागज फेंका गया। तब पीठासीन अध्यक्ष असम के एक सांसद थे। क्या यह असम का अपमान नहीं है ? बुधवार को भी आसन पर कागज फेंके गए। उस समय आसन पर आंध्रप्रदेश के एक दलित सदस्य पीठासीन थे। यह दलितों का अपमान नहीं है ? प्रधानमंत्री ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस के एक युवराज ने इसी सदन के एक माननीय सदस्य को गद्दार तक कह दिया। क्या यह सिक्खों और सिक्ख गुरुओं का अपमान नहीं है ? उन्होंने राज्यसभा सांसद सदानंद मास्टर का जिक्र करते हुए कहा कि केरल के कट्टरपंथियों ने भरी जवानी में विचारधारा से असहमत होने के कारण उनके दोनों पैर काट दिए थे लेकिन उनके मन में किसी के प्रति कटुता नहीं है। उन्होंने कहा कि मुहब्बत की तथाकथित दुकान चलाने वाले लोग मोदी की कब्र खोदना चाहते हैं। मुझे कहने दीजिए कि ऊपर लिखित घटनाएं राजनीति के गिरते स्तर के चुनिन्दा उदाहरण मात्र हैं। पिछले कई वर्षों से देश में मिल-बैठकर देश की समस्याओं महंगाई, बेरोजगारी, कानून व्यवस्था, महिला सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और सिंचाई आदि पर राजनीतिक दलों में कोई बात नहीं हो रही है। सत्ता पक्ष हो या विपक्ष दोनों की चिंता सिर्फ और सिर्फ चुनाव जीतने की रह गयी है। जनता की सेवा सुविधा हासिल करने का हथकंडा बन गया है। नागरिकों का कोई पुरसाहाल नहीं है। लोकतंत्र खतरे में है। प्रधानमंत्री का समूचा उद्बोधन राष्ट्रपति के अभिभाषण पर कम चुनावी राजनीति पर ज्यादा केन्द्रित रहा। आनेवाले दिनों में असम, पश्चिम बंगाल और केरल में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इसीलिए उन्हें उन राज्यों के अपमान और सदानंद मास्टर के कटे पैर की चिंता थी। काश, प्रधानमंत्री दादरी के अखलाक की हत्या पर भी दो शब्द बोल दिए होते। आखिर वह समूचे देश के प्रधानमंत्री हैं।

> **पिछले दिनों संसद के भीतर-बाहर जो कुछ भी घटित हुआ, उससे हमारा लोकतंत्र और ज्यादा शर्मसार हुआ है। संसद के बाहर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने एक केन्द्रीय मंत्री को 'गद्दार दोस्त' कहकर पुकारा तो बदले में मंत्री ने उन्हें 'देश का दुश्मन' कह दिया।**

## आस्था व विश्वास को हथियार बना देंगे तो धर्म का क्या होगा?



गौतम चौधरी

अभी हाल ही में बांग्लादेश में एक नए प्रकार के कथित लोकतंत्र समर्थित आन्दोलन में ऐसा बहुत कुछ हुआ जो समझ से पड़े है। उसमें से एक घटना कथित तौर पर ईशनिंदा का भी सामने आया है। मसलन ईशनिंदा के आरोप में एक हिंदू मज़दूर की भीड़ ने पीट-पीट कर हत्या कर दी। सच पूछिए तो यह लिंचिंग केवल एक मानव जीवन की क्षति नहीं है, इससे पूरी मानवता शर्मसार हुई है। यह एक सभ्य समाज के नैतिक विवेक के क्षरण का संकेत है। इसी से मिलती-जुलती तो नहीं लेकिन कुछ ऐसी ही घटना उत्तर प्रदेश की है। यहां एक पिता द्वारा कथित रूप से अपनी पत्नी और दो छोटी बेटियों की हत्या की कर दी गयी। यह खबर इसलिए बेहद खास हो जाती है कि एक मुसलमान ने अपनी बेटी और पत्नी की हत्या महज इसलिए कर दी कि वह तीनों बुर्क़ा पहनने से परहेज कर रही थी। इस प्रकार के कृत्य को आप क्या कहेंगे? शब्दों में इसकी व्याख्या नहीं की जा सकती है। तीन जिंदगियां- एक स्त्री और उसके बच्चे, किसी नियति या दुर्घटना से नहीं बल्कि उस व्यक्ति के हाथों खत्म हो गयी जिसने नियंत्रण को आस्था और क्रूरता को सम्मान समझ लिया। इस कृत्य की भयावहता निर्विवाद है, लेकिन उतना ही विचलित करने वाला यह है कि ऐसे मामलों को कितनी जल्दी धार्मिक विफलता के रूप में पेश कर दिया जाता है जबकि सच्चाई यह है कि ये अपराध पितृसत्ता, असुरक्षा और अनियंत्रित घरेलू हिंसा से जन्म लेते हैं।

यह दोनों घटनाएं दो देशों की है लेकिन बहुत हद तक इसमें समानता है। दोनों स्थानों पर आस्था को ठेस पहुचाने की बात कही गयी और अंततोगत्वा एक अपराध ने जन्म लिया, जिसे एक सभ्य समाज कभी स्वीकार नहीं कर सकता है। चलिए इन कृत्यों को या ऐसा कहे कुकृत्यों को इस्लामिक धार्मिक नजरिए से पड़ताल करते हैं। मुस्लिम स्कॉलर मुफ्ती तुफैल खान साहब कहते हैं, ''क़ुरान की कोई आयत, पैग़म्बर की कोई शिक्षा, या इस्लामी सिद्धांत किसी पुरुष को यह अधिकार नहीं देता कि वह हिंसा के ज़रिये किसी महिला के विवेक पर पहरा लगाए। उसे और उसके बच्चों की हत्या करना तो दूर की बात है। इस्लाम में बुर्क़, हिजाब या किसी भी प्रकार का सादा पहनावा व्यक्तिगत आस्था की अभिव्यक्ति है, प्रभुत्व थोपने का हथियार नहीं। जब कपड़े ज़बरदस्ती का औज़ार बन जाते हैं, तो वे धार्मिक नहीं रहते, राजनीतिक, बल्कि आपराधिक हो जाते हैं।''

पुलिस जांच के अनुसार, उत्तर प्रदेश वाले मामले में आरोपी को कथित रूप से पत्नी के बिना बुर्क़ा बाहर निकलने पर आपत्ति थी और उसने इसे "इज्जत" का मामला माना लेकिन भय पर टिकी इज़्ज़त, इज़्ज़त नहीं होती, वह नैतिकता का मुखौटा ओढ़ी हुई तानाशाही होती है। पैग़म्बर मुहम्मद ने अपने घर में कभी हिंसा के ज़रिये आस्था लागू नहीं की। क़ुरान बार-बार करुणा, सहमति और जवाबदेही की बात करता है, महिलाओं के शरीर या उनके चुनावों पर स्वामित्व की नहीं। बांग्लादेश में इस्लाम के अपमान के एक अप्रमाणित आरोप के बाद हुई इस घटना ने एक बार फिर भारतीय उपमहाद्वीप को एक असहज सच्चाई का सामना करने को मजबूर कर दिया है।

ईशनिंदा के आरोपों का बढ़ते हुए हिंसा को वैध ठहराने, न्याय को दरकिनार करने और कमजोर वर्गों को चुप कराने के लिए दुरुपयोग किया जा रहा है। ऐसे कृत्य अक्सर धर्म के नाम पर किए गए लेकिन वे स्वयं इस्लाम की मूल शिक्षाओं के विपरीत हैं।

दक्षिण एशिया में, विशेषकर बांग्लादेश और पाकिस्तान में, ईशनिंदा के आरोप एक खतरनाक सामाजिक हथियार बन चुके हैं। अफवाहें तेज़ी से फैलती हैं, भावनाएं भड़काई जाती हैं और भीड़ स्वयं पुलिस, न्यायाधीश, जूरी और जल्लाद की भूमिका निभाने लगती है। तथ्य सत्यापित होने या सुरक्षा उपलब्ध कराए जाने से पहले ही घंटों में परिवार तबाह कर दिए जाते हैं।

अल्पसंख्यकों, असहमत लोगों या सामाजिक रूप से कमजोरों के लिए मात्र आरोप ही मौत का फरमान बन जाता है। तुफैन साहब कहते हैं कि ''लोकप्रिय धारणा के विपरीत, क़ुरान ईशनिंदा के लिए किसी सांसारिक दंड का प्रावधान नहीं करता। सदियों से अनेक प्रतिष्ठित विद्वानों ने इस बात पर ज़ोर दिया है। क़ुरान स्वीकार करता है कि आस्थावान लोगों को अपमान और उपहास सहना पड़ेगा'', "तुम अवश्य ही उन लोगों से बहुत सी तकलीफ़देह बातें सुनोगे जिन्हें तुमसे पहले किताब दी गई और बहुदेववादियों से भी, पर यदि तुम धैर्य रखो और ईश्वर का ध्यान रखो, तो यह बड़े संकल्प की बात है" (क़ुरान 3.186)।

एक अन्य आयत मुसलमानों को हिंसक प्रतिशोध के बजाय अलग हो जाने का निर्देश देती है, "और जब तुम सुनो कि ईश्वर की आयतों का इनकार किया जा रहा है और उनका मज़ाक उड़ाया जा रहा है, तो उनके साथ मत बैठो जब तक वे विषय न बदल लें" (क़ुरान 4.140)। उल्लेखनीय है कि अपमान या उपहास से संबंधित किसी भी क़ुरानी आयत में इस प्रकार की हिंसा का कोई विधान ही नहीं है।

पैग़म्बर मुहम्मद का जीवन मुसलमानों के लिए सबसे प्रामाणिक मार्गदर्शक है। शास्त्रीय इतिहासकारों ने ऐसे अनेक प्रसंग दर्ज किए हैं जब पैग़म्बर का व्यक्तिगत रूप से अपमान, उपहास और अपमानित किया गया। ताइफ़ में उन पर पत्थर फेंके गए, यहां तक कि वे लहूलुहान हो गए।

जब दैवी प्रतिशोध का विकल्प दिया गया तो उन्होंने इनकार किया और अपने हमलावरों के लिए दुआ की। इस्लाम के महान धर्मशास्त्री इमाम अल-ग़ज़ाली ने ज़ोर दिया कि व्यक्तिगत अपमान निजी प्रतिशोध को उचित नहीं ठहराते और नैतिक संयम एक उच्च इस्लामी गुण है। इसी तरह, कठोरपंथियों द्वारा उद्धृत किए जाने वाले इब्न तैमिय्या ने एक महत्वपूर्ण भेद स्पष्ट किया, जहाँ ईशनिंदा पर दंड मान्य भी माना गया, वह राज्य का विषय था, न्यायिक अधिकार, विधिसम्मत प्रक्रिया और स्पष्ट प्रमाण के साथ, न कि भीड़ की कार्रवाई के द्वारा न्याय। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि कई मामलों में पश्चाताप दंड को निष्प्रभावी कर सकता है।

इस मामले में क़ुरान कहता है, "किसी समुदाय के प्रति द्वेष तुम्हें अन्याय करने पर न उकसाए। न्याय करो, यही धर्मपरायणता के अधिक निकट है" (क़ुरान 5:8)। पैग़म्बर ने सामूहिक दंड और भावनात्मक निर्णयों के विरुद्ध चेतावनी देते हुए कहा, "संदेह से बचो, क्योंकि संदेह सबसे झूठी बात है" (बुख़ारी)। बिना मुक़दमे लिंचिंग, सार्वजनिक अपमान और हत्या न्याय, दया और जीवन की पवित्रता (हुरमत-अन-नफ़्स) जैसे इस्लामी मूल सिद्धांतों का उल्लंघन हैं। उपमहाद्वीप में ईशनिंदा क़ानूनों का दुरुपयोग इस्लामी शिक्षा का प्रतिबिंब नहीं, बल्कि सामाजिक असुरक्षा, राजनीतिक हेरफेर और धार्मिक अशिक्षा का परिणाम है।

## मौत का तांडव और हत्यारे पतंगबाज़



संजय सक्सेना

लखनऊ के सर्द मौसम में सूर्योदय के साथ ही आसमान में पतंगों की सरसराहट और घरों की छतों व मैदानों में पतंगबाज़ों की चिल्ल-पों की आवाज़ आम बात है। आसमान रंग-बिरंगी पतंगों से पट जाता है। लेकिन इस उत्साह के बीच खतरा भी छिपा था। बरेली से लेकर लखनऊ तक चीनी मांझे और लोहे के कटीले तारों से पतंग उड़ाने वाले कब किसी राहगीर या फिर घर के आंगन में बैठे व्यक्ति के लिए जानलेवा साबित हो जाएं, कोई नहीं जानता।जब पतंग कटती है तो यह मांझा सड़क या पुल से गुजर रहे दोपहिया वाहन चालक के गले में आकर इस तरह फंस जाता है कि उसे अपनी जान तक गंवानी पड़ जाती है। दरअसल, यह चीनी मांझा बाहर से चमकदार लगता है, लेकिन इसकी धार जानलेवा होती है।योगी सरकार अब इस चीनी मांझे के गले में फंसकर वाहन चालक की मौत को हत्या की श्रेणी में शामिल करने जा रही है, मगर सवाल वही है इन्हें रोका कैसे जाए?

शहर के एक कोने में रहने वाले युवक शोएब (28) की मौत इसी खतरे की गवाह बनी। लखनऊ के हैदरगंज इलाके में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव शोएब की चाइनीज मांझे से गला कटने से मौत हो गई। बीती 11 जनवरी को शाहजहांपुर में सिपाही शाहरुख की भी इसी तरह चाइनीज मांझे से घायल होने के बाद मौत किसी से छिपी नहीं है।शोएब अपने दोपहिया वाहन से पुल से गुजर रहा था, तभी चीनी मांझा उसकी गर्दन में आकर फंस गया। कुछ ही देर में गर्दन कटने से शोएब की मौत हो गई। यह पहली बार नहीं हुआ। लखनऊ में चीनी मांझा अक्सर किसी की मौत का तो किसी को घायल करने की वजह बनता रहा है।सबसे दुखद यह है कि यह पतंगबाज़ कोई छोटे बच्चे नहीं होते। अक्सर युवा और 40–45 साल के लोग भी चीनी मांझे से पतंगबाजी करते हैं, यह जानते हुए भी कि यह किसी के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। इसलिए ऐसे पतंगबाज़ों को हत्यारा कहना गलत नहीं होगा। युवा शोएब की मौत पर डॉक्टरों ने बताया कि मांझा ग्लास के टुकड़ों से बना था, जो धमनियों को काट देता है और यही मौत का कारण बनता है। ऐसी घटनाएं यूपी के कई जिलों में हो रही हैं। बरेली के कारखानों में बड़े पैमाने पर यह मांझा बनता है। कच्चे माल में चीनी पाउडर और कांच मिलाया जाता है। लखनऊ के बाजारों में यह सस्ते दाम पर बिकता है। पतंगबाज़ शर्तों के चक्कर में इसे चुनते हैं। ऊंची छतों या खुले मैदानों से उड़ाते हैं।पुलिस को मुखबिरों की जरूरत है। वे बताएं कि कौन सा इलाका खतरे में है। पतंग उड़ते ही छापा मारें और मांझा जब्त करें। योगी सरकार की सख्ती से कई दुकानें बंद हुईं, लेकिन कारखाने अभी भी चल रहे हैं। सरकार को नियम बनाना चाहिए कि मांझे की चरखी पर मांझा बनाने वाली कंपनी का नाम और पता जरूर छपा हो।चूंकि 12 जुलाई 2017 को ही नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने चाइनीज मांझे की बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाने का आदेश जारी कर दिया था। एनजीटी के जस्टिस स्वतंत्र कुमार की बेंच ने पूरे देश में सभी तरह के सिंथेटिक और नायलॉन से बने मांझे पर पूरी तरह बैन लगाने का आदेश दिया था। यह आदेश अगस्त 2016 में पेटा द्वारा दायर याचिका की सुनवाई के बाद आया था। आदेश के पालन की जिम्मेदारी राज्य सरकार की थी, लेकिन जिस तरह यह मांझा आज भी आसानी से उपलब्ध है, उससे स्पष्ट है कि आदेश का पालन कराने के लिए कोई निगरानी तंत्र विकसित नहीं किया गया। यहां यह बताना जरूरी है कि एनजीटी के आदेश अदालत के आदेश की तरह होते हैं, जो कानूनन बाध्यकारी हैं। आदेशों का पालन नहीं करने पर तीन वर्ष तक की कैद या जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।सवाल यह है कि चाइनीज मांझे की बिक्री रोकने की जिम्मेदारी किसकी है?

इस पर जिला प्रशासन का कहना है कि इसके लिए ट्रेड टैक्स विभाग जिम्मेदार है, जो प्रतिबंधित उत्पादों की बिक्री और उपयोग की निगरानी करता है। ट्रेड टैक्स विभाग को इस बारे में निर्देश हैं। पुलिस भी लगातार कार्रवाई कर रही है।

चूंकि कई अवसरों पर लखनऊ में पतंगबाज़ी की परंपरा है, इसलिए लोगों से अपील भी की जाती है कि वे पूरे उत्साह से पर्व मनाएं, लेकिन चाइनीज मांझे का प्रयोग न करें।

लखनऊ के पुराने इलाकों में क्रिकेट मैच पर सट्टेबाजी की तरह ही पतंगबाजी में भी सट्टा लगाया जाता है। चौक, बाजार वाला, सहादतगंज, ठाकुरगंज और फैजुल्लागंज के आसपास खुले मैदानों और छतों पर टीम बनाकर पतंगबाजी होती है और पांच से 25 हजार रुपये तक की बोली लगती है। पतंगबाज़ी खत्म होने के बाद हार-जीत के अनुसार रकम का बंटवारा किया जाता है। पतंगबाज़ी की आड़ में लाखों रुपये का खेल चल रहा है, जो बेगुनाहों की मौत की वजह भी बन रहा है।मांझा इतना तेज होता है कि कई बार पतंगबाज़ों की उंगलियां भी कट जाती हैं। लखनऊ के कुण्डरी रकाबगंज क्षेत्र में रहने वाले पतंगबाज़ संदीप कश्यप का कहना है कि पतंगबाज़ों द्वारा मानवर, लच्छेदार, तौकिया, दो पन्नी चरखानिया, आड़ी, मझोली, सवातीन, पौना व गेंददार जैसी सदियों पुरानी पतंगों को चाइनीज मांझे से उड़ाकर परंपरा को बदनाम किया जा रहा है।

## गधा और चूने वाली बोरी



डॉ. सुरेश कुमार

उस पहाड़ी की तलहटी में, जहाँ विकास का सूरज अक्सर बादलों और फाइलों के बीच फंसा रहता है, अमेरिकी इंजीनियर अपनी 'थियोडोलाइट' मशीनें और सैटेलाइट मैप्स लेकर ऐसे खड़े थे जैसे कोई पंडित किसी नास्तिक के घर सत्यनारायण की कथा बाँचने पहुँच गया हो। वे धूल झाड़ रहे थे, जीपीएस के सिग्नल ढूँढ रहे थे और बार-बार अपनी कलाई घड़ियाँ देख रहे थे, मानो समय उनकी मशीनों के हिसाब से पहाड़ को सीधा कर देगा। तभी वहाँ खन्ना जी का पदार्पण हुआ। खन्ना जी, जो ठेकेदारी की उस सनातनी परंपरा के वाहक थे जहाँ 'स्टीमेट' और 'क्वालिटी' के बीच का फासला केवल रिश्वत की चौखट पर तय होता है। खन्ना जी ने अमेरिकी साहब की उन चमकदार मशीनों को वैसी ही हिकारत से देखा, जैसे कोई अनुभवी सास अपनी नई-नवेली बहू के हाथ की जली हुई पहली रोटी को देखती है। उनके चेहरे पर वह कुटिल मुस्कान थी जो केवल उन्हीं के पास होती है जिन्होंने सिस्टम की नसों में चूना भरना बखूबी सीखा हो। अमेरिकी इंजीनियर जब 'ग्रेडिएंट' और 'एलाइनमेंट' की पेचीदगियों में उलझा था, तब खन्ना जी अपनी बीड़ी सुलगाते हुए भारत की उस महान तकनीकी विरासत का शोकगीत रचने की तैयारी कर रहे थे जो बिना किसी डिग्री के भी 'रास्ता' बनाना जानती है। खन्ना जी ने जब गधे और चूने की बोरी वाला वह महान ऐतिहासिक नुस्खा पेश किया, तो अमेरिकी इंजीनियर को लगा कि शायद उसने गलती से भूगोल की जगह किसी मनोरोग चिकित्सालय के नक्शे पर पैर रख दिया है। खन्ना जी बड़े इत्मीनान से समझा रहे थे कि कैसे एक चार पैरों वाला जानवर, जिसकी एकमात्र योग्यता उसकी हठधर्मिता है, दुनिया के सर्वश्रेष्ठ सिविल इंजीनियरों को मात दे सकता है। उनका तर्क था कि गधा कभी 'शॉर्टकट' नहीं लेता, वह हमेशा ढलान और ऊँचाई के बीच उस संतुलन को पहचानता है जिसे पहचानने में चतुर इंसानों को अपनी पूरी जवानी लाइब्रेरी में सड़ानी पड़ती है। यह सुनकर अमेरिकी साहब का वह 'आईक्यू' जिसे उन्होंने हार्वर्ड में चमकाया था, अचानक घुटनों के बल आ गया। यह व्यंग्य की वह पराकाष्ठा थी जहाँ एक बुद्धिजीवी को यह अहसास कराया गया कि उसकी सालों की पढ़ाई उस जानवर के सामान्य ज्ञान के सामने तुच्छ है, जो केवल लात मारना और रेंकना जानता है। खन्ना जी की हँसी में वह करुणा छिपी थी जो उन हजारों बेरोजगार इंजीनियरों के भविष्य पर अट्हास कर रही थी, जिनकी जगह अब गधों की एक नई सेना लेने को तैयार खड़ी थी। दरअसल, यह किस्सा केवल एक चुटकुला नहीं है, यह उस व्यवस्था का विलाप है जहाँ 'अक्ल' को हमेशा 'नकल' के नीचे दबाकर रखा गया। गधे द्वारा रास्ता तय करने की बात सुनकर जो हँसी आती है, उसके पीछे उन सड़कों का दर्द छिपा है जो पहली बारिश में गधे के गोबर की तरह बह जाती हैं। खन्ना जी का यह कहना कि 'जहाँ गधे नहीं मिलते, वहाँ इंजीनियर ही नक्शा बनाते हैं', आधुनिक शिक्षा पद्धति के मुँह पर वह करारा तमाचा था जिसकी गूँज मंत्रालय के गलियारों तक सुनी जा सकती थी। इस देश में हमने इंजीनियरों को इतना लाचार और कागजी बना दिया है कि वे अब उस गधे के 'चूने के निशान' को ही अंतिम सत्य मानने लगे हैं। एक तरफ वे नौजवान हैं जो आँखों में सपने और हाथों में डिग्रियाँ लिए सड़कों के गड्ढे गिन रहे हैं, और दूसरी तरफ खन्ना जी जैसे लोग हैं जो यह सिद्ध कर चुके हैं कि विकास के लिए दिमाग की नहीं, बल्कि एक अच्छे किस्म के गधे और एक फटी हुई चूने की बोरी की ज़रूरत है।



# सबसे तेज शतक से सर्वाधिक छक्कों तक, वैभव ने अंडर-19 फाइनल में रचे कई कीर्तिमान




अंडर-19 वनडे विश्व कप का फाइनल भारत और इंग्लैंड के बीच जारी है। भारतीय कप्तान आयुष म्हात्रे ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। हालांकि, जब भारत को चौथे ओवर में एरॉन जॉर्ज (9) के रूप में झटका लगा, तो ऐसा लगा कि म्हात्रे का फैसला गलत है, लेकिन इसके बाद हरारे स्पोर्ट्स क्लब मैदान में वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे का कहर बरपा। दोनों ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की और चौके-छक्कों की बरसात कर दी। इसी कड़ी में 14 साल के वैभव ने 55 गेंदों में शतक पूरा किया और अंडर-19 विश्व कप में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। उन्होंने इस मामले में चार साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। वैभव सूर्यवंशी 80 गेंद में 175 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने अपनी पारी में 15 चौके और 15 छक्के लगाए। उन्हें लम्सडेन ने रियू के हाथों कैच कराया।

वैभव ने फरहान की गेंदों पर की छक्कों की बरसात

वैभव ने 15वें ओवर में स्पिनर फरहान अहमद की शुरुआती दो गेंदों पर दो छक्के लगाए। इस तरह मैच में उन्होंने पांच छक्के पूरे किए। वहीं, टूर्नामेंट में यह उनका 20वां छक्का रहा। इन दो छक्कों के साथ ही वैभव अंडर-19 विश्व कप में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। इस मामले में उन्होंने 2022 अंडर-19 विश्व कप में डेवाल्ड ब्रेविस द्वारा लगाए गए कुल 18 छक्कों का रिकॉर्ड तोड़ा। वैभव ने इसके बाद 17वें ओवर में भी फरहान अहमद की लगातार चार गेंदों पर चार बाउंड्रीज लगाईं। इनमें तीन छक्के और एक चौका शामिल है।

### अंडर-19 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा छक्कों का रिकॉर्ड

| खिलाड़ी | छक्के | साल |
|---|---|---|
| वैभव सूर्यवंशी | 30 | 2026 |
| डेवाल्ड ब्रेविस | 18 | 2022 |
| फिन एलन | 18 | 2016 और 2018 |
| जैक बर्नहम | 15 | 2016 |
| माइकल हिल | 14 | 2008 |
| निकोलस पूरन | 14 | 2014 |

### अंडर-19 वर्ल्ड कप के किसी एक संस्करण में सबसे ज्यादा छक्के

| खिलाड़ी | छक्के | साल |
|---|---|---|
| वैभव सूर्यवंशी | 30 | 2026 |
| डेवाल्ड ब्रेविस | 18 | 2022 |
| जैक बर्नहैम | 15 | 2026 |
| माइकल हिल | 14 | 2008 |
| निकोलस पूरन | 14 | 2014 |

### म्हात्रे 53 रन बनाकर आउट हुए, 142 रन की साझेदारी

हालांकि, म्हात्रे 19वें ओवर में बड़े शॉट के चक्कर में आउट हो गए, लेकिन वैभव का ध्यान भंग नहीं हुआ। उन्होंने 55 गेंदों में शतक पूरा किया। इससे पहले उन्होंने 32 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया था। यानी 50 से 100 तक पहुंचने में वैभव ने केवल 23 गेंद लिए। वैभव ने 100 रन पूरे करने में आठ चौके और आठ छक्के लगाए। आयुष म्हात्रे ने 51 गेंद में सात चौके और दो छक्के की मदद से 53 रन बनाकर आउट हुए। म्हात्रे और वैभव के बीच दूसरे विकेट के लिए 90 गेंद में 142 रन की साझेदारी हुई।

### अंडर-19 विश्व कप में सबसे तेज शतक

वैभव इसी के साथ अंडर-19 विश्व कप में दूसरे सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। वह बस ऑस्ट्रेलिया के विल मलाजचुक का रिकॉर्ड तोड़ने से चूक गए, जिन्होंने इसी विश्व कप में 51 गेंद पर शतक जड़ा था।

### सबसे तेज अंडर-19 विश्व कप शतक

| खिलाड़ी | टीम | गेंदें | खिलाफ | स्थान | साल |
|---|---|---|---|---|---|
| विल मलाजचुक | ऑस्ट्रेलिया | 51 | जापान | विंडहोक | 2026 |
| वैभव सूर्यवंशी | भारत | 55 | इंग्लैंड | हरारे | 2026 |
| कासिम अकरम | पाकिस्तान | 63 | श्रीलंका | नॉर्थ साउंड | 2022 |
| बेन मायेस | इंग्लैंड | 65 | स्कॉटलैंड | हरारे | 2026 |
| राज बावा | भारत | 69 | युगांडा | तारूबा | 2022 |

### वैभव फाइनल में शतक लगाने वाले तीसरे बल्लेबाज

इसी के साथ वैभव सूर्यवंशी भारत की ओर से अंडर-19 विश्व कप फाइनल में शतक लगाने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए। इससे पहले 2012 में उन्मुक्त चंद और 2018 में मंजोत कालरा ने शतक जड़ा था। वह अंडर-19 विश्व कप फाइनल के हाईएस्ट इंडिविजुअल स्कोरर भी बन गए हैं।

### अंडर-19 विश्व कप फाइनल में शतक

| खिलाड़ी | टीम | रन | विपक्ष | स्थान | साल |
|---|---|---|---|---|---|
| वैभव सूर्यवंशी | भारत | 175 | इंग्लैंड | हरारे | 2026 |
| उन्मुक्त चंद | भारत | 111* | ऑस्ट्रेलिया | टाउन्सविल | 2012 |
| ब्रेट विलियम्स | ऑस्ट्रेलिया | 108 | पाकिस्तान | एडिलेड | 1988 |
| स्टीफन पीटर्स | इंग्लैंड | 107 | न्यूजीलैंड | जोहानिसबर्ग | 1998 |
| मंजोत कलरा | भारत | 101* | ऑस्ट्रेलिया | माउंगानुई | 2018 |
| जेरार्ड बर्क | ऑस्ट्रेलिया | 100* | दक्षिण अफ्रीका | लिंकन | 2002 |

### अंडर-19 विश्व कप के नॉकआउट में किसी भारतीय का शतक

| खिलाड़ी | रन | विपक्ष | स्थान | साल | मैच |
|---|---|---|---|---|---|
| वैभव सूर्यवंशी | 175 | इंग्लैंड | हरारे | 2026 | फाइनल |
| चेतेश्वर पुजारा | 129* | इंग्लैंड | कोलंबो | 2006 | मीफाइनल |
| एरॉन जॉर्ज | 115 | अफगानिस्तान | हरारे | 2026 | सेमीफाइनल |
| उन्मुक्त चंद | 111* | ऑस्ट्रेलिया | टाउन्सविल | 2012 | फाइनल |
| ऋषभ पंत | 111 | नामीबिया | फतुल्लाह | 2016 | क्वार्टर फाइनल |
| यश ढुल | 110 | ऑस्ट्रेलिया | कूलीज | 2022 | सेमीफाइनल |
| रवनीत रिक्की | 108 | ऑस्ट्रेलिया | कोलंबो | 2000 | सेमीफाइनल |
| यशस्वी | 105* | पाकिस्तान | पॉचेफ्सट्रूम | 2020 | सेमीफाइनल |
| शुभमन गिल | 102* | पाकिस्तान | क्राइस्टचर्च | 2018 | सेमीफाइनल |
| मनजोत कालरा | 101* | ऑस्ट्रेलिया | माउंट माउंगानुई | 2018 | फाइनल |

### वैभव ऐसा करने वाले पहले बल्लेबाज

इतना ही नहीं वैभव के नाम अब इस अंडर-19 विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने का भी रिकॉर्ड है। उन्होंने अफगानिस्तान के शिनोजादा को पीछे छोड़ा। शिनोजादा ने 436 रन बनाए थे। इतना ही नहीं वैभव के नाम अब इस अंडर-19 विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने का भी रिकॉर्ड है। उन्होंने अफगानिस्तान के शिनोजादा को पीछे छोड़ा। शिनोजादा ने 436 रन बनाए थे। इतना ही नहीं, वह पहले बैटर हैं, जिसने अंडर-19 विश्व कप के इतिहास में चार बार 50+ के स्कोर 100+ के स्ट्राइक रेट से बनाए।

### अंडर-19 वर्ल्ड कप की एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के

| खिलाड़ी | टीम | छक्के | विपक्ष | स्थान | वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| वैभव सूर्यवंशी | भारत | 15* | इंग्लैंड | हरारे | 2026 |
| माइकल हिल | ऑस्ट्रेलिया | 12 | नामीबिया | पेनांग | 2008 |
| क्रेग सिमंस | ऑस्ट्रेलिया | 11 | केन्या | डुनेडिन | 2002 |

वैभव सूर्यवंशी अब अंडर-19 विश्व कप की एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन चुके हैं। उन्होंने इस मामले में 18 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। ऑस्ट्रेलिया के माइकल हिल ने 2008 में नामीबिया के खिलाफ पेनांग में अपनी पारी में 12 छक्के लगाए थे। इतना ही नहीं, वैभव सूर्यवंशी अब यूथ वनडे क्रिकेट (ज्ञात रिकॉर्ड्स में) की एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन चुके हैं। उन्होंने दिसंबर में आईसीसीए दुबई में यूएई अंडर-19 के खिलाफ लगाए गए अपने ही 14 छक्कों के रिकॉर्ड को तोड़ा।

### अंडर-19 विश्व कप 2026 में सबसे ज्यादा रन

| खिलाड़ी | टीम | पारी | रन | औसत | शतक | अर्धशतक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वैभव सूर्यवंशी | भारत | 7 | 439 | 62.71 | 1 | 3 |
| फैसल शिनोजादा | अफगानिस्तान | 6 | 435 | 87.00 | 2 | 2 |
| बी.ए. मायेस | इंग्लैंड | 6 | 399 | 79.80 | 1 | 2 |
| वी. चामुदिथा | श्रीलंका | 5 | 310 | 62.00 | 2 | 0 |
| थॉमस रियू | इंग्लैंड | 6 | 299 | 74.75 | 1 | 2 |

## डिफेंडिंग चैंपियन भारत के अमेरिका से ओपनिंग मुकाबले में कौन मारेगा बाजी?

टी20 वर्ल्ड कप 2026 में शनिवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारत और अमेरिका के बीच मुकाबले से टूर्नामेंट का आगाज होगा। जहां एक ओर टीम इंडिया अपनी दमदार टी20 फॉर्म के साथ खिताब बचाने की उम्मीदों के साथ उतरेगी। वहीं, दूसरी तरफ अमेरिका की टीम भी उलटफेर की उम्मीदों के साथ दम भरेगी।

यूएसए की टीम की खास बात यह है कि उसके सिर्फ 4 खिलाड़ी अमेरिका में जन्मे हैं जबकि बाकी 11 पहली पीढ़ी के प्रवासी हैं। इनमें 3 खिलाड़ी पाकिस्तान में जन्मे हैं और कप्तान मोनांक पटेल समेत 4 प्लेयर्स भारत में पैदा हुए हैं। मोनांक ने हाल ही में कहा था कि यूएसए के लिए खेलते समय कोई भारतीय या पाकिस्तानी नहीं होता। भारतीय, पाकिस्तानी, दक्षिण अफ्रीकी और श्रीलंकाई मूल के खिलाड़ियों से सजी यह टीम भारत के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। यानी ये मुकाबला अपनों के बीच ही है।

### भारत की खिताब बचाने पर नजर

भारत ने पिछले कुछ सालों में शानदार टी20 प्रदर्शन किया है। टी20 विश्व कप के पिछले 9 सीजन में अब तक कोई भी टीम अपने घरेलू मैदान पर खिताब नहीं बचा पाई है लेकिन भारत के पास इस बार इतिहास बदलने का मौका है। 2011 वनडे वर्ल्ड कप जीतने वाले वानखेड़े स्टेडियम में टीम नई उम्मीदों के साथ उतर रही।



### ईशान कर सकते हैं ओपनिंग

अमेरिका के हरमीत सिंह और भारत के ईशान किशन। मुंबई में जन्मे हरमीत कभी भारत की अंडर-19 टीम के स्टार रहे थे और अब यूएसए के लिए खेलते हुए अपने जन्मस्थान पर भारत के खिलाफ उतरेंगे। वहीं, ईशान किशन ने पिछले छह महीनों में जबरदस्त वापसी की है। शुभमन गिल और संजू सैमसन की खराब फॉर्म के बीच उन्होंने शानदार प्रदर्शन कर टीम में जगह बनाई और अब ओपनिंग में अभिषेक शर्मा के साथ उतरने के दावेदार हैं।

### खिलाड़ियों की चोट से भारत की परेशानी बढ़ी

टीम न्यूज की बात करें तो वाशिंगटन सुंदर अभी साइड स्ट्रेन से उबर रहे हैं जबकि हर्षित राणा की फिटनेस चिंता का विषय है। तिलक वर्मा फिट होकर लौट चुके हैं। अमेरिका के लिए विकेटकीपर एंड्रीस गॉस की वापसी तय मानी जा रही।

कैसा रहेगा पिच का मिजाज?

पिच और मौसम बल्लेबाजों के लिए मददगार रह सकते हैं। दिन में तापमान 35 डिग्री के आसपास रहेगा लेकिन शाम को ओस पड़ने से बल्लेबाजी और आसान हो सकती है। आंकड़ों की बात करें तो भारत ने आखिरी बार 2022 टी20 वर्ल्ड कप में मैच गंवाया था। हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ 271 रन बनाकर टीम ने टी20 में अपनी ताकत भी दिखाई है। अब देखना दिलचस्प होगा कि मजबूत भारत और जोशीली USA टीम में कौन बाजी मारता है।

### दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग-11

भारतः 1 अभिषेक शर्मा, 2 ईशान किशन (विकेट कीपर), 3 तिलक वर्मा, 4 सूर्यकुमार यादव (कप्तान), 5 हार्दिक पांड्या, 6 रिंकू सिंह, 7 शिवम दूबे, 8 अक्षर पटेल, 9 अर्शदीप सिंह, 10 जसप्रीत बुमराह, 11 वरुण चक्रवर्ती।

अमेरिकाः 1 सैतेजा मुक्कमल्ला, 2 एंड्रीज गौस (विकेट कीपर), 3 शायन जहांगीर, 4 मोनंक पटेल (कप्तान), 5 मिलिंद कुमार, 6 हरमीत सिंह, 7 शुभम रंजने, 8 मोहम्मद मोहसिन, 9 शैडली वैन शल्कविक, 10 सौरभ नेत्रवलकर, 11 अली खान।

## भारत पर दबाव की कोशिश !: पाकिस्तान के पूर्व आईसीसी प्रमुख की जय शाह को सलाह, कहा- पाक जाकर नकवी और सरकार को मनाएं

टी20 विश्व कप 2026 में भारत-पाकिस्तान मुकाबले को लेकर चल रहे विवाद में अब एक नया और तीखा बयान सामने आया है। आईसीसी और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व प्रमुख एहसान मनी ने इस पूरे मामले में सीधे तौर पर भारत और आईसीसी चेयरमैन जय शाह को कटघरे में खड़ा कर दिया है।

एहसान मनी ने बड़बोलापन दिखाते हुए कहा है कि जय शाह को खुद पाकिस्तान जाना चाहिए और वहां की सरकार को भारत के खिलाफ मैच के बहिष्कार का फैसला वापस लेने के लिए मनाना चाहिए। यही नहीं, उन्होंने यह भी कहा कि जय शाह को पाकिस्तान की शिकायतें भी सुननी चाहिए।

### 'जय शाह खुद पाकिस्तान जाएं'

पाकिस्तानी अखबार डॉन से बातचीत में एहसान मनी ने कहा, 'उन्हें पाकिस्तान जाना चाहिए, सरकार को बहिष्कार खत्म करने के लिए मनाना चाहिए और पाकिस्तान की शिकायतें भी सुननी चाहिए। आईसीसी चेयरमैन के लिए बेहतर होगा कि वह खुद पाकिस्तान सरकार से बात करें।' यह बयान ऐसे समय में आया है जब भारत-पाकिस्तान मुकाबले के बहिष्कार से आईसीसी, ब्रॉडकास्टर्स और मेजबान देशों को करोड़ों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है।





### बांग्लादेश से शुरू हुआ विवाद, भारत तक पहुंचा

यह पूरा विवाद तब शुरू हुआ जब बांग्लादेश ने सुरक्षा कारणों का हवाला देकर भारत आने से इनकार कर दिया। पाकिस्तान ने उसका समर्थन किया, लेकिन आईसीसी ने इस दलील को खारिज कर दिया और तय समय पर पुष्टि न मिलने पर बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर कर स्कॉटलैंड को शामिल कर लिया। इसके बाद पीसीबी चेयरमैन और पाकिस्तानी मंत्री मोहसिन नकवी ने इसे नाइंसाफी करार दिया और फिर पाकिस्तान सरकार ने भारत के खिलाफ मैच न खेलने का निर्देश दे दिया।

### जय शाह पर क्यों डाला जा रहा दबाव?

एहसान मनी का मानना है कि आईसीसी के डिप्टी चेयरमैन इमरान ख्वाजा इस विवाद को सुलझाने के लिए सही व्यक्ति नहीं हैं। उनका कहना है कि इस मामले में आईसीसी चेयरमैन जय शाह को ही आगे आना चाहिए, क्योंकि भारत और बीसीसीआई की भूमिका को पाकिस्तान अपने फैसले की वजह मानता है।

### कानूनी पेंच और भारत पर आरोप

एहसान मनी ने माना कि पाकिस्तान का मामला कानूनी रूप से कमजोर हो सकता है, क्योंकि भारत में होने वाले मैच पहले ही हाइब्रिड मॉडल के तहत श्रीलंका शिफ्ट कर दिए गए थे। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान के केस में कुछ कमजोरियां हैं, लेकिन एक सक्षम कानूनी टीम इसे प्रभावी तरीके से रख सकती है। भारत-पाक मैच का बहिष्कार मेंबर्स पार्टिसिपेशन एग्रीमेंट का उल्लंघन हो सकता है, लेकिन इसके लिए बीसीसीआई का नकारात्मक रवैया जिम्मेदार है, जिसने पाकिस्तान को इतना बड़ा फैसला लेने पर मजबूर किया।'

## हमारी कोलंबो की फ्लाइट बुक...हम तो जा रहे पाकिस्तान के खिलाफ मैच पर सूर्यकुमार का सीधा जवाब




भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि उनकी टीम ने विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ खेलने से इनकार नहीं किया है, बल्कि पाकिस्तान पीछे हटा है।

टी20 विश्व कप 2026 का आगाज 7 फरवरी से होगा। इससे पहले, आईसीसी ने सभी 20 टीमों के कप्तानों का मीट अप रखा था। इसी दौरान भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले मैच को लेकर बात रखी। बता दें कि पाकिस्तान ने इस मैच के बहिष्कार करने को कहा है।

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार ने टूर्नामेंट से पहले कैप्टन की प्रेस कॉन्फ्रेंस मेंकहा, 'कोलंबो के लिए हमारी फ्लाइट बुक हो गई। हम जाएंगे और फिर देखेंगे। हमने पाकिस्तान के खिलाफ मैच खेलने से मना नहीं किया है, बल्कि पाकिस्तान ने ऐसा कहा है। हमारी तो टिकट हो चुकी है और हम तो कोलंबो जा रहे हैं। हमारा पहला मैच अमेरिका के खिलाफ है।'

पिछले हफ्ते, पाकिस्तान सरकार ने बिना कोई ऑफिशियल वजह बताए ये ऐलान किया था कि उनकी टीम 15 फरवरी को इंडिया के खिलाफ मैदान पर नहीं उतरेगी।

बांग्लादेश को T20 वर्ल्ड कप के मैचों के लिए इंडिया आने से मना करने पर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया था, जिसके बाद इस कदम को बड़े पैमाने पर विरोध के तौर पर देखा गया था। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बाद में इसकी पुष्टि की। भारत और पाकिस्तान को एक ही ग्रुप में रखा गया है और उन्हें श्रीलंका में मिलना था, जो इंडिया के साथ टूर्नामेंट को-होस्ट कर रहा।

पाकिस्तान के ऐलान के बाद, इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने एक बयान में कहा था कि सेलेक्टिव पार्टिसिपेशन टूर्नामेंट की आत्मा और पवित्रता को कमज़ोर करता है। पाकिस्तान के बॉयकॉट से उसे दो पॉइंट्स गंवाने पड़ सकते हैं, लेकिन यह साफ़ नहीं है कि PCB पर और रोक या बैन लगेगा या नहीं। टी20 वर्ल्ड कप शनिवार से शुरू हो रहा।

## क्रिकेटर रिंकू सिंह का फेसबुक पेज हैक, 16 लाख फॉलोअर्स वाली आईडी से हैकर्स ने उड़ाया मोनेटाइजेशन का पैसा




टीम इंडिया के स्टार फिनिशर रिंकू सिंह साइबर अपराधियों के बड़े जाल में फंस गए हैं। अज्ञात हैकर्स ने उनके 1.6 मिलियन फॉलोअर्स वाले आधिकारिक फेसबुक अकाउंट पर सेंध लगा दी है।

वर्तमान में रिंकू सिंह टी-20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने में व्यस्त हैं, और इसी बीच हैकर्स ने उनकी मेहनत की कमाई और डिजिटल पहचान पर कब्जा कर लिया है।साइबर सेल की शुरुआती जांच में यह पाया गया है कि हैकर्स ने रिंकू सिंह के अकाउंट की सुरक्षा में सेंध लगाकर उसकी मूल लॉगिन ईमेल आईडी को बदल दिया है। पहले यह अकाउंट RinkuKumar344.8.7 आईडी से संचालित होता था, जिसे हैकर्स ने अब commercial.rinkukumar में तब्दील कर दिया है। इस बदलाव के कारण रिंकू की टीम का अकाउंट से नियंत्रण पूरी तरह खत्म हो गया है।

यह मामला केवल अकाउंट हैकिंग तक सीमित नहीं है, बल्कि एक बड़ा वित्तीय फ्रॉड भी है। रिंकू सिंह का फेसबुक पेज मोनेटाइज्ड था। हैकर्स अब इस अकाउंट से होने वाली विज्ञापन और अन्य रेवेन्यू की रकम को अवैध रूप से हड़प रहे हैं।

हैकर्स ने पेमेंट सेटिंग्स में भी छेड़छाड़ की है ताकि मिलने वाली राशि उनके खातों में ट्रांसफर हो सके।

### ब्रांड वैल्यू पर खतराः प्रोफाइल से साझा की जा रही हैं संदिग्ध सामग्री

हैक होने के बाद से रिंकू सिंह के ऑफिशियल पेज से कई ऐसे वीडियो और फोटो अपलोड किए जा रहे हैं, जो उनकी सार्वजनिक छवि और ब्रांड वैल्यू के विपरीत हैं।

इन पोस्ट्स को देखकर उनके करोड़ों प्रशंसक दुविधा में हैं। रिंकू के करीबियों का कहना है कि ये पोस्ट्स रिंकू या उनकी सोशल मीडिया टीम द्वारा नहीं किए गए हैं।

### पुलिस कार्रवाईः एसएसपी अलीगढ़ के निर्देश पर साइबर सेल सक्रिय

धोखाधड़ी का पता चलते ही रिंकू सिंह ने स्वयं अलीगढ़ के एसएसपी नीरज कुमार जादौन को फोन कर स्थिति से अवगत कराया। इसके तत्काल बाद रिंकू के भाई सोनू सिंह ने साइबर थाने में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई।

एसएसपी के आदेश पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है और पुलिस की टेक्निकल टीम अब मेटा के सुरक्षा अधिकारियों के साथ समन्वय कर अकाउंट रिकवर करने की कोशिश कर रही है।

## सागर धनखड़ मर्डर केसः सुशील कुमार की जमानत याचिका खारिज, पांच साल पहले पीट-पीटकर ले ली थी पहलवान की जान



पहलवान सागर धनखड़ की 2021 में हुई हत्या के मामले में पहलवान सुशील कुमार को दिल्ली की रोहिणी कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने सुशील कुमार की नियमित जमानत की याचिका खारिज कर दी है। यह फैसला सुशील कुमार के लिए एक और निराशा है, जो इस हाई-प्रोफाइल मामले में मुख्य आरोपियों में से एक हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल ही उनकी जमानत रद्द कर दी थी, जिसके बाद उन्हें पुनः गिरफ्तार किया गया था।

### मामले की पृष्ठभूमि और अब तक की कानूनी कार्रवाई

सागर धनखड़ की हत्या का मामला 4 मई 2021 को दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में हुआ था। आरोप है कि सुशील कुमार और उनके साथियों ने कथित तौर पर रंजिश के चलते सागर धनखड़ और उसके दोस्तों पर हमला किया था। इस हमले में सागर धनखड़ को गंभीर चोटें आईं और बाद में उनकी मृत्यु हो गई। इस घटना के बाद सुशील कुमार फरार हो गए थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। तब से यह मामला विभिन्न अदालतों में चल रहा है। सुशील कुमार की ओर से लगातार जमानत की अर्जी लगाई जाती रही है, लेकिन हर बार उन्हें निराशा ही हाथ लगी है।

### जमानत याचिका खारिज होने के मुख्य कारण

रोहिणी कोर्ट ने सुशील कुमार की जमानत याचिका खारिज करते हुए कई अहम बिंदुओं पर गौर किया। अदालत ने माना कि सुशील कुमार इस गंभीर अपराध के मुख्य आरोपी हैं और उनके खिलाफ प्रथम दृष्टया पर्याप्त सबूत मौजूद हैं। जमानत मिलने की स्थिति में उनके फरार होने या गवाहों को प्रभावित करने की प्रबल आशंका है। इसके अलावा, सुप्रीम कोर्ट द्वारा पहले उनकी जमानत रद्द किया जाना भी एक महत्वपूर्ण कारक रहा, जिसने निचली अदालतों के लिए भविष्य के निर्णयों के लिए एक मिसाल कायम की। अदालत ने यह भी माना कि यह एक जघन्य अपराध है और समाज में इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

# अरिजीत के नए गाना रिलीज, यूलिया वंतूर के साथ दी आवाज; सलमान खान से है कनेक्शन





प्लेबैक सिंगिंग से अपने रिटायरमेंट की घोषणा करने के बाद से अरिजीत सिंह लगातार चर्चाओं में बने हुए हैं। इस बीच अब अरिजीत सिंह के नए गाने का टीजर सामने आया है। अरिजीत ने ये गाना शॉर्ट फिल्म 'इकोज ऑफ अस' में गाया है, जिसमें यूलिया वंतूर और दीपक तिजोरी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का संगीत सलमान खान के म्यूजिक लेबल के तहत तैयार किया गया है।

### यूलिया के साथ अरिजीत ने दी आवाज

जो राजन द्वारा निर्देशित शॉर्ट फिल्म 'इकोज ऑफ अस' के पहले गीत 'तेरे संग' का टीजर आज जारी किया गया है। गाने में यूलिया वंतूर और दीपक तिजोरी नजर आ रहे हैं। इस गाने को अरिजीत सिंह ने यूलिया के साथ मिलकर गाया है। यह गाना सलमान खान फिल्म्स म्यूजिक के बैनर तले लॉन्च किया गया है। यूलिया का नाम पिछले काफी वक्त से सलमान खान के साथ जोड़ा जाता रहा है। ऐसे में अब यूलिया की शॉर्ट फिल्म के गाने को भी सलमान खान द्वारा ही लॉन्च किया गया है। इससे दोनों की नजदीकियों को लेकर एक बार फिर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

### पूजा बत्रा ने किया है फिल्म का निर्माण

'इकोज ऑफ अस' में दीपक तिजोरी और यूलिया वंतूर के अलावा स्पेनिश अभिनेत्री एलेसांद्रा व्हेलन मेरेडिज भी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। 'तेरे संग' गाना यूलिया और अरिजीत का पहला कोलैबरेशन है। इस शॉर्ट फिल्म का निर्माण अभिनेत्री पूजा बत्रा ने एलायंस मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से किया है। पिछले साल 28 जून 2025 को सलमान खान ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर 'इकोज ऑफ अस' की टीम को शुभकामनाएं देते हुए फिल्म की रिलीज के लिए बधाई दी थी। साथ ही 47 सेकंड का पहला लुक टीजर भी साझा किया था।

# रणवीर सिंह की फिल्म ने ओवरसीज में बनाए 5 शानदार रिकॉर्ड लेकिन 300 करोड के बड़े टारगेट को नहीं कर पाई हासिल

रणवीर सिंह की हालिया रिलीज स्पाई एक्शन थ्रिलर 'धुरंधर' ने बॉक्स ऑफिस पर गदर परफॉर्म किया और छप्पर फाड़ कमाई के साथ बॉलीवुड की सबसे बड़ी फिल्म का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया. इस फिल्म के मेकर्स और स्टार कास्ट ने सोचा भी नहीं था कि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर इतनी ऊंचाई तक पहुंचेगी. आदित्य धर के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म ने रिलीज से पहले की सारी नेगेटिविटी को सफलतापूर्वक तोड़ दिया और एक बार फिर साबित कर दिया कि कंटेंट ही किंग है! इसका ओवरसीज रन लगभग खत्म हो गया है. वहीं तमाम बड़े रिकॉर्ड अपने नाम करने वाली ये फिल्म एक बड़ा मील का पत्थर पार करने से चूक गई है.

### 'धुरंधर' ने विदेश में बनाए 5 बड़े रिकॉर्ड्स

कोईमोई की रिपोर्ट के मुताबिक 'धुरंधर' ने अपनी रिलीज के 60 से ज़्यादा दिनों में ओवरसीज़ बॉक्स ऑफिस पर 299 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन कर एक शानदार परफॉर्मेंस दी और अब यह बड़ी सफलता हासिल करके अपनी इंटरनेशनल जर्नी को रैपअप कर चुक है.



दिलचस्प बात ये है कि सनी देओल की 'बॉर्डर 2' से मुकाबले के बावजूद, रणवीर सिंह स्टारर ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर टिकी रही. इसी के साथ ये भी बता दें कि 'धुरंधर' ने देश ही नहीं विदेशों में भी कई बड़े रिकॉर्ड बनाए हैं. यहाँ पूरी लिस्ट जानते हैं

'धुरंधर' बनी 2025 की विदेशों में सबसे ज़्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म.

रणवीर सिंह स्टारर फिल्म ने साल 2025 की 200 करोड़ क्लब में शामिल होने वाली पहली और एकमात्र भारतीय फिल्म का रिकॉर्ड अपने नाम किया.

रणवीर सिंह, संजय दत्त, अक्षय खन्ना, अर्जुन रामपाल और आर माधवन की अब तक की सबसे ज़्यादा कमाई करने वाली विदेशी फिल्म का रिकॉर्ड बनाया

आदित्य धर की अब तक की सबसे ज़्यादा कमाई करने वाली डायरेक्टोरियल फिल्म बनी.

अब तक की 8वीं सबसे ज़्यादा कमाई करने वाली बॉलीवुड फिल्म का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया.

एक करोड़ से भी कम से चूका बड़ा टारगेट!

60 शानदार दिनों के बाद, धुरंधर का ओवरसीज़ रन खत्म हो गया है. वहीं रणवीर सिंह शाहरुख खान (पठान, जवान) की लीग में शामिल होने से चूक गए हैं क्योंकि उनकी स्पाई एक्शन थ्रिलर अपनी बॉक्स ऑफिस रन के पहले फेज में 300 करोड़ क्लब में शामिल नहीं हो पाएगी. दुख की बात यह है कि आदित्य धर की फिल्म यह माइलस्टोन 1 करोड़ से भी कम से चूक गई है, क्योंकि इंटरनेशनल टोटल पहले ही 299 करोड़ हो चुका है. लेकिन इससे यह बात नहीं बदलती कि यह बॉलीवुड की अब तक की सबसे बड़ी बॉक्स ऑफिस ब्लॉकबस्टर फिल्मों में से एक है! इसके अलावा, धुरंधर 2 मार्च में आने वाली है और उम्मीद है कि वह यह माइलस्टोन हासिल कर ले.

# आम्रपाली दुबे और मोनालिसा नहीं तो कौन है भोजपुरी इंडस्ट्री की सबसे अमीर एक्ट्रेस




भोजपुरी इंडस्ट्री में कई ऐसी हसीनाएं हैं जो अपनी एक्टिंग और ग्लैमरस अंदाज को लेकर चर्चा में रहती हैं. लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इन एक्ट्रेसेस में सबसे अमीर कौन है. आम्रपाली दुबे से लेकर मोनालिसा तक की गिनती भोजपुरी की टॉप एक्ट्रेस में होती है. लेकिन, बहुत कम लोग जानते होंगे कि ये दोनों भोजपुरी की सबसे अमीर एक्ट्रेस नहीं हैं.

सबसे पहला नाम अक्षरा सिंह का है. ट्रिंग वेबसाइट के अनुसार उनकी कुल नेट वर्थ लगभग 50-60 करोड़ रुपये है.

रानी चटर्जी का भी नाम शामिल है. एक्ट्रेस को भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की एक्शन वुमन भी कहा जाता है. रानी की नेटवर्थ 43 करोड़ रुपये है, वे हर फिल्म में 8-10 लाख चार्ज करती हैं.

तीसरे नंबर पर एक्ट्रेस मोनालिसा का नाम शामिल है.उनकी नेटवर्थ 35-40 करोड़ रुपये बताई जाती है और उनका एनुअल इनकम 8-10 करोड़ रुपये है. मोनालिसा बिग बॉस 10 की भी कन्टेस्टेन्ट रह चुकी हैं और काफी सुर्खिया बटोर चुकी हैं.

पाखी हेगड़े का भी नाम शामिल है वे हर फिल्म से लगभग 2-4 लाख रुपये कमाती हैं. उनका टोटल नेटवर्थ 30-40 करोड़ रुपये है.

एक्ट्रेस निधि झा ने भोजपुरी और हिंदी टीवी इंडस्ट्री दोनों में काम किया है. उनके नेटवर्थ 17-40 करोड़ रुपये बताए जाते है.

एक्ट्रेस आम्रपाली दुबे का नाम शामिल है. आम्रपाली हर फिल्म के लिए 10-15 लाख रुपये चार्ज करती हैं और टोटल नेट वर्थ 14-30 करोड़ रुपये है.

सातवे नंबर पर एक्ट्रेस अंजना सिंह का नाम शामिल है. अंजना हर फिल्म में लगभग 3-4 लााख रुपये चार्ज करती हैं. और उनका कुल नेटवर्थ 21 करोड़ रुपये है. वहीं इस लिस्ट के आठवें नंबर पर एक्ट्रेस काजल राघवानी का नाम है. उनकी नेटवर्थ करीबन 14 करोड़ रुपये बताई जाती है.

# 'इतिहास दोहराया गया', डब्ल्यूपीएल में आरसीबी की जीत पर अनुष्का शर्मा ने जताई खुशी; दी प्रतिक्रिया





बीती रात वूमेंस प्रीमियर लीग के चौथे संस्करण का फाइनल हुआ। ये मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूरू और दिल्ली कैपिटल्स की महिला टीमों के बीच खेला गया। जहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूरू ने दिल्ली कैपिटल्स को छह विकेट से हराकर दूसरी बार डब्ल्यूपीएल का खिताब अपने नाम किया। स्मृति मंधाना की कप्तानी में आरसीबी की महिलाओं ने एक बार फिर ट्रॉफी को अपने नाम किया। आरसीबी की इस जीत पर अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने भी खुशी जताई है।

आरसीबी की पुरुष टीम के पूर्व कप्तान और सदस्य विराट कोहली की पत्नी और अभिनेत्री अनुष्का शर्मा डब्ल्यूपीएल में आरसीबी की जीत पर काफी खुश हैं। अनुष्का ने इस जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी साझा की है। अनुष्का ने इंस्टाग्राम पर आरसीबी महिला टीम की दूसरी बार ट्रॉफी उठाते हुए एक तस्वीर साझा की। इस ऐतिहासिक क्षण का जश्न मनाते हुए उन्होंने इसके साथ लिखा, 'आरसीबी महिला टीम ने फिर कमाल कर दिखाया। इतिहास दोहराया गया।'

स्मृति की कप्तानी में दूसरी बार आरसीबी ने जीती ट्रॉफी

डब्ल्यूपीएल में चार साल में ये आरसीबी का दूसरा खिताब है। इससे पहले साल 2024 में भी आरसीबी ने स्मृति मंधाना की ही कप्तानी में ट्रॉफी उठायी थी। अब 2026 में एक बार फिर स्मृति मंधाना ने आरसीबी को डब्ल्यूपीएल का चैंपियन बनाया है।

लंबे समय से बड़े पर्दे से गायब हैं अनुष्का

अनुष्का शर्मा की बात करें तो वो काफी लंबे वक्त से फिल्मों से दूर हैं। अनुष्का आखिरी बार साल 2018 में आई फिल्म 'जीरो' में लीड रोल में नजर आई थीं। इसके बाद वो 2022 में ओटीटी पर आई फिल्म 'कला' में एक गाने में सिर्फ नजर आई थीं। हालांकि, उनकी फिल्म 'चकदा एक्सप्रेस' लंबे वक्त से अटकी हुई है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान और दिग्गज तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी के जीवन पर बनी 'चकदा एक्सप्रेस' की शूटिंग पूरी हो चुकी है। लेकिन किन्हीं कारणों से फिल्म अब तक रिलीज नहीं हो पाई है। बाद में फिल्म को ओटीटी पर रिलीज करने की भी योजना थी, लेकिन वहां भी अब तक फिल्म रिलीज नहीं हो पाई है। फिलहाल अनुष्का विराट कोहली के साथ अपनी शादीशुदा जिंदगी का आनंद ले रही हैं।

# क्या 'ओ रोमियो' बन पाएगी शाहिद की टॉप ओपनर?



धुरंधर के बाद बॉर्डर 2 ने बॉलीवुड की सफलता का सिलसिला जारी रखा है. अब सबकी निगाहें वैलेंटाइन डे पर रिलीज होने वाली फिल्म 'ओ रोमियो' पर टिकी हैं. फिल्म को लेकर काफी बना हुआ है खासतौर पर इसके ट्रेलर और गानों ने 'ओ रोमियो' को लेकर माहौल बना किया है. ऐसे में क्या विशाल भारद्वाज द्वारा निर्देशित यह एक्शन थ्रिलर फिल्म शाहिद कपूर की भारत में सबसे ज्यादा ओपनिंग करने वाली टॉप 10 फिल्मों में जगह बना पाएगी.?

शाहिद कपूर बी टाउन के मोस्ट टैलेंटेड एक्टर्स में से एक हैं और अपने अब तक के करियर में वे कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दे चुके हैं. संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'कबीर सिंह' ने उन्हें बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा सक्सेस दिलाई थी. 2019 में रिलीज़ हुई यह रोमांटिक ड्रामा फिल्म शुरू से ही ज़बरदस्त हिट रहा. इसने 20.21 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन से शुरुआत की थी शाहिद की सबसे बड़ी ओपनिंग वाली फिल्म बन गई थी.

कोईमोई की रिपोर्ट के मुताबिक मौजूदा ट्रेंड्स के हिसाब से, शाहिद कपूर की ये अपकमिंग फिल्म 5-7 करोड़ की रेंज में ओपन कर सकती है.

ये फिल्म एक्टर की टॉप 10 सबसे बड़ी ओपनिंग फिल्मों में लिस्ट में जरूरत शामिल हो सकती है.

इसका पहला टारगेट उनकी 2017 की फिल्म रंगून (6.07 करोड़) को हराना होगा, जिसने पिछले 9 सालों से टॉप 10 में अपनी जगह बनाई हुई है!

एडवांस बुकिंग के रिस्पॉन्स के आधार पर, यह देखना होगा कि एक्शन थ्रिलर कितनी ऊपर तक चढ़ पाएगी. फिलहाल इसके शाहिद की टॉप 5 में एंट्री मुश्किल लग रही है

शाहिद कपूर की टॉप 10 सबसे ज़्यादा ओपनिंग वाली फिल्मों (कोईमोई के मुताबिक नेट कलेक्शन)

कबीर सिंह – 20.21 करोड़
पद्मावत – 19 करोड़
शानदार – 13.10 करोड़
आर राजकुमार – 10.10 करोड़
उड़ता पंजाब – 10.05 करोड़
तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया – 7.02 करोड़
मौसम – 6.75 करोड़
बत्ती गुल मीटर चालू – 6.76 करोड़
हैदर – 6.14 करोड़
रंगून – 6.07 करोड़

'ओ रोमियो' की सक्सेस वर्ड ऑफ माउथ पर करेगी डिपेंड

वहीं विशाल भारद्वाज वैलेंटाइन डे से ठीक पहले अपनी एक्शन थ्रिलर फिल्म रिलीज कर रहे हैं ऐसे में 'ओ'रोमियो' की सफलता दर्शकों के वर्ड ऑफ माउथ पर डिपेंड करेगी. हालांकि ट्रेलर को अच्छा रिस्पॉन्स मिला, लेकिन 2025 में रिलीज हुई 'धड़क 2' और 'तेरे इश्क में' जैसी कई रोमांटिक फिल्में दर्शकों को इम्प्रेस करने में नाकाम रहीं. इसलिए बॉलीवुड के दीवाने टिकट बुक करने से पहले शुरुआती रिव्यू का बेसब्री से इंतजार करेंगे. 'ओ रोमियो' इस 13 फरवरी को रिलीज हो रही है.

फिल्म में शाहिद कपूर के अलावा तृप्ति डिमरी, विक्रांत मैसी, तमन्ना भाटिया, दिशा पाटनी, नाना पाटेकर, फरीदा जलाल और अविनाश तिवारी भी अहम रोल में नजर आएंगे.

# अहान के कारण बंद हुई 'सनकी'? सुनील शेट्टी ने बेटे पर लगे आरोपों को बताया गलत; बोले- ये उसके साथ नाइंसाफी है

अहान शेट्टी इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'बॉर्डर 2' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। इस बीच अब अहान शेट्टी की फिल्म 'सनकी' के बंद होने की चर्चाएं एक बार फिर से उठी हैं। दरअसल, इस फिल्म के बंद होने की वजह अहान शेट्टी के सपोर्टिंग स्टाफ पर आने वाले अधिक खर्च को बताया गया था। कई रिपोर्ट्स में ऐसा कहा गया था कि अहान शेट्टी के सहयोगी स्टाफ पर अधिक खर्च आने के कारण मेकर्स ने 'सनकी' फिल्म को ठंडे बस्ते में डाल दिया। अब इन चर्चाओं पर अहान के पिता व अभिनेता सुनील शेट्टी ने प्रतिक्रिया दी है।



### प्रोड्यूसर ने फैलाईं अफवाहें

2021 में अहान की डेब्यू फिल्म 'तड़प' के रिलीज होने के बाद उनकी अगली फिल्म 'सनकी' को अचानक रोक दिया गया। 2024 की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि यह फैसला अहान के साथ आए लोगों के कारण कथित तौर पर हुए खर्चों से बढ़ी चिंताओं के बाद लिया गया है। अभिनेता सुनील शेट्टी ने इन आरोपों पर प्रतिक्रिया दी है। साथ ही उन्होंने बेटे अहान के प्रोफेशनलिज्म को लेकर भी बात की। सुनील शेट्टी ने कहा कि अहान ने कभी भी अपने साथ आए लोगों को हद से ज्यादा नहीं रखा। ये सब अफवाहें हैं। ये अफवाहें निर्माता की सुविधा के लिए फैलाई गई हैं। अगर निर्माता कहता है कि वह बिल दिखा सकता है, तो मैं देखूंगा। ऐसे में पिता को दखल देना पड़ता है और मैं साफ तौर पर दखल दूंगा। अपनी कमजोरियों को छिपाने के लिए झूठ मत फैलाओ, क्योंकि यह अहान के साथ नाइंसाफी है।

### अहान खुद उठाते हैं अपने स्टाफ का खर्च

सुनील शेट्टी ने आगे कहा कि अहान अपने साथ आने वाले लोगों को लेकर बहुत सतर्क रहते हैं। अगर वे उनके साथ आते हैं, तो उनका खर्च वही उठाते हैं। उन्हें इस बात का पूरा एहसास है। जब सुनील शेट्टी घर से खाना-पानी लाते हैं, तो मेरे स्टाफ को कहा गया है कि अगर आप यूनिट का खाना खा रहे हैं, तो ठीक है, लेकिन अगर आप बाहर से खाना मंगवाना चाहते हैं, तो बिल मेरे नाम से बनवाएं, निर्माता के नाम से नहीं। मेरा स्टाफ ऐसा करने की हिम्मत नहीं कर सकता, इसलिए अहान का स्टाफ तो ऐसा बिल्कुल नहीं करेगा। अहान तो अभी-अभी इंडस्ट्री में आए हैं। यह उनका इंडस्ट्री में जमने का समय है, इसलिए कोई नखरे नहीं चलेंगे। ऐसा हो ही नहीं सकता।

### कई रिपोर्ट्स में इन कारणों का भी किया गया जिक्र

कई मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया कि साजिद नाडियाडवाला ने शुरू में 'सनकी' को आगे बढ़ाया था और प्राइम वीडियो के साथ एक बड़ा डिजिटल सौदा भी किया था। हालांकि, इस सबके बावजूद सैटेलाइट और डिजिटल राइट्स से कम कमाई के कारण प्रोजेक्ट को रोक दिया गया। इसके साथ ही कथित तौर पर अहान के सपोर्ट स्टाफ का अत्यधिक खर्च भी इसका कारण बना। लेकिन अब सुनील शेट्टी ने अहान के सपोर्ट स्टाफ के खर्च की बात को झूठा करार दिया है।

### चार साल बाद 'बॉर्डर 2' में नजर आए अहान

अहान शेट्टी ने साल 2021 में आई एक्शन-रोमांटिक फिल्म 'तड़प' से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत की थी। हालांकि, इसके बाद लगभग चार साल से अधिक समय तक वो बड़े पर्दे से दूर रहे। अब इस साल की शुरुआत में रिलीज हुई 'बॉर्डर 2' अहान की दूसरी फिल्म है। फिल्म में उन्होंने नेवी ऑफिसर की भूमिका निभाई है। फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स की अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। वहीं अहान के काम को भी पसंद किया गया है।

# 'घूसखोर पंडत' पर क्यों हो रहा है विवाद?

मनोज बाजपेयी स्टारर नेटफ्लिक्स की अपकमिंग थ्रिलर 'घूसखोर पंडत' विवादों में घिर गई है. इस शो की घोषणा बुधवार को मुंबई में एक इवेंट में की गई और इसका टीज़र भी लॉन्च किया गया. फिल्म में मनोज बाजपेयी अजय दीक्षित नाम के एक भ्रष्ट और अनैतिक पुलिस ऑफिसर का किरदार निभा रहे हैं, जिसे पंडित के नाम से जाना जाता है. इस फिल्म को रितेश शाह ने डायरेक्ट किया है और इसे शाह और नीरज पांडे ने मिलकर लिखा है. इसमें नुसरत भरूचा और साकिब सलीम भी अहम किरदारों में हैं. हालांकि ये फिल्म विवादों में फंस गई है और इस फिल्म की टीम के खिलाफ लखनऊ में एफआईआर भी दर्ज की गई है. चलिए यहां पूरा मामला जानते हैं.

'नेक्स्ट ऑन नेटफ्लिक्स' इवेंट के दौरान 'घूसखोर पंडत' का टीजर रिलीज किए जाने के के तुरंत बाद ही ये विवादों में फंस गई. मुंबई के एक वकील, आशुतोष दुबे ने टाइटल पर आपत्ति जताते हुए नेटफ्लिक्स और फिल्म बनाने वालों को लीगल नोटिस भेजा. पंडत (पुजारी, धार्मिक विद्वान) शब्द का इस्तेमाल घूसखोर (उन लोगों के लिए इस्तेमाल होने वाला शब्द जो रिश्वत लेते हैं) के साथ किया गया है. नोटिस में दावा किया गया है कि यह मेल अपमानजनक है और 'पंडित समुदाय' की गरिमा पर हमला है.

नोटिस में 'घूसखोर पंडत' टाइटल को तुरंत हटाने की मांग की गई है, इसे मानहानिकारक, असंवैधानिक और सामाजिक रूप से भड़काऊ बताया गया है. इसमें तर्क दिया गया है कि मेकर्स किसी समुदाय से जुड़ी पहचान वाले टाइटल के बजाय कोई न्यूट्रल या फिक्शनल टाइटल चुन सकते थे. इसमें आगे कहा गया है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मतलब यह नहीं है कि व्यंग्य, फिक्शन या एंटरटेनमेंट की




आड़ में किसी समुदाय को अपमानित या बदनाम किया जाए, खासकर जब होने वाले नुकसान का अंदाज़ा लगाया जा सके."

### 'घूसखोर पंडत' के खिलाफ लखनऊ में मुक़दमा दर्ज

वहीं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर लखनऊ के हजरतगंज पुलिस स्टेशन में नेटफ्लिक्स फिल्म 'घूसखोर पंडित' के डायरेक्टर और टीम मेंबर्स के खिलाफ FIR दर्ज की गई है. शिकायत में आरोप लगाया गया है कि फिल्म के कंटेंट से लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं और सामाजिक सद्भाव बिगड़ा है, जिसके बाद स्थानीय अधिकारियों ने कार्रवाई की है.

अधिकारियों ने बताया कि फिल्म के कंटेंट को जनता के कुछ वर्गों ने आपत्तिजनक माना, जिससे अशांति या भावनाओं को ठेस पहुंचने की आशंका पैदा हुई. हज़रतगंज पुलिस के ख़ुद संज्ञान लेकर फ़िल्म के डायरेक्टर और उनकी टीम के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

### 'घूसखोर पंडत' के फिल्म मेकर ने जारी किया बयान

विवाद के बीच, 'घूसखोर पंडत' के मेकर नीरज पांडे ने एक बयान जारी किया और फिल्म के पीछे अपना मकसद बताया. अपने बयान में नीरज पांडे ने लिखा, हमारी फिल्म एक फिक्शनल कॉप ड्रामा है, और 'पंडत' शब्द का इस्तेमाल सिर्फ एक फिक्शनल कैरेक्टर के लिए बोलचाल के नाम के तौर पर किया गया है. कहानी एक व्यक्ति के कामों और फैसलों पर फोकस करती है और किसी भी जाति, धर्म या समुदाय पर कोई टिप्पणी नहीं करती या उसका प्रतिनिधित्व नहीं करती. एक फिल्म मेकर के तौर पर, मैं अपने काम को गहरी जिम्मेदारी के साथ करता हूं ताकि ऐसी कहानियां बता सकूं जो सोच-समझकर और सम्मानजनक हों.

विवाद के बाद, पांडे ने बताया कि टीम ने सभी प्रमोशन रोकने का फैसला किया है. उन्होने नोट में लिखा, इन चिंताओं को देखते हुए, हमने फिलहाल सभी प्रमोशनल मटेरियल हटाने का फैसला किया है, क्योंकि हमारा मानना है कि फिल्म को पूरी तरह से एक्सपीरियंस किया जाना चाहिए और उस कहानी के रेफरेंस में समझा जाना चाहिए जिसे हम बताना चाहते थे, न कि अधूरे हिस्सों के आधार पर जज किया जाए, हम जल्द ही दर्शकों के साथ फिल्म शेयर करने का इंतजार कर रहे हैं.

इधर फिल्म मेकर्स कंबाइन ने प्रोजेक्ट की घोषणा के तुरंत बाद नोटिस जारी किया, और इस हफ्ते की शुरुआत में मुंबई में एक इवेंट में इसका टीज़र जारी किया गया था. संगठन ने दावा किया कि मेकर्स ने टाइटल के लिए ज़रूरी मंज़ूरी नहीं ली थी, जैसा कि इंडस्ट्री के नियमों के तहत ज़रूरी है.

# दो करोड़ कैश, लग्जरी गाड़ी और महंगे गिफ्ट

## 'लव ट्रैप' में खुद फंस गईं डीएसपी कल्पना वर्मा, कारोबारी को शेयर किए थे सीक्रेट

रायपुर, 6 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ सरकार ने दंतेवाड़ा जिले में पदस्थ डीएसपी कल्पना वर्मा को निलंबित कर दिया है। कारोबारी दीपक टंडन की शिकायत पर पुलिस विभाग ने यह कार्रवाई की है। दीपक टंडन ने डीएसपी कल्पना वर्मा पर आरोप लगाया था कि डीएसपी ने उसे प्यार का झांसा देकर मंहगे गिफ्ट, गहने समेत करोड़ों रुपये लिए थे। इसके साथ ही कारोबारी ने यह दावा किया था कि डीएसपी ने नक्सली ऑपरेशन की सीक्रेट जानकारी भी लीक की थी।



**इनकम की जानकारी नहीं दे पाईं कल्पना वर्मा**

राज्य गृह विभाग के एक आदेश में कहा गया है कि डीएसपी कल्पना वर्मा को निलंबित कर दिया गया है क्योंकि उनके खिलाफ प्राप्त शिकायत की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि उन्होंने अपने कर्तव्य के दौरान अवैध वित्तीय लाभ प्राप्त किए। अपने पद का दुरुपयोग किया और अपनी ज्ञात आय के स्रोतों के अनुपात से अधिक संपत्ति अर्जित की।

जांच रिपोर्ट के अनुसार, डीएसपी कल्पना वर्मा और कारोबारी दीपक टंडन की व्हाट्सएप चैट में कई खुलासे हुए हैं। कल्पना वर्मा ने दीपक टंडन से कई बार पैसे लिए, इसके साथ ही महंगे गिफ्ट और गहने भी लिए हैं। निलंबन की अवधि के दौरान कल्पना वर्मा को नवा रायपुर स्थित पुलिस मुख्यालय से संबद्ध किया जाएगा।

**विभाग की गोपनीय जानकारी शेयर की**

जांच रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है पद में रहते हुए कल्पना वर्मा ने नक्सल विरोधी अभियान की सीक्रेट जानकारी भी शेयर की। इसके साथ ही उन्होंने विभाग की दूसरी गोपनीय जानकारी भी शेयर की है।

**कौन है कारोबारी दीपक टंडन**

कारोबारी दीपक टंडन का मूल रूप से कोरबा जिले का रहने वाला है। दीपक टंडन ने कोरबा के नया बस स्टैंड के पास सड़क किनारे फोटो फ्रेमिंग की दुकान खोली थी। अब यह दुकान उसके भाई चलाते हैं। इसके बाद दीपक टंडन ने रायपुर आकर होटल कारोबार में अपना हाथ अजमाया। होटल कारोबार में उसकी तरक्की होने लगी। दीपक की गिनती रायपुर के टॉप होटल कारोबारियों में होती है।

**दीपक ने लगाया था आरोप**

कारोबारी दीपक टंडन ने आरोप लगाया कि 2021 से महिला डीएसपी ने 'लव ट्रैप' के जरिए उससे करीब 2.5 करोड़ रुपये की वसूली की। उसने आरोप लगाया कि करीब 2 करोड़ रुपए कैश, एक लग्जरी कार, 12 लाख की डायमंड रिंग, 5 लाख रुपए के सोने के गहने और अन्य महंगे गिफ्ट दिए। कारोबारी ने कहा कि उसने जब पैसे वापस मांगे तो कल्पना वर्मा ने देने से इंकार कर दिया।

# स्कूल बस झोपड़ी में घुसी, सो रहे मासूमों की कुचलकर मौत

## दर्दनाक हादसा, गर्भवती महिला घायल, चालक अरेस्ट

गोपालगंज, 6 फरवरी (एजेंसियां)। गोपालगंज के गोपालपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमरिया गांव में शुक्रवार को हादसे में दो मासूम बच्चों की मौत हो गई। एक अनियंत्रित स्कूल बस सड़क किनारे स्थित झोपड़ीनुमा घर में घुस गई, जिससे घर के अंदर सो रहे दोनों बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गर्भवती महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

**चार वर्षीय आरिश और ढाई साल के इंताज की गई जान**

मृत बच्चों की पहचान जहीरुद्दीन के चार वर्षीय पुत्र आरिश और मुमताज के ढाई वर्षीय पुत्र इंताज के रूप में की गई है। हादसे में घायल गर्भवती महिला को तत्काल स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है और डॉक्टरों की निगरानी में इलाज जारी है।

घटना की सूचना मिलते ही गोपालपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। पुलिस ने दोनों बच्चों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, गोपालगंज भेज दिया है। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए बस चालक को हिरासत में ले लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है।




प्राप्त जानकारी के अनुसार, कटेया थाना क्षेत्र के जमुनहा स्थित एक निजी स्कूल की बस को चालक अपने घर लेकर आया था। बस खड़ी कर वह भोजन करने चला गया। इसी दौरान उसके बड़े भाई ने बस स्टार्ट कर दी, लेकिन वह वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका।

अनियंत्रित बस सीधे झोपड़ी में जा घुसी, जिससे झोपड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और अंदर सो रहे दोनों मासूम दबकर जान गंवा बैठे।

हादसे के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। पीड़ित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों में घटना को लेकर आक्रोश है। उन्होंने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने और लापरवाही के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

इंताज के पिता मुमताज ने बताया कि स्कूल बस में 20 बच्चे सवार थे, जिसे स्कूल छोड़ने के दौरान उसका पाटीदार बस चालक अब्बास घर के पास बस खड़ी कर खाने चला गया। इसी बीच अब्बास का भाई सफरुद्दीन बस का चाबी लेकर चलाने की कोशिश करने लगा। जिसके बाद वह बस अनियंत्रित होकर सीधे झोपड़ीनुमा घर में घुस गई।

हालांकि बस में सवार सभी छात्र छात्राएं सुरक्षित है। आरिश चार बहनों में इकलौता भाई था आरिश की माँ ने बेटे की मन्नत पूरी होने पर छठ व्रत की थी लेकिन उसे क्या पता था कि जिस बेटे के लिए वह छठ व्रत कर रही है उसकी इतनी जल्दी ही अपने परिवार से जुदा हो जायेगा। जबकि इंताज दो भाइयों में बड़ा था। दोनो के पिता मजदूर है।

# नकली शराब बरामद

## उत्पाद विभाग की छापेमारी में एक गिरफ्तार, 25 हजार रुपए की शराब बरामद

धनबाद, 6 फरवरी (एजेंसियां)। धनबाद जिले के बलियापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पलानी गांव में उत्पाद विभाग ने शुक्रवार सुबह बड़ी कार्रवाई की। सहायक आयुक्त उत्पाद के निर्देश पर गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस छापेमारी में नकली अंग्रेजी शराब बरामद की गई और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। इस अभियान में जिला पुलिस बल का भी सहयोग लिया गया।

उत्पाद विभाग को सूचना मिली थी कि पलानी स्थित शिवचरण महतो के घर में अवैध रूप से नकली अंग्रेजी शराब का भंडारण और कारोबार किया जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे उत्पाद सिपाहियों की टीम ने शिवचरण महतो के घर पर दबिश दी। छापेमारी की भनक लगते ही शराब हटाने का प्रयास किया गया, जिसके कारण मौके पर अपेक्षित मात्रा में शराब नहीं मिल सकी। हालांकि, तलाशी के दौरान टीम ने घर से लगभग 18 से 25 लीटर नकली अंग्रेजी शराब बरामद की।

उत्पाद अधिकारी जॉय हेंब्रम ने बताया कि बरामद नकली अंग्रेजी शराब की अनुमानित कीमत 20 से 25 हजार रुपए है।

उन्होंने पुष्टि की कि मौके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, जिससे गहन पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के आधार पर इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उत्पाद अधिकारी ने यह भी बताया कि जिले में नकली और अवैध शराब का कारोबार न केवल सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि आम लोगों के स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा है।

# नक्सली की 'हथियार फैक्ट्री' पर बड़ी कार्रवाई

## एल्यूमिनियम की छड़ें, ग्रेनेड लांचर, गोले और राइफल, विस्फोटक बरामद

नारायणपुर, 6 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में नक्सल विरोधी अभियान के तहत सुरक्षा बल के जवान लगातार कार्रवाई कर रहे हैं। नक्सल विरोधी ऑपरेशन के दौरान सर्चिंग पर निकली टीम को नारायणपुर में माओवादी ठिकाने से विस्फोटक बनाने की सामग्री और भारी मात्रा में हथियार बरामद हुए हैं। नक्सलियों ने यहां विस्फोटक बनाने में उपयोग होने वाला कच्चा माल जमा करके रथा था।

**खुफिया इनपुट पर ऑपरेशन**

पुलिस के अनुसार, खुफिया जानकारी मिलने के बाद सुरक्षाबल की एक टीम को बुधवार को रवाना किया गया था। गुरुवार को सर्चिंग करते हुए सुरक्षाबल के जवान कोरासकोदो-पांगुड-कंदुलपर गांवों में खोजबीन की तो यहां बड़ी मात्रा में विस्फोटक बनाने के लिए बरामद किए गए कच्चे माल को जब्त किया गया। जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) की टीम ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया है।



**जवानों को क्या-क्या मिला**

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया अभियान के दौरान बड़ी मात्रा में नक्सलियों द्वारा छिपाई गई सामग्री का पता चला। उन्होंने कहा कि बरामद की गई सामग्री में लगभग 1,300 लोहे की पाइप, एल्यूमिनियम की लगभग 200 छड़ (1,000 किलोग्राम से अधिक वजन), 61 बैरल ग्रेनेड लांचर (बीजीएल) गोले, 21 छोटे बीजीएल गोले, बीजीएल लगे 46 धनुष, 14 खाली सेल्फ लोडिंग राइफल मैगजीन और हथियार बनाने में उपयोग होने वाला सामान शामिल है।

**नक्सलियों को बड़ा झटका**

अधिकारी ने कहा कि यह बरामदगी क्षेत्र में माओवादियों के हथियार निर्माण नेटवर्क को ध्वस्त करने में मिली एक महत्वपूर्ण सफलता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि हाल ही में, जिले की पुलिस ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के साथ समन्वय के तहत क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कोरासकोदो में एक नया सुरक्षा शिविर स्थापित किया था।

**नक्सलियों के खिलाफ बड़ी तैयारी**

छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खात्मे के लिए सुरक्षाबल के जवान लगातार बड़ी कार्रवाई कर रहे हैं। सुरक्षाबल के जवानों ने नक्सल विरोधी अभियान के तहत कई बड़े नक्सलियों को मार गिराया है।

वहीं, उन इलाकों में भी सुरक्षा कैंप की स्थापना की गई जिन्हें कभी नक्सलियों का सबसे सुरक्षित गढ़ माना जाता था।

# रोजगार सेवक 7 हजार रुपए घूस लेते गिरफ्तार

## मनरेगा कूप योजना में एंट्री के लिए सरकारी आवास में एसीबी की कार्रवाई

पलामू, 6 फरवरी (एजेंसियां)। पलामू जिले के नौडीहा बाजार ब्लॉक कार्यालय में शुक्रवार को एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने रोजगार सेवक जितेंद्र राम को 7 हजार रुपए घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई मनरेगा कूप योजना में एंट्री करने के नाम पर की गई।

सरईडीह निवासी राजन यादव की मनरेगा योजना के तहत 4 लाख 72 हजार रुपए की कूप स्वीकृत हुई थी। राजन ने मजदूरी भुगतान के लिए एंट्री करने के लिए रोजगार सेवक जितेंद्र राम से कई बार आग्रह किया, लेकिन जितेंद्र राम घूस की राशि देने के बाद ही भुगतान की बात करता था।

राजन यादव ने इसकी शिकायत एसीबी पलामू कार्यालय में की थी। जांच में मामला सही पाए जाने पर प्राथमिकी दर्ज की गई और कार्रवाई के लिए एक टीम गठित कर मौके पर भेजा गया।

प्रखंड कार्यालय में बने सरकारी आवास में रोजगार सेवक ने जैसे ही लाभुक से 7000 रुपए की घूस ली, एसीबी टीम ने उसे तत्काल गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद जितेंद्र राम को मेदिनीनगर कार्यालय लाया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा।

इस कार्रवाई से नौडीहा बाजार ब्लॉक कार्यालय के कर्मियों में हड़कंप मच गया है। एसीबी टीम द्वारा नौडीहा बाजार ब्लॉक में यह पहली कार्रवाई है।

# बिहार विधानसभा कार पास स्टीकर लगी गाड़ी से तस्करी

## दो इनोवा क्रिस्टा से 3280 बोतल कोडीन सिरप बरामद, 4 तस्कर अरेस्ट

सुपौल, 6 फरवरी (एजेंसियां)। सुपौल में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत भपटियाही थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान बिहार विधानसभा कार पास स्टीकर लगी पटना नंबर प्लेट की दो इनोवा क्रिस्टा लग्जरी गाड़ियों से भारी मात्रा में प्रतिबंधित कोरेक्स सिरप बरामद किया गया।

इस कार्रवाई में कुल 3280 बोतल सिरप, दो चारपहिया वाहन, चार मोबाइल फोन और 25 हजार रुपये नकद जब्त किए गए, जबकि चार तस्करों को अरेस्ट किया गया है।

बरामद खेप में 10 कार्टन से 1680 बोतल विसकॉरेक्स बरामद

पुलिस के अनुसार, बरामद खेप में 10 कार्टन से 1680 बोतल विसकॉरेक्स और 12 कार्टन से 1600 बोतल विस्कॉफ शामिल हैं। विस्कॉफ की अनुमानित कीमत 2,75,520 रुपये तथा विसकॉरेक्स की कीमत 2,91,379 रुपये आंकी गई है। इस प्रकार कुल पदार्थों की कीमत करीब 5,66,899 रुपये बताई गई है।

2 संदिग्ध कारों को रोककर की तलाशी,नशीले सिरप खेप मिली

गुप्त सूचना के आधार पर भपटियाही थानाध्यक्ष प्रजेश दुबे के नेतृत्व में चिकनी धर्मकांटा और इंडो-नेपाल रोड पर विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। इसी दौरान दो संदिग्ध इनोवा कारों को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें सिरप की बड़ी खेप का खुलासा हुआ।

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान रणधीर कुमार सिंह (निवासी-सोभी डुमारा, भोजपुर), कन्हैया महतो, सोनू कुमार और सुधीर कुमार (तीनों निवासी-कदमकुआं थाना क्षेत्र, पटना) के रूप में की गई है। इस मामले में भपटियाही थाना में मामला दर्ज कर अग्रतर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है। पुलिस बरामद सिरप के बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंक की गहन जांच कर रही है, ताकि पूरे तस्करी नेटवर्क का पर्दाफाश किया जा सके।

एसपी शरथ आरएस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जिले में नशा तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इसमें संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। इस कार्रवाई के बाद नशा तस्करों में हड़कंप मच गया है।

# बिरहोर टोला से 10 बच्चे लापता

कोडरमा, 6 फरवरी (एजेंसियां)। कोडरमा जिले के जयनगर प्रखंड की खरियोडीह पंचायत के गड़ियाई बिरहोर टोला से 10 बच्चे लापता हो गए हैं। इस घटना से क्षेत्र में चिंता बढ़ गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय मुखिया राजेंद्र यादव ने बताया कि 1 फरवरी की रात बिरहोर टोला के लोग परसाबाद में एक श्राद्ध भोज में शामिल होने गए थे। जब वे वापस लौटे तो बच्चे उनके साथ नहीं थे। परिजनों ने अगले दिन मुखिया को इसकी सूचना दी। मुखिया राजेंद्र यादव ने तत्काल जयनगर थाना प्रभारी उमानाथ सिंह को घटना की जानकारी दी। शुरुआती तौर पर पुलिस ने मुखिया को अपने स्तर पर बच्चों की तलाश करने को कहा। इसके बाद राजेंद्र यादव ने अपने स्तर पर बच्चों की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। उन्होंने इसकी सूचना जयनगर के बीडीओ गौतम कुमार को दी।

# शराब-घोटाला: ओडिशा के मलकानगिरी में रहेंगे कवासी लखमा

## ईडी कोर्ट में पेश, 2 दिन पहले जमानत पर रिहा हुए थे, बजट–सत्र में शामिल होने के लिये दिया आवेदन

रायपुर, 6 फरवरी (एजेंसियां)। शराब घोटाले में गिरफ्तार पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा आज प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की विशेष अदालत में पेश हुए। यह उनकी सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत के बाद पहली कोर्ट पेशी थी। करीब 379 दिन जेल में रहने के बाद बुधवार 4 फरवरी को उन्हें जमानत मिली थी।

कवासी लखमा ने कोर्ट को बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार जमानत के दौरान वे ओडिशा के मलकानगिरी जिले में रहेंगे, जो छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले की सीमा से सटा है। लखमा की अगली पेशी 19 फरवरी को होगी। इसके अलावा उन्होंने आगामी छत्तीसगढ़ बजट सत्र में शामिल होने के लिए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को आवेदन दिया है। उनका कहना है कि वे सत्र में भाग लेना चाहते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि इस बारे में निर्णय विधानसभा अध्यक्ष करेंगे। इस मामले में बचाव पक्ष की ओर से वकील फैजल रिज़वी ने जानकारी दी। ईडी ने कवासी लखमा को 15 जनवरी 2025 को गिरफ्तार किया था।



शराब घोटाले के मामले में ईडी ने कवासी लखमा को मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार किया था। जांच एजेंसी का आरोप है कि आबकारी विभाग में पद पर रहते हुए उन्होंने शराब कारोबार से जुड़े सिंडिकेट को संरक्षण दिया, जिससे राज्य को भारी राजस्व नुकसान हुआ। ईडी का दावा है कि इस घोटाले के जरिए करोड़ों रुपए की अवैध कमाई की गई, जिसे अलग-अलग माध्यमों से खपाया गया।

लंबी न्यायिक प्रक्रिया के बाद कोर्ट ने लखमा को सशर्त जमानत प्रदान की है। जमानत आदेश में कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि वे जांच में पूरा सहयोग करेंगे, गवाहों को प्रभावित नहीं करेंगे और बिना अनुमति राज्य से बाहर नहीं जाएंगे। आज की पेशी में ईडी की ओर से केस डायरी और आगे की जांच की स्थिति को कोर्ट के समक्ष रखा जा सकता है।

बता दें कि ईडी ने कवासी लखमा को 15 जनवरी 2025 को गिरफ्तार किया था। ईडी ने रिमांड पर उनसे 7 दिन पूछताछ की थी। इसके बाद 21 जनवरी से 4 फरवरी तक न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया था। उसके बाद से ही कवासी लखमा रायपुर सेंट्रल जेल में बंद थे। 4 फरवरी को उन्हें जमानत मिली है।

ईडी का आरोप है कि पूर्व मंत्री और मौजूदा विधायक कवासी लखमा सिंडिकेट के अहम हिस्सा थे। लखमा के निर्देश पर ही सिंडिकेट काम करता था। इनसे शराब सिंडिकेट को मदद मिलती थी।

# सोनारायठाढ़ी में चोरी की बाइकें बरामद

## पुलिस ने रात में छापेमारी कर मोबाइल और चार मोटरसाइकिलें जब्त कीं, चार गिरफ्तार



देवघर, 6 फरवरी (एजेंसियां)। देवघर के सोनारायठाढ़ी थाना क्षेत्र में पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिलों की खरीद-बिक्री के एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया और चार चोरी की मोटरसाइकिलें तथा दो मोबाइल फोन जब्त किए। यह कार्रवाई 5 फरवरी 2026 की रात को की गई। थाना प्रभारी रोहित कुमार दांगी को 5 फरवरी की रात करीब 10 बजे गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के अनुसार, ग्राम कोल्हड़िया ढोढ़वा निवासी राजेश कुमार मंडल अपने घर में चोरी की मोटरसाइकिलें छिपाकर रखता था और उनकी अवैध खरीद-बिक्री करता था। सूचना की पुष्टि के बाद, वरीय अधिकारियों के निर्देश पर एक छापेमारी दल का गठन किया गया।

रात करीब 10:30 बजे थाना प्रभारी रोहित कुमार दांगी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम ढोढ़वा कोल्हड़िया में अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की। राजेश कुमार मंडल के घर से एक विवो कंपनी का एंड्रॉयड मोबाइल और एक हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल बरामद की गई।

इसके अतिरिक्त, गोविन्द मंडल, सुम्बय महित्य उर्फ शिबू रजवार और रामधन मंडल उर्फ रावण मंडल के घरों से भी चोरी की मोटरसाइकिलें और एक नोकिया कीपैड मोबाइल जब्त किया गया। पुलिस ने कुल चार हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिलें बरामद कीं, जिनके रजिस्ट्रेशन नंबर और चेचिस-इंजन नंबर अलग-अलग थे। सभी बरामद सामानों की विधिवत जप्ती सूची तैयार की गई। पुलिस ने इस मामले में राजेश कुमार मंडल, गोविन्द मंडल, सुम्बय महित्य उर्फ शिबू रजवार और रामधन मंडल उर्फ रावण मंडल नामक चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

# देवघर में महाशिवरात्रि पर भव्य शिव बारात की तैयारी



देवघर, 6 फरवरी (एजेंसियां)। द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर में शिवरात्रि पर इस बार भी भव्य शिव बारात निकालने की तैयारी की जा रही है। इस बार यह बारात पौराणिक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन करेगी।

मान्यता है कि शिवरात्रि पर भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह होता है, जिसमें सिंदूरदान की परंपरा विशेष महत्व रखती है। यह परंपरा देवघर की शिव बारात को देशभर में अलग पहचान दिलाती है।

शिव बारात में हर वर्ष की तरह इस बार भी विभिन्न झांकियां शामिल होंगी। इनमें भूत-प्रेत, साधु-संत, देवी-देवताओं और पौराणिक पात्रों को दर्शाया जाएगा। इन झांकियों को तैयार करने का काम महाशिवरात्रि से लगभग एक माह पहले शुरू हो जाता है, जिसमें स्थानीय कलाकार, कारीगर और युवा भाग लेते हैं।

इस वर्ष की शिव बारात का मुख्य आकर्षण 'साइबर दैत्य' की झांकी होगी। इसका उद्देश्य बढ़ते साइबर अपराध और डिजिटल ठगी के प्रति लोगों को जागरुक करना है।

# बिना कारण पति से अलग रहने वाली महिला गुजारा भत्ता की हकदार नहीं

रायपुर, 6 फरवरी (एजेंसियां)। अगर कोई शादीशुदा महिला बिना किसी जायज वजह से अपने पति से अलग रहती है तो वह गुजारा भत्ता की हकदार नहीं है। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने यह बड़ा फैसला एक मामले की सुनवाई के बाद दिया है। कोर्ट ने टिप्पणी की है कि सिर्फ शादीशुदा होना गुजारा भत्ता मांगने का आधार नहीं है बल्कि दंपति के व्यवहार को भी देखना होगा।

कोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार, एक महिला ने याचिका दायर कर क्रिमिनल प्रोसीजर कोड की धारा 125 के तहत गुजारा भत्ता की मांग की थी। वह शादी के चार दिन बाद से ही पति से अलग रह रही है।



# महिंद्रा का मेगा प्लान, महाराष्ट्र में करेगी 15 हजार करोड़ का निवेश



नई दिल्ली, 6 फरवरी (एजेंसियां)। देश की सबसे बड़ी एसयूवी कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा ने शुक्रवार को बड़ा ऐलान किया है। कंपनी महाराष्ट्र में 15 हजार करोड़ का निवेश करेगी। महिंद्रा ने नागपुर में ऑटोमोबाइल और ट्रैक्टर के लिए अपनी सबसे बड़ी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाने के लिए अगले 10 साल में 15,000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की है। यह यूनिट विदर्भ में 1500 एकड़ जमीन पर बनेगी, जिससे महिंद्रा की मैन्युफैक्चरिंग कैपेसिटी बढ़ेगी। इसके साथ ही संभाजीनगर में 150 एकड़ का सप्लायर पार्क भी होगा। महिंद्रा का टारेगेट 2028 से यहां प्रोडक्शन शुरू करना है। महिंद्रा अपने मौजूदा प्रोडक्ट और इंजन क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ एडवांस्ड टेक्नोलॉजी बिजनेस के विस्तार के लिए इगतपुरी-नासिक क्षेत्र में जमीन खरीदेगी। 15,000 करोड़ रुपये की इस योजना के तहत कंपनी तीन स्थानों पर 2000 एकड़ से ज्यादा जमीन खरीदेगी, जिससे उसकी मैन्युफैक्चरिंग क्षमता और मजबूत होगी। महिंद्रा ने एक बयान में कहा कि संभाजीनगर का सप्लायर पार्क पार्टनर्स के साथ बेहतर सहयोग, बेहतर लॉजिस्टिक्स और ज्यादा लोकलाइजेशन के जरिए मैन्युफैक्चरिंग वैल्यू चेन को मजबूत करेगा। यह पार्क नागपुर की नई यूनिट के साथ-साथ चाकन और नासिक में मौजूद महिंद्रा की यूनिट्स को भी पार्ट्स सप्लाई करेगा। महिंद्रा ने इस निवेश की घोषणा एडवांटेज विदर्भ कार्यक्रम में की, जो तीन दिन का एक प्रमुख आयोजन है।पूरी तरह चालू होने के बाद यह यूनिट हर साल 5 लाख से ज्यादा वाहन और 1 लाख ट्रैक्टर बनाने की क्षमता रखेगी।

# अमेरिका के साथ 'सीक्रेट टैरिफ डील' करने जा रहा है बांग्लादेश, भारत के लिए कितनी बड़ी टेंशन?

नई दिल्ली,6 फरवरी (एजेंसियां)। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार अमेरिका के साथ एक सीक्रेट टैरिफ डील करने की योजना बना रही है। यह समझौता 9 फरवरी को होना है, जो देश के संसदीय चुनावों से ठीक तीन दिन पहले है। यह तब हो रहा है जब भारत ने भी अमेरिका के साथ एक ट्रेड डील है। इस कदम से व्यापार जगत के नेताओं और विश्लेषकों में चिंताएं बढ़ गई हैं। उन्हें समझौते की समय-सीमा और पारदर्शिता की कमी खटक रही है। दोनों देशों के बीच एक नॉन-डिस्क्लॉजर एग्रीमेंट के तहत इस समझौते की जानकारी गुप्त रखी गई है।

यह चिंताएं इसलिए भी बढ़ रही हैं क्योंकि यह समझौता सरकार के कार्यकाल के आखिरी दिनों में हो रहा है। बांग्लादेश मीडिया के मुताबिक इस



मसौदा समझौते का विवरण अभी तक सार्वजनिक नहीं किया गया है। बांग्लादेश ने पहले ही अमेरिका के साथ एक एनडीए पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे प्रस्तावित सौदे के सभी पहलू गोपनीय बने हुए हैं। अगर यह समझौता 9 फरवरी को होता है, तो यह अंतरिम सरकार के कार्यकाल के समाप्त होने से कुछ दिन पहले होगा। इसी समय 13वीं संसदीय चुनाव के लिए मतदान भी होना है।

**क्या भारत के लिए बढ़ेगी टेंशन?**

भारत ने हाल ही में अमेरिका के साथ ट्रेड डील की है। बांग्लादेश के साथ अमेरिका की यह डील भारत की डील से एक हफ्ते बाद हो रही है। अमेरिका ने भारत के साथ ट्रेड डील के बाद टैरिफ घटाकर 18 फीसदी कर दिया था। वहीं अमेरिका ने पिछले साल अप्रैल में बांग्लादेश पर 37 फीसदी टैरिफ लगाया था। तीन महीने बाद यानी जुलाई में इसे घटाकर 35 फीसदी और फिर एक महीने बाद यानी अगस्त में इसे 20 फीसदी कर दिया था। भारत पर 18 फीसदी टैरिफ करने के बाद उम्मीद थी कि बांग्लादेश के कारोबार का काफी हिस्सा भारत में शिफ्ट हो सकता है। लेकिन माना जा रहा है कि 9 फरवरी को होने वाली डील में अमेरिका बांग्लादेश पर लगे टैरिफ हो 20 फीसदी से घटाकर 15 फीसदी कर सकता है। ऐसे में यह भारत के लिए चिंता की बात होगी।

**बांग्लादेश में डील का विरोध**

अमेरिका के साथ होने वाली इस डील का बांग्लादेश में ही विरोध हो रहा है। व्यापार जगत के नेता विभिन्न क्षेत्रों पर संभावित नकारात्मक प्रभावों को लेकर चिंतित हैं। वे सवाल उठा रहे हैं कि एक अस्थायी सरकार इतना महत्वपूर्ण निर्णय क्यों ले रही है। बीजीएमईए के वरिष्ठ उपाध्यक्ष इनामुल हक खान ने इस समय-सीमा पर आश्चर्य व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 'मुझे अभी भी लगता है कि यह चुनाव के बाद होना चाहिए था, क्योंकि इसके बड़े निहितार्थ हैं।'

# चांदी दो दिन में 41 हजार सस्ती, कीमत 2.41 लाख किलो

## सोना 1000 कम होकर 1.51 लाख पर आया, दो दिन में 6,669 गिरा

नई दिल्ली, 6 फरवरी (एजेंसियां)। सोने-चांदी के दाम में आज यानी 6 फरवरी को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत आज 13,155 रुपए गिरकर 2,41,184 रुपए प्रति किलो पर आ गई है। इससे पहले इसकी कीमत 2,54,339 रुपए थी। दो दिन में ये 41,278 रुपए सस्ती हो चुकी है। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव आज 1,013 रुपए कम होकर 1,51,489 रुपए पर आ गया है। इससे पहले ये 1,52,502 रुपए पर था। सोना दो दिन में 6,669 रुपए सस्ता हुआ है। सर्राफा बाजार में सोने ने 29 जनवरी को 1,76,121 और



चांदी ने 3,85,933 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

**3 दिन में 1.60 लाख रुपए गिरी थी चांदी**

इससे पहले 29 जनवरी से 2 फरवरी के बीच चांदी की कीमत 1.60 लाख रुपए कम हुई थी। वहीं, सोने की कीमत में 26 हजार रुपए कम हुई थी। वायदा कारोबार पर चांदी 4 लाख रुपए से घटकर 2.41 रुपए प्रति किलो पर आ गई थी। 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1.70 लाख से गिरकर 1.40 लाख पर आ गया था।

# राइट्स की तो निकल पड़ी

## निर्मला सीतारमण के बाद अब रिजर्व बैंक से भी मिला समर्थन




मुंबई,6 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बीते रविवार को ही बजट 2026 पेश किया है। इसमें उन्होंने रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट्स का विशेष तौर पर जिक्र किया था। अब आज भारतीय रिजर्व बैंक का भी इसे समर्थन मिल गया। खबर आई है कि आरबीआई अब बैंकों को इस बात की इजाजत देगा कि वह आरईआईटीएस को लोन दे।

**रिजर्व बैंक के गवर्नर ने की घोषणा**

रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। आरबीआई की मोनेटरी पॉलिसी कमेटी की द्विमासिक नीतिगत दर समीक्षा बैठक के बाद आज नई दरों की घोषणा हुई। इसके बाद मल्होत्रा ने कहा, हमने समीक्षा की है और लिस्टेड आरईआईटीएस के मजबूत रेगुलेटरी और गवर्नेंस ढांचे को देखा है। इसके बाद यह प्रस्ताव किया गया है कि कमर्शियल बैंकों को उचित प्रूडेंशियल सुरक्षा उपायों के अधीन आरईआईटीएस को फाइनेंस देने की अनुमति दी जाए। उन्होंने यह भी बताया कि इस संबंध में ड्राफ्ट निर्देश जल्द ही सार्वजनिक परामर्श के लिए जारी किए जाएंगे।

**क्या है आरईआईटीएस**

शेयर बाजार के नियामक एसईबीआई द्वारा रेगुलेट की जाने वाली लिस्टेड कंपनियां होती हैं आरईआईटीएस। ये निवेशकों का पैसा इकट्ठा करती हैं और पैसिव ओनरशिप के जरिए नियमित आय (कम से कम 90% वितरण) प्रदान करती हैं। आरईआईटीएस मुख्य रूप से आय उत्पन्न करने वाली कमर्शियल रियल एस्टेट, जैसे ऑफिस और मॉल पर ध्यान केंद्रित करती हैं। बैंकों को आरईआईटीएस को लोन देने की अनुमति देना, केंद्रीय बैंक की सोच में एक बदलाव है। अब से पहले, रियल एस्टेट सेक्टर को जोखिम भरा मानते हुए, आरबीआई बैंकों को इस क्षेत्र में सीधे लोन देने से रोकता था। आरईआईटीएस को लोन मिलने से रियल एस्टेट सेक्टर के लिए एक नया फंडिंग स्रोत खुल जाएगा। बैंकरों का कहना है कि आरबीआई इन नियमों को कैसे डिजाइन करता है, यह देखना महत्वपूर्ण होगा। एक वरिष्ठ बैंकिंग अधिकारी ने कहा, स्पष्ट रूप से रियल एस्टेट को लोन देने पर कुछ जोर है, जो शायद इसलिए है क्योंकि केंद्रीय बैंक को कुछ खास अनुरोध मिले होंगे। ऐसे समय में जब इस सेक्टर के लिए प्राइवेट फंड मिलना मुश्किल हो रहा है, यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि आरईआईटीएस के लिए ब्याज दरें वर्तमान में रियल एस्टेट सेक्टर के लिए 10% से 12% की तुलना में 7% से 8% तक बहुत कम हो सकती हैं। भारत में आरईआईटीएस की अवधारणा इसलिए की गई थी ताकि पूरे हो चुके और चालू रियल एस्टेट और इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में बैंकों का पैसा फ्री हो सके। यह संस्थागत और रिटेल निवेशकों के पूल फंड्स के जरिए ऐसे एक्सपोजर को रीफाइनेंस करके किया जाना था। अब बैंकों को इन्हें फंड करने की अनुमति देना, इन मूल उद्देश्यों के खिलाफ जाता है। यहां ध्यान देने योग्य बात यह है कि बैंकों को पहले से ही आईएनवीआईटीएस (इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट्स) को लोन देने की अनुमति है।

# 18 लाख करोड स्वाहा, 24 घंटे में डूबी क्रिप्टोकरेंसी की दुनिया, फीयर एंड ग्रीड इंडेक्स 5 पर आया

नई दिल्ली,6 फरवरी (एजेंसियां)। क्रिप्टोकरेंसी की दुनिया में हाहाकार मचा हुआ है। बिटकॉइन से लेकर इथेरियम और बाइनेंस तक बुरी तरह लुढ़क चुकी हैं। 24 घंटे में क्रिप्टो का ग्लोबल मार्केट कैप करीब 10 फीसदी गिर गया है। इस गिरावट के कारण दुनियाभर में क्रिप्टो निवेशकों को 18 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान हुआ है। शुक्रवार सुबह 8:30 बजे ग्लोबल मार्केट कैप 2.24 ट्रिलियन डॉलर पर था। क्रिप्टोकरेंसी के बाजार में गिरावट के चलते निवेशकों में डर का माहौल पैदा हो गया है। दुनिया की सबसे महंगी क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन साल 2026 की शुरुआत से ही भारी गिरावट का सामना कर रही है। यह 20% से भी ज्यादा लुढ़क गया है। अक्टूबर में 1,24,000 डॉलर के अपने रिकॉर्ड स्तर से इसने आधी से ज्यादा कीमत गंवा दी है। शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे एक बिटकॉइन करीब 65,500 डॉलर पर कारोबार कर रहा था। यह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की शुरुआत से भी कम है। बिटकॉइन को अक्सर 'डिजिटल सोना' कहा जाता है। इसकी वजह यह है कि सोने की तरह यह भी कोई डिविडेंड या मुनाफा नहीं देता। इसकी कीमत सिर्फ इस बात पर निर्भर करती है कि निवेशक इसे खरीदने के लिए कितना पैसा देने को तैयार हैं। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन एक अस्थिर सत्र के बाद 1.64% बढ़कर 64,153.24 डॉलर पर कारोबार कर रही



थी। इस दौरान इसकी कीमत में उतार-चढ़ाव देखा गया, और यह 60,008.52 डॉलर के निचले स्तर पर भी पहुंच गई थी। पूरे क्रिप्टो बाजार का मूल्य अक्टूबर की शुरुआत में 4.38 ट्रिलियन डॉलर के शिखर से घटकर 2.26 ट्रिलियन डॉलर रह गया है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, अकेले पिछले महीने में 800 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। इस साल अब तक बिटकॉइन 28% गिर चुका है, जबकि इसी अवधि में इथेरियम में लगभग 38% की गिरावट आई है।

क्रिप्टोकरेंसी के फीयर एंड ग्रीड इंडेक्स में भी बड़ी गिरावट आई है। पिछले महीने यह 49 अंक पर था। अब यह गिरकर 5 पर आ गया है। यह इसके एक्सट्रीम फीयर को दर्शाता है। फीयर एंड ग्रीड इंडेक्स का यह नवंबर 2025 के बाद सबसे निचला स्तर है। यानी निवेशकों में क्रिप्टो को लेकर काफी घबराहट है। पिछले एक साल में यह नवंबर 2025 में सबसे ज्यादा था। उस समय फीयर एंड ग्रीड इंडेक्स 76 था, जो ग्रीड को दर्शाता है। यानी निवेशकों में खरीदने की उत्सुकता थी। लेकिन अब यह फीयर लेवल पर आ गया है।

# दैनिक पंचांग

गृह गोचर




| गृह स्थिति | | |
|---|---|---|
| सुर्य | मकर | मे |
| चंद्र | कन्या | मे |
| मंगल | मकर | मे |
| बुध | कुंभ | मे |
| गुरु | मिथुन | मे |
| शुक्र | कुंभ | मे |
| शनि | मीन | मे |
| राहु | कुंभ | मे |
| केतु | सिंह | मे |

| लग्नारभ समय | | |
|---|---|---|
| मकर... | 05-20 | बजे |
| कुंभ.... | 07-10 | बजे |
| मीन.... | 08-49 | बजे |
| मेष..... | 10-25 | बजे |
| वृष.... | 12-09 | बजे |
| मिथुन.. | 14-09 | बजे |
| कर्क.... | 16-22 | बजे |
| सिंह--- | 18-34 | बजे |
| कन्या-- | 20-41 | बजे |
| तुला---- | 22-46 | बजे |
| वृश्चिक.. | 00-56 | बजे |
| धनु..... | 03-09 | बजे |

श्री सिद्धार्थी (विश्वावसु) नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082
शक संवत् -1947, सूर्य उत्तरायणे ,ऋतु- शिशिर
महावीर निर्वाण संवत् -2551
कलियुग अवधि - 432000 सूर्योदय 06-49
भोग्य कलि वर्ष. - 426874 सूर्यास्त. 18-11
कलियुग संवत् - 5126 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् - 1972949126
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् - 1955885126
दिशाशूल - पूर्व - अदरक खाकर घर से निकले
मास - फाल्गुन कृष्ण पक्ष शनिवार 07 February 2026
तिथि - षष्ठी 02-54 रात तक उपरान्त सप्तमी
नक्षत्र - चित्रा 02-28 रात तक उपरान्त स्वाति
योग - शूल 23-40 रात तक उप. गण्ड
करण - गर 14-01 तक वणिज

विशेषः- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका हमें दिखावे व पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति व दशान्तर्दशा को विशेष प्रभावित समझना चाहिए ।

**राहुकाल**
09-39 से
11-05 तक

पं.महेशचन्द्र शर्मा 9247132654 9167555710

| दिन का चौघड़िया | | |
|---|---|---|
| काल | 06-49 - 08-13 | अशुभ |
| शुभ | 08-13 - 09-39 | शुभ |
| रोग।। | 09-39 - 11-05 | अशुभ |
| उत्पात | 11-05 - 12-30 | अशुभ |
| चंचल | 12-30 - 13-56 | शुभ |
| लाभ | 13-56 - 15-22 | शुभ |
| अमृत | 15-22 - 16-48 | शुभ |
| काल | 16-48 - 18-11 | अशुभ |

| रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|
| लाभ | 18-11 - 19-47 | शुभ |
| उत्पात | 19-47 - 21-22 | अशुभ |
| शुभ | 21-22 - 22-56 | शुभ |
| अमृत | 22-56_ - 00-30 | शुभ |
| चंचल | 00-30 - 02-04 | शुभ |
| रोग | 02-04 - 03-39 | अशुभ |
| काल | 03-39 - 05-13 | अशुभ |
| लाभ | 05-13 - 06-49 | शुभ |

# आपका राशिफल

**मेष** चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
इस समय लोग आपके बेहतरीन विचारों को सुनने –जानने के लिए बहुत उत्सुक हैं ।आपको अब उनसे जो भी बात मनवानी है,आप आसानी से मनवा सकते हैं,इसके लिए कोई कसर न छोड़ें । अपनी अधिकार जताने की प्रवृति को नियंत्रण में रखें,यह आपके खिलाफ जा सकती है ।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
दिन शुरुआत में बहुत अच्छा,बाद में थोडा व्यस्त रह सकता है । घर पर कोई बीमार पड़ सकता है और आपको अपने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद उनकी देखभाल के लिए समय निकालना होगा । आपको सहकर्मियों या दोस्तों से खुशी मिलेगी और आप आने वाले समय में उनके साथ समय बिताने की योजनायें बना सकते हैं ।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
आपका व्यक्तित्व प्रतिभाशाली और प्रभावी है ,जो आज आपके हितेषियों तथा विरोधियों सहित सबके सामने आएगा । अपने शुभचिन्तकों की बातों पर ध्यान दें और बाकी सब बातों की उपेक्षा कर दें । आपके बड़े आपका साथ देंगे और जीवन के महत्वपूर्ण लक्ष्यों पर ध्यान फोकस करने में आपकी मदद करेंगे ।

**कर्क** ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
आज आपसे अत्यधिक काम की अपेक्षा की जायेगी ,आप कुछ भी किस्मत के भरोसे या कोई छोटा सा भी काम किसी और के भरोसे नही छोड़ सकते ।हालाँकि दिन के अंत में कोई बहुत अच्छी खबर मिलेगी जो आपके प्रयासों की सफलता से सम्बंधित होगी। आपको पानी के प्रतिधारण पर नज़र रखनी चाहिए।

**सिंह** मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
पिछले कुछ समय से आप जिस असंतुष्टि के दौर से गुजर रहे हैं,अंतत अब उससे बाहर आ पायेंगे । आपको खुद ही पता चल जाएगा कि आपने जीवन में अपना उत्कृष्ट प्राप्त कर लिया है और अब अपने सपने पूरे करने के लिए भी कोशिश कर सकते हैं । आप यह भी समझ पायेंगे कि अपने काम और अपनी सेहत दोनों को बेहतर बनाने के लिए कुछ बदलाव करने जरूरी हैं ।

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
आप आजकल हर किसी की नजर में हैं । जल्दी ही आप अपने दुश्मनों को पहचान जायेंगे । इनसे निपटते हुए सावधान रहें क्योंकि ये लोग आपको भड़काकर आपको गलत साबित करना चाहते हैं । यदि बहुत ज्यादा विरोध हो रहा हो तो पीछे हट जाएँ । हालाँकि आपको कोई ऐसा भी मिलेगा जिसपर आप यकीन कर सकते हो ।

**तुला** रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
आज का दिन सभी भावनात्मक और वास्तविक मुद्दों के मामले उतार चढाव भरा रहेगा । गृहों की चाल यह बता रही है कि आप सुबह भावनात्मक बने रह सकते हैं और सब चीजों के बारे में अपनी भावनात्मक प्रतिक्रिया के नजरिये से ही सोचेंगे । इससे कुछ गलत फैसलों की भी सम्भावना है लेकिन शाम तक सब ठीक हो जाएगा और आप और स्पष्ट तरीके से सोच और देख पायेंगे ।

**वृश्चिक** तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
आप एक साधारण आदमी हैं और इसीलिए आप संबंधों में कोई चालाकी नही करते । इससे आपको कई बार नुक्सान भी उठाना पड़ता है लेकिन यह सब अधिक समय तक नही चलेगा ,आखिर में चालाकी के स्थान पर आपकी सरलता की ही जीत होगी । अपनी संवेदनाओं को नियंत्रण में रखें । करीबियों के साथ अच्छा वक़्त बिताने की सम्भावना बनी हुई है ।

**धनु** ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
आज का दिन बदलाव के नाम रहेगा । आपकी मुलाकात ऐसी किसी आदमी से हो सकती है जो आपके जीवन में महत्वपूर्ण बदलावों का या तो खुद कारण बनेगा या बदलाव लाने वाले लोगों से मुलाकात का माध्यम बनेगा । हालाँकि,सभी बदलाव आपके लिए अच्छे नही रहेंगे । इससे पहले कि आप बदलाव को स्वीकार कर आगे बढ़े ,आपको यह भी देखना होगा कि क्या यह बदलाव आपके लिए आने वाले समय में लाभकारी साबित होंगे ।

**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
आज आप बहुत साहसिक अनुभव कर रहे हैं और अपना रास्ता खुद बनाने के लिए तैयार हैं । आप अपनी इच्छाशक्ति से सब मुश्किलों पर विजय प्राप्त कर लेंगे । आज आपकी तरक्की को कोई नही रोक सकता । इसीलिए अपने सभी मुश्किल काम आज करने की योजना बनाएं,सफलता आपके कदम चूमेगी ।

**कुंभ** गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आपके सामने इन दिनों कुछ नई चीजें आई हैं । अपने सामने आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहें । पूछे गये प्रश्नों का जवाब दें । आपको अभी और भी प्रयास करने हैं और इससे आपकी तरक्की की मजबूत नींव पड़ेगी । इन सबके बीच खुद को तरोताजा करना और खुश रखना न भूलें ।

**मीन** दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
आप किसी करीबी को कोई सलाह देंगे और वह इसे बहुत कृतज्ञता के साथ स्वीकार करेगा । आप आज बहुत अच्छे और नरम मूड में हैं ,आज का दिन अपने पुराने दोस्तों से सम्पर्क स्थापित करने के लिए बहुत अच्छा है । अपने किसी पुराने स्कूल के दोस्त से फोन पर बाते क्र लें,आपको बहुत अच्छा लगेगा ।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# भारत ने रूस से 38 महीने में किया सबसे कम तेल आयात, सरकार ने दिसंबर 2025 के आंकड़े किए जारी

नई दिल्ली, 6 फरवरी (एजेंसियां)। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर 2025 में भारत ने रूस से 2.7 अरब डॉलर का कच्चा तेल आयात किया, जो फरवरी 2024 के बाद किसी भी महीने में सबसे कम है। यह नवंबर 2025 के 3.7 अरब डॉलर के आयात से करीब 27% कम और दिसंबर 2024 के 3.2 अरब डॉलर की तुलना में 15% से अधिक की गिरावट है।

यह गिरावट ऐसे समय आई है, जब अमेरिका ने 22 अक्तूबर को रूसी तेल क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकोइल पर प्रतिबंधों की घोषणा की थी। अमेरिका ने इन कंपनियों से जुड़े सभी लेन-देन 21 नवंबर तक समाप्त करने की समय-सीमा तय की थी। ये दोनों कंपनियां भारत को रूसी तेल निर्यात की प्रमुख आपूर्तिकर्ता रही हैं। सूत्रों के मुताबिक, तेल विपणन कंपनियों और निजी रिफाइनरों से इस विषय पर संपर्क किया गया। रिलायंस इंडस्ट्रीजऔर पेट्रोलियम क्षेत्र की कुछ कंपनियों ने प्रतिक्रिया दी, जबकि इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बावजूद, रूस 2025-26 में भारत का सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता बना हुआ है। दिसंबर 2025 में भारत के कुल 11.4 अरब डॉलर के तेल आयात में रूस की हिस्सेदारी 24% रही। अन्य प्रमुख आपूर्तिकर्ताओं में इराक (2.4 अरब डॉलर), सऊदी अरब (1.8 अरब डॉलर), यूएई (1.7 अरब डॉलर) और अमेरिका (0.6 अरब डॉलर) शामिल रहे। वित्त वर्ष




2025-26 के पहले नौ महीनों (अप्रैल-दिसंबर) में भारत ने 34 देशों से कुल 105.1 अरब डॉलर का कच्चा तेल आयात किया। इस अवधि में रूस 33.1 अरब डॉलर के साथ सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता रहा, जिसकी हिस्सेदारी 31.5% रही। इसके मुकाबले, पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में कुल 109.3 अरब डॉलर के आयात में रूस की हिस्सेदारी 39.9 अरब डॉलर या 36.5% थी।इसी दौरान अमेरिका से आयात बढ़ा है। दिसंबर 2025 में अमेरिका से 0.6 अरब डॉलर का कच्चा तेल आया, जो एक साल पहले 0.4 अरब डॉलर था। अप्रैल से दिसंबर 2025 के बीच अमेरिका ने भारत को 8.2 अरब डॉलर का तेल निर्यात किया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 5 अरब डॉलर से 7.8% अधिक है। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की घोषणा करते हुए पिछले सप्ताह अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा था कि भारत रूसी तेल आयात को शून्य करने पर सहमत हुआ है। हालांकि, नरेंद्र मोदी सरकार ने इस दावे पर सीधे प्रतिक्रिया नहीं दी और कहा कि 1.4 अरब भारतीयों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# 'टेस्ट मैच के 5वें दिन की सुबह जैसा है अब बदलाव का सफर', बोले एअर इंडिया के सीईओ

नई दिल्ली, 6 फरवरी (एजेंसियां)। एअर इंडिया का कायाकल्प अब किसी क्रिकेट टेस्ट मैच के पांचवें दिन की सुबह जैसा है, जहां खेल अपने निर्णायक मोड़ पर होता है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने एयरलाइन की मौजूदा स्थिति को बयां करने के लिए क्रिकेट की यह दिलचस्प उपमा दी है। विल्सन ने साफ किया है कि बदलाव की इस प्रक्रिया में 'भारी भरकम काम' (हैवी लिफ्टिंग) पूरा कर लिया गया है। हालांकि, एअर इंडिया के सीईओ ने साफ कर दिया है कि एयरलाइन को मुनाफे में लाने में अभी और लंबा वक्त लग सकता है। जनवरी 2022 में निजीकरण के बाद से एयरलाइन अपने परिचालन और सेवाओं को विश्वस्तरीय बनाने की चुनौती से जूझ रही है और अब प्रबंधन का मानना है कि वे प्रक्रिया के अंतिम चरण में प्रवेश कर चुके हैं। दिल्ली हवाई अड्डे पर नई लाउंज के उद्घाटन के दौरान




मीडिया से बातचीत में विल्सन ने कहा कि एयरलाइन का परिवर्तन अब 'क्रांति' (रिवोल्यूशन) के बजाय 'पुनरावृत्ति' (इटेरेशन) के चरण में है। उन्होंने बताया कि विमानों के डिजाइन और सर्टिफिकेशन से जुड़े सभी जटिल और बड़े काम पूरे हो चुके हैं। अब जो बाकी है, वह मुख्य रूप से एक यांत्रिक प्रक्रिया है। इसमें सीटों का निर्माण, उनकी डिलीवरी और विमानों में उनका इंस्टॉलेशन शामिल है। विल्सन ने जोर देकर कहा कि जिस स्थिति में एयरलाइन पहले थी और जहां आज है, उसमें बड़ा सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि रिइंफोर्समेंट चक्र अब पॉजिटिव है और एयरलाइन इस प्रक्रिया के अंत के करीब है, हालांकि रोलआउट को पूरा करने में अभी थोड़ा वक्त लगेगा।

# बढ़त के साथ बंद हुआ घरेलू शेयर बाजार

## सेंसेक्स 266 अंक चढ़ा, निफ्टी 25600 के पार

मुंबई,6 फरवरी (एजेंसियां)। आरबीआई की एमपीसी फैसलों के एलान के बाद भारतीय बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। आरबीआई ने उम्मीद के मुताबिक बेंचमार्क ब्याज दर को अपरिवर्तित रखा। साथ ही रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए वित्तपोषण का दायरा बढ़ाने के प्रस्ताव से निवेशकों का भरोसा मजबूत हुआ। केंद्रीय बैंक ने रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट्स को बैंकों से कर्ज देने की अनुमति देने का प्रस्ताव रखा है, हालांकि इसके लिए कुछ प्रूडेंशियल सेफगार्ड्स लागू होंगे। इस कदम का उद्देश्य रियल एस्टेट सेक्टर के लिए फंडिंग पूल को गहरा करना और दीर्घकालिक निवेश को प्रोत्साहन देना है। नीति निर्णय अनुमान के अनुरूप रहने से बाजार में अनिश्चितता घटी, जबकि आरईआईटी को कर्ज सुविधा से संबंधित घोषणा ने रियल एस्टेट और बैंकिंग शेयरों में खरीदारी को समर्थन दिया। अंतिम समय में हुई खरीदारी की बदौलत, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 266.47 अंक या 0.32 प्रतिशत बढ़कर 83,580.40 पर बंद हुआ। दिन के निचले स्तर 82,925.35 से यह सूचकांक कारोबार के अंत तक 655.05 अंक चढ़ गया। अस्थिर सत्र में 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 50.90 अंक या 0.20 प्रतिशत चढ़कर 25,693.70 पर बंद हुआ। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को 36 पैसे गिरकर 90.70 (अस्थायी) पर बंद हुआ। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को उम्मीद के मुताबिक अपनी बेंचमार्क ब्याज दर को अपरिवर्तित रखा, क्योंकि मुद्रास्फीति नियंत्रण योग्य स्तर पर बनी रही और बजट में सरकारी खर्च में वृद्धि और संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के बाद टैरिफ दबाव में कमी के कारण विकास संबंधी चिंताएं कम हो गईं। केंद्रीय बैंक की छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने सर्वसम्मति से पुनर्खरीद या रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर बनाए रखने का निर्णय लिया। आरबीआई ने अपनी तटस्थ नीतिगत स्थिति बरकरार रखी, जिससे संकेत मिलता है कि फिलहाल यह यथास्थिति बनाए रखेगी।सेंसेक्स में सूचीबद्ध कंपनियों में से आईटीसी के शेयरों में सबसे ज्यादा 5.09 प्रतिशत की उछाल आई। कोटक महिंद्रा बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, पावर ग्रिड और बजाज फिनसर्व अन्य प्रमुख लाभ पाने वालों में शामिल थे। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा, अदानी पोर्ट्स, एशियन पेंट्स, इटरनल और एचसीएल टेक प्रमुख पिछड़ने वाली कंपनियों में शामिल थीं। एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी, शंघाई का एसएसई कंपोजिट इंडेक्स और हांगकांग का हैंग सेंग इंडेक्स गिरावट के साथ बंद हुए, जबकि जापान का निक्केई 225 इंडेक्स बढ़त के साथ बंद हुआ। यूरोपीय बाजारों में अधिकतर तेजी देखी गई। गुरुवार को अमेरिकी बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। नैस्डैक कंपोजिट इंडेक्स में 1.59 प्रतिशत, एसएंडपी 500 में 1.23 प्रतिशत और डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 1.20 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार सत्र के अधिकांश समय सुस्त रहे, लेकिन बाद में एफएमसी और निजी बैंकिंग शेयरों में चुनिंदा खरीदारी के कारण उनमें तेजी आई। इसके विपरीत, घरेलू आईटी क्षेत्र का प्रदर्शन लगातार खराब रहा।



# पूर्व विधायक ने एमएलए फंड को रिश्तेदारों के खातों में डाला

## 2.87 करोड़ रुपए की हेराफेरी की, प्रॉपर्टी खरीदने में भी इस्तेमाल किया पैसा



जयपुर, 6 फरवरी (एजेंसियां)। क्रिकेट और बैडमिंटन किट घोटाले की जांच में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ा खुलासा किया है। पूछताछ में सामने आया है कि बहरोड़ विधानसभा के पूर्व विधायक बलजीत यादव ने एमएलए-लैड फंड में करीब 2.87 करोड़ रुपए की हेरफेर कर राशि को रिश्तेदारों के खातों में डायवर्ट किया। फंड का एक हिस्सा प्रॉपर्टी खरीदने में भी इस्तेमाल किया गया था। ईडी ने अलवर के शाहजहांपुर टोल प्लाजा (दिल्ली-जयपुर हाईवे पर एनएचएआई ऑफिस के पास) से मंगलवार रात पूर्व विधायक बलजीत यादव को हिरासत में लिया। इसके बाद पूछताछ के लिए जयपुर स्थित ईडी ऑफिस लाया गया। यहां पूछताछ के बाद बलजीत यादव को गिरफ्तार किया गया। मामले में ईडी ने पूर्व विधायक को पीएमएलए के तहत तीन दिन की रिमांड पर लिया है।

साल-2021-22 में बहरोड़ विधानसभा क्षेत्र के करीब 32 सरकारी स्कूलों के लिए बैडमिंटन और क्रिकेट किट खरीदे गए। इनकी खरीद के नाम पर एमएलए एलएडी फंड से 3.72 करोड़ रुपए खर्च किए गए। जांच में आरोप है कि इस रकम का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग किया गया।

दिसम्बर-2024 में ईडी की ओर से पीएमएलए एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। ईडी अधिकारियों ने बताया कि राजस्थान के बहरोड़ विधानसभा के पूर्व विधायक बलजीत यादव को मंगलवार रात अरेस्ट किया गया था। यह कार्रवाई विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के दुरुपयोग से जुड़े (क्रिकेट और बैडमिंटन किट घोटाले) में हुई, जिसमें सरकारी स्कूलों को घटिया खेल सामग्री आपूर्ति का आरोप है। 24 जनवरी-2025 को जयपुर और दौसा (राजस्थान) और रेवाड़ी (हरियाणा) में 9 जगहों पर पीएमएलए-2002 के नियमों के तहत सर्च ऑपरेशन किया गया। जिसमें पूर्व विधायक बलजीत यादव और उससे जुड़े लोगों/कंपनियों से जुड़ी जगहों को कवर किया गया था।

### कंपनियों को स्पोर्ट्स इक्विपमेंट की ट्रेडिंग का नहीं था अनुभव

मेसर्स सूर्या एंटरप्राइजेज लिमिटेड, मेसर्स राजपूत स्पोर्ट्स एंटरप्राइजेज लिमिटेड और मेसर्स शर्मा स्पोर्ट्स एंटरप्राइजेज लिमिटेड के कर्मचारियों/सहयोगियों की आईडी का यूज करके ये कंपनियां बनाई गई। इन कंपनियों को स्पोर्ट्स इक्विपमेंट की ट्रेडिंग का कोई पहले का अनुभव नहीं था। इन्हें अलवर की जिला परिषद से एडमिनिस्ट्रेटिव और फाइनेंशियल अप्रूवल के बाद शामिल किया गया था। कॉम्पिटिशन को रोकने और इन कंपनियों को टेंडर देने के लिए तय नियमों को तोड़कर टेंडर जारी किए गए।

**घटिया क्वालिटी का सामान कैश में खरीदा**

इसके अलावा घटिया क्वालिटी का सामान कैश में खरीदा गया। नीमराना पंचायत समिति को बढ़ा-चढ़ाकर भेजे बिलों को मंजूरी दे दी गई। बैंक अकाउंट एनालिसिस से पता चला कि मिले फंड बलजीत यादव के रिश्तेदारों/सहयोगियों को डायवर्ट कर दिए गए थे।

# थाने में एक घंटे तड़पता रहा युवक फिर दम तोड़ा

**बदमाशों ने चाकू मारा था, हॉस्पिटल ने इलाज की जगह एम्बुलेंस से थाने पर भेज दिया**

उदयपुर, 6 फरवरी (एजेंसियां)। उदयपुर के सवीना थाने में एक घंटे तक एंबुलेंस में युवक तड़पता रहा। बाद में उसे एमबी हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। सुबह 4 बजे बदमाशों ने उसे लूटने की कोशिश की। विरोध करने पर चाकू से वार कर दिया। सूचना पर परिजन पहुंचे और हॉस्पिटल ले गए। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद थाने में मामला दर्ज करवाने के लिए भेज दिया। गंभीर रूप से घायल युवक प्रेम गमेती (32) थाने के सामने एम्बुलेंस में दर्द से एक घंटे तक कराहता रहा। बार-बार कह रहा था कि 'जल्द मुझे हॉस्पिटल ले चलो, मैं मर जाऊंगा।'

आमलिया टोल पर कार सवार बदमाशों का उत्पात

# कैबिन तोड़ा, लाठी-सरियों से स्टाफ से की मारपीट; कैश कलेक्शन लूट ले गए

पाली, 6 फरवरी (एजेंसियां)। पाली में 6 गाड़ियों में आए बदमाशों ने टोल कर्मियों से मारपीट की। टोल बूथ पर तोड़फोड़ की और कलेक्शन राशि उठा ले गए। बदमाशों ने टोल बूथ पर लगा बैरियर तोड़ दिया, केबिन में जमकर तोड़फोड़ की। मामला स्टेट हाईवे-62 पर स्थित आमलिया टोल नाके पर गुरुवार शाम करीब 6:27 बजे का है। घटना को लेकर टोल मैनेजर राहुल सामोता ने नाना पुलिस थाने में रिपोर्ट दी है।

**पहले बैरियर तोड़ा, फिर मचाया उत्पात**

टोल मैनेजर राहुल सामोता ने बताया- गुरुवार शाम को आमलिया गांव की ओर से सफेद रंग की कैंपर गाड़ी आई। उसने सबसे पहले बैरियर तोड़ा। टोल स्टाफ ने उसका विरोध किया तो ड्राइवर नीचे उतरा और कर्मचारी पिंटूसिंह के सिर पर प्लास्टिक की कुर्सी से वार किया।

**6 गाड़ियों में आए थे बदमाश**

इसी दौरान पीछे से दो थार, एक स्विफ्ट कार, एक फोर्ड फिगो और अन्य गाड़ी आई। सभी में बदमाश सवार थे। इन गाड़ियों में सवार युवक लाठियां, हॉकी स्टिक और सरिए लेकर उतरे।

हथियारों से लैस युवकों को देखकर टोल स्टाफ में दहशत फैल गई और कुछ कर्मचारी जान बचाकर भाग गए। हमलावरों ने टोल के सर्वर रूम में घुसकर तोड़फोड़ की। सर्वर ऑफिस में छिपे मैनेजर राहुल सामोता के साथ भी मारपीट की गई। बदमाशों ने मॉनिटर, प्रिंटर, सीसीटीवी कैमरे और कांच तोड़ दिए। आरोप है कि हमलावर टोल का नकद कलेक्शन भी लूटकर ले गए। बीच-बचाव करने आए बाबूलाल और कार्तिक को भी लाठियों से पीटा गया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं।

**राहगीर को भी चपेट में लिया**

हमलावरों ने टोल परिसर में खड़ी एक बाइक को कैंपर से टक्कर मारी और एक थार गाड़ी बाइक पर चढ़ा दी। इस दौरान पैदल गुजर रहे केसरसिंह भी वाहन की चपेट में आकर घायल हो गए। घटना के बाद हमलावर टोल परिसर में तेज रफ्तार से वाहन घुमाते हुए दहशत फैलाते रहे और फिर नाना की ओर फरार हो गए।

# आर्मी जवान ने व्यापारी से मांगी 2 करोड़ की फिरौती

## राहगीरों से फोन लूटकर धमकाया; कुछ दिन पहले ही छुट्टी पर आया था घर

श्रीगंगानगर, 6 फरवरी (एजेंसियां)। श्रीगंगानगर में छुट्टी पर घर आया आर्मी का जवान 2 करोड़ की फिरौती मांगने का मास्टरमाइंड निकला। साथी के साथ मिलकर उसने राहगीरों से मोबाइल लूटे और फिर अलग-अलग नंबरों से व्यापारी को धमकी देकर 2 करोड़ की फिरौती मांगी थी। व्यापारी को धमकाने के बाद आरोपी उन मोबाइल को फेंक देते थे, ताकि ट्रेस न हो सकें और पुलिस की पकड़ में नहीं आए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी मदद से जानकारी जुटाकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मामला रामसिंहपुर और श्रीविजयनगर थाना इलाके का है।

**बेटे की जान को खतरा बताकर करवाई थी एफआईआर**

एसपी डॉ. अमृता दुहन ने बताया- 28 जनवरी को श्रीविजयनगर थाना क्षेत्र के एक व्यापारी को फोन पर धमकी भरा कॉल आया। फोन



करने वाले ने व्यापारी से 2 करोड़ रुपए फिरौती मांगी थी और नहीं देने पर बेटे को जान से मारने की धमकी दी। एसपी ने बताया- व्यापारी की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने फोन लूटकर व्यापारी से 2 करोड़ मांगने वाले आर्मी के जवान गुरलाल सिंह उर्फ लाली (33) निवासी तरनतारन (पंजाब) और दिलप्रीत सिंह (18) निवासी 47 जीबी, रामसिंहपुर (श्रीगंगानगर) को गिरफ्तार किया है।

**जम्मू-कश्मीर में तैनात है मास्टरमाइंड**

एसपी ने बताया- पूछताछ में खुलासा हुआ कि वारदात का मास्टरमाइंड आरोपी गुरलाल सिंह एक फौजी है, जो जम्मू-कश्मीर में तैनात है। वह चार-पांच दिन पहले छुट्टी लेकर दिलप्रीत सिंह के पास आया और 2 करोड़ की फिरौती की पूरी प्लानिंग रची। अमृता दुहन ने बताया- जांच में सामने आया कि आरोपियों ने 28 जनवरी 2026 को रावला-खाजूवाला रोड पर ओमप्रकाश का मोबाइल लूटा और उसी से व्यापारी को धमकी दी। इसके बाद 30 जनवरी को सूरतगढ़-अनूपगढ़ रोड पर ढाबे से फोन लूटकर धमकी दी गई। 31 जनवरी को रामसिंहपुर थाना क्षेत्र में करनैल सिंह का फोन लूटा। 1 फरवरी को चन्दूराम का फोन लूटकर फिर से व्यापारी को धमकी दी। फौजी ने लूटे फोन से ही कॉल करके फिरौती की मांग की। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने मोबाइल लूट की घटनाओं को गंभीरता से लिया और सर्विलांस, सीसीटीवी फुटेज के साथ ही मुखबिरों की सूचनाओं के आधार पर जांच शुरू की और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जांच में सामने आया कि आरोपी दिलप्रीत व्यापारी के यहां काम कर रहा था। गुरलाल की दिलप्रीत से जान-पहचान थी। गुरलाल को पैसों की जरूरत थी तो उसने दिलप्रीत के साथ मिलकर व्यापारी से फिरौती मांगने की प्लानिंग की।

# चांदी की ज्वेलरी के लिए बुजुर्ग महिला की किडनैपिंग

> मुंह में कपड़ा ठूंसा, हाथ-पैर बांधे, लाखों के गहने लूटने की कोशिश, खेत में फेंककर भागे

भीलवाड़ा, 6 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान में चांदी की ज्वेलरी के लिए बुजुर्गों पर लगातार हमले बढ़ रहे हैं। नया मामला भीलवाड़ा जिले का है। यहां घर में सो रही 80 साल की बुजुर्ग को चोरों ने किडनैप कर लिया।

मुंह में कपड़ा ठूंसने के बाद हाथ-पैर बांध दिए। वारदात से पहले बदमाशों ने आसपास के घरों को बाहर से बंद कर दिया। रात में जब महिला बहू (पोते की पत्नी) पोते की पत्नी को नजर नहीं आई तो हड़कंप मच गया। बदमाश पकड़े जाने के डर से महिला को घर से 300 मीटर दूर खेत में छोड़कर फरार हो गए। घटना फूलियाकलां थाना क्षेत्र के कोठियां गांव में रात करीब 1.30 बजे हुई।

**चोर घुसने का शक हुआ**

पोते संजय माली की पत्नी सुनीता ने बताया कि गुरुवार रात करीब 1:30 बजे वह पानी पीने के लिए उठीं, तभी घर में किसी के घुसने जैसी हलचल सुनाई दी। उन्होंने तुरंत अपने पति चोर घुसने की आशंका जताई। इसके बाद घर के अन्य सदस्य भी जाग गए। जब उन्होंने कमरे में जाकर देखा तो चारपाई पर सो रही दादी-सास मांगी देवी माली (88) वहां नहीं थीं। घर का मुख्य गेट बाहर से बंद मिला, जिससे परिवार के लोग बाहर नहीं निकल सके। इसी दौरान पता चला कि चोर घर में घुसे थे। सुनीता ने बताया- चोरों ने न केवल उनके घर का मुख्य गेट बाहर से बंद कर दिया था, बल्कि आसपास के करीब 7–8 मकानों के बाहर भी कुंडियां लगा दी थीं, ताकि कोई बाहर न निकल सके। हालात समझते ही वह छत पर चढ़ गईं और जोर-जोर से मदद के लिए आवाज लगाई, जिसके बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घर का मुख्य गेट खोला। ग्रामीणों को बताया गया कि दादी घर में नहीं हैं और किसी ने उन्हें उठा लिया है।

# राजस्थान के 3 जिलों में बम ब्लास्ट की धमकी

जयपुर, 6 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान हाईकोर्ट (जयपुर और जोधपुर) को आज फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी मिलने के बाद हाईकोर्ट प्रशासन ने पुलिस को सूचना देकर परिसर खाली करवाया।

बम और डॉग स्क्वायड की टीमें मौके पर पहुंची। रजिस्ट्रार को आज सुबह मेल पर हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। मेल में लिखा था कि हाईकोर्ट परिसर में तीन शक्तिशाली आरडीएक्स बम प्लांट किए गए हैं। इस धमकी के बाद जयपुर में सुनवाई स्थगित कर दी गई है थी। कोर्ट रूम, जजों और एडवोकेट चैम्बर्स में तलाशी ली गई।

# पीएनबी गोल्ड लोन घोटाले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**आरोपी बैंक मैनेजर को मथुरा रेलवे स्टेशन से पकड़ा, 6.50 करोड़ के गोल्ड लोन का किया था घोटाला**


बैंक मैनेजर अमित कुमार

नवलगढ़, 6 फरवरी (एजेंसियां)। पंजाब नेशनल बैंक में करोड़ों रुपए के गोल्ड लोन घोटाले के मुख्य आरोपी बैंक मैनेजर अमित जांगिड़ को उत्तर प्रदेश के मथुरा रेलवे स्टेशन के बाहर से गिरफ्तार कर लिया गया है। मामला नवलगढ़ ब्रांच में 3 फरवरी को सामने आया था। जब गोल्ड सेफ की जिम्मेदारी बैंक में दूसरे कर्मचारी को सौंपने के दौरान हुई जांच में पता चला कि 4.198 किलो सोने की ज्वेलरी गायब हो गई। इसके बाद तत्कालीन बैंक मैनेजर अमित जांगिड़, बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट और डिप्टी मैनेजर के खिलाफ केस दर्ज करवाया गया था।

**बैंक मैनेजर को मथुरा से किया गिरफ्तार**

इस मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए झुंझुनूं पुलिस ने तीन विशेष टीमें गठित की थीं। पुलिस टीम लगातार कार्रवाई करते हुए मथुरा में दबिश देकर फरार आरोपी अमित जांगिड़ को पकड़ लिया है। गिरफ्तारी के दौरान उसने पुलिस हिरासत से भागने का प्रयास भी किया, लेकिन पुलिस टीम ने पीछा कर उसे काबू कर लिया।

# रेलवे से धोखाधड़ी करने पर 13.48 करोड़ की संपत्ति कुर्क

## > गलत कोड का यूज कर 120 से ज्यादा रेक का अवैध परिवहन किया

जयपुर, 6 फरवरी (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जयपुर जोनल ऑफिस ने भारतीय रेलवे से धोखाधड़ी मामले में गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की। ये मामला एम/एस विनायक लॉजिस्टिक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, एम/एस विनायक लॉजिस्टिक्स और उनके प्रोपराइटर/डायरेक्टर प्रवेश काबरा से जुड़ा है। ईडी ने 13.48 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति को अस्थायी रूप से कुर्क किया है। इस तरह जनवरी से अब तक कुल 16.15 करोड़ रुपए की संपत्तियां कुर्क की जा चुकी हैं।

**16.15 करोड़ रुपए की अवैध कमाई की**

ईडी के मुताबिक-भारतीय रेलवे से धोखाधड़ी मामले में पीएमएलए एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। जांच में सामने आया था कि आरोपियों ने साल 2021-22 के दौरान रेलवे बुकिंग रिकॉर्ड में भी हेरफेर किया था। मार्बल पाउडर,वेस्ट मार्बल पाउडर और डोलोमाइट



जैसे महंगे माल को एलम पाउडर और पुट्टी जैसे कम कीमत वाले माल के रूप में दर्ज किया। इनका उद्देश्य रेलवे फ्रेट और जीएसटी की चोरी करना था। आरोपियों ने फर्जी फॉरवर्डिंग नोट, ई-फॉरवर्डिंग नोट्स और गलत कोड का यूज कर 120 से ज्यादा रेक का अवैध परिवहन किया। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) की जांच में साफ हुआ कि घोषित माल वास्तव में मार्बल और डोलोमाइट पाउडर था। इस धोखाधड़ी से आरोपियों ने 16.15 करोड़ रुपए की अवैध कमाई कर भारतीय रेलवे और सरकारी खजाने को भारी नुकसान पहुंचाया। ईडी ने कारवाई करते हुए आरोपियों की गुरुग्राम-हरियाणा में 13.48 करोड़ रुपए की आवासीय संपत्ति को कुर्क किया है।

**2.67 करोड़ की पहले हुई कुर्की**

ईडी ने इससे पहले 6 जनवरी 2026 को इनकी गुरुग्राम स्थित व्यावसायिक संपत्ति को 2.67 करोड़ रुपए की कुर्की की थी। आगे की वित्तीय जांच में सामने आया कि शेष राशि को आरोपियों ने अपने बिजनेस और प्राइवेट खर्च में यूज की है। जिसकी भरपाई के लिए ईडी ने गुरुग्राम, हरियाणा स्थित आवासीय संपत्ति को 13.48 करोड़ रुपए के बराबर मूल्य पर कुर्क किया।

# चोंच में सोने की चेन दबाकर ले उड़ा कबूतर

**डेगाना के सर्राफा बाजार में मची हलचल**




नागौर, 6 फरवरी (एजेंसियां)। नागौर के डेगाना सर्राफा बाजार में चौंकाने वाली घटना सामने आई। एक कबूतर ज्वैलरी की दुकान के ऊपर माले पर आभूषण बनाने के कार्य के दौरान सात ग्राम सोने की चेन चोंच में दबाकर उड़ गया। चेन की कीमत करीब एक लाख रुपए थी। सूचना लगते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। बाजार में बने रामेश्वर प्लाजा में ज्वैलरी की एक दुकान के ऊपर बनी दुकान में कारीगर सामीन बंगाली दोपहर में करीब 12 बजे सोने की चेन बना रहा था।

इस दौरान कमरे की खिड़की के आसपास कुछ कबूतर आकर बैठ गए। तभी एक कबूतर तैयार की गई सात ग्राम सोने की चेन को चोंच में दबाकर उड़ गया और पास की छत पर जा बैठा। जानकारी मिलते ही बाजार के अन्य व्यापारी और आसपास के दुकानदार सतर्क हो गए। कबूतर पर नजर रखते हुए उसे पकड़ने का प्रयास किया। व्यापारी कबूतर को पकड़ने के लिए छत पर पहुंचे, लेकिन वह उड़ गया। उड़ान भरते समय उसके मुंह से छूटकर चेन छत पर गिर गई। काफी तलाशने के बाद चेन सुरक्षित मिल गई। सर्राफा व्यापारियों ने बताया कि सोने के बढ़ते दामों के कारण सुरक्षा को लेकर पहले से ही सतर्कता बरती जा रही है।

# आशीष हत्याकांड में हत्यारी बहू और उसके प्रेमी को फांसी की मांग, छह दिन बाद भी नहीं थमा दर्द

मां को अब भी है बेटे का इंतजार



श्रीगंगानगर, 6 फरवरी (एजेंसियां)। रावला थाना क्षेत्र के गांव 01 केएलएम में 30 जनवरी की रात हुए आशीष हत्याकांड ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। पुलिस जांच में सामने आया कि 27 वर्षीय आशीष की हत्या उसकी पत्नी अंजू ने अपने प्रेमी संजू और उसके दो साथियों के साथ मिलकर की थी। अंजू ने इस वारदात को लूट का रूप देने की कोशिश की लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मोबाइल कॉल डिटेल्स से साजिश का पर्दाफाश हो गया। हत्या के छह दिन बाद भी आशीष के घर मातम पसरा हुआ है। परिवार के लोग सदमे से उबर नहीं पा रहे हैं। आशीष की मां आज भी बेटे के लौटने की आस लगाए बेसुध हालत में हैं। अंजू के चाचा रवि कुमार ने इस घटना को परिवार के लिए शर्मनाक बताते हुए कहा कि अंजू ने जो किया है, उससे पूरा परिवार लज्जित है। उन्होंने प्रशासन से अंजू और अन्य आरोपियों को फांसी या उम्रकैद की सजा देने की मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि अंजू के परिवार को आशीष के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना है।

गोद लिए बच्चे से परेशान माता-पिता

# मारपीट करता है, पुलिस से कहा-इसे वापस लौटाना है, जवाब मिला- ये संभव नहीं

अजमेर, 6 फरवरी (एजेंसियां)। अजमेर में एक बुजुर्ग दंपती ने गोद लिए बच्चे को गोद मुक्त कराने की मांग की है। उन्होंने बच्चे को बाल कल्याण समिति, चाइल्ड लाइन या अन्य राजकीय संस्थाओं में भेजने के लिए कहा है। इसके बाद पुलिस ने गोद संबंधी कानूनी डॉक्यूमेंट्स लाने के लिए कहा और लौटा दिया। पुलिस ने जिले की बाल संरक्षण समिति से इस केस पर राय ली। वहां से जवाब मिला कि बच्चे को किसी रिश्तेदार से गोद लिया है, इसके लिए कानूनी प्रक्रिया नहीं अपनाई गई। अब बच्चे के भविष्य को देखते हुए उसे वापस नहीं लिया जा सकता।

**मां-बाप ने बच्चे पर लगाए आरोप**

सिविल लाइंस थाने की एसआई भारती ने बताया कि बुधवार शाम को बुजुर्ग पति-पत्नी आए थे। उनका कहना था कि करीब 2 साल पहले उन्होंने अपने रिश्तेदार से बच्चे को गोद लिया था। तब उसकी उम्र करीब 12 साल थी। अब वह 14 साल का हो गया है, लेकिन वह अग्रेसिव है और मारपीट करता है। इसलिए उसे वापस देना चाहते हैं। जिस रिश्तेदार से गोद लिया था, वे बच्चे को वापस नहीं लेना चाहते हैं। ऐसे में बाल कल्याण समिति के जरिए बच्चे को वापस दिलाया जाए।

# तहसीलदार के बाद एमएलए को महिला पटवारी ने खूब सुनाई खरी-खोटी



दौसा, 6 फरवरी (एजेंसियां)। तहसीलदार से विवाद के बाद अब दौसा विधायक डीडी बैरवा का एक और ऑडियो सामने आया है, जिसमें उनकी महिला पटवारी से तीखी बहस सुनाई दे रही है। यह ऑडियो सरकारी जमीन से जुड़े एक मामले को लेकर बताया जा रहा है, जिसमें विधायक और पटवारी हेमलता मीणा के बीच बातचीत हो रही है।

ऑडियो में महिला पटवारी यह कहते हुए सुनाई दे रही हैं कि विधायक उन्हें धमकी दे रहे हैं। वह कहती हैं कि वह अपना काम नियमों के अनुसार कर रही हैं और अगर किसी तरह की दिक्कत है तो विधायक उनका ट्रांसफर करवा सकते हैं। इस पर विधायक डीडी बैरवा पटवारी से कहते हैं कि गरीब लोगों को परेशान न किया जाए। यह पूरा विवाद दौसा तहसील क्षेत्र के खसरा नंबर 171/1 से जुड़ा हुआ है। जानकारी के अनुसार, करीब दो महीने पहले इस जमीन पर प्लॉट काटे गए थे। इसी मामले को लेकर प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई की जा रही थी, जिस पर विधायक ने आपत्ति जताई। विधायक डीडी बैरवा का कहना है कि यह ऑडियो कब का है, इसकी उन्हें सही तारीख याद नहीं है, लेकिन अधिकारी वर्षों से वहां मकान बनाकर रह रहे गरीब लोगों को परेशान कर रहे हैं।

# शहरी विकास केवल कांग्रेस के नेतृत्व में संभवः श्रीधर बाबू



हैदराबाद, 6 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। आईटी और उद्योग मंत्री दुद्दिला श्रीधर बाबू ने शुक्रवार को कहा कि तेलंगाना के शहरी क्षेत्रों का समग्र विकास केवल कांग्रेस के नेतृत्व में ही संभव है। उन्होंने चेवेल्ला लोकसभा क्षेत्र के टंडूर, विकराबाद और चेवेला नगरपालिकाओं में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए मतदाताओं से आगामी नगर निगम चुनावों में कांग्रेस उम्मीदवारों को निर्णायक बहुमत से समर्थन देने का आह्वान किया। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में सरकार नगर निगमों और नगरपालिकाओं को पुनर्जीवित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिन्हें पहले उपेक्षित किया गया था। सरकार उचित योजना के माध्यम से नागरिक अवसंरचना और जीवन स्तर में व्यवस्थित सुधार के लिए काम कर रही है। श्रीधर बाबू ने कहा कि सरकार एक साथ राज्य की वित्तीय स्थिति को स्थिर कर रही है और विकास परियोजनाओं और कल्याणकारी योजनाओं को लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव पूर्व किए गए वादों को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है, जिसमें किसानों, महिलाओं और युवाओं के कल्याण और सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित किया गया है।मंत्री ने कहा कि अब तक 70 हजार से अधिक सरकारी नौकरियाँ भरी जा चुकी हैं। ग्रुप 1, 2, 3 और 4 भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से चयनित उम्मीदवारों के नियुक्ति आदेश जारी कर दिए गए हैं, जिससे वे राज्य के विकास में योगदान दे सकें।

उन्होंने कहा कि सरकार तेलंगाना के युवाओं को वर्तमान औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप 'वर्क-रेडी' बनाने के लिए कौशल, पुनः कौशल और उन्नत कौशल कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित कर रही है। श्रीधर बाबू ने कहा कि तेलंगाना को विभिन्न क्षेत्रों में मॉडल राज्य के रूप में स्थापित किया जा रहा है, और कुछ लोग सरकार की पहलों के बारे में गलत जानकारी फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने चुनावी सभाओं में जनता की प्रतिक्रिया का हवाला देते हुए कांग्रेस के चुनाव परिणाम पर विश्वास व्यक्त किया। उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने शनिवार को पारिगी में आयोजित प्रजा पालन – प्रगति बाटा जनसभा की तैयारियों की समीक्षा की। इस अभियान में विधायक टी. राममोहन रेड्डी और बी. मनोहर रेड्डी, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चल्ला नरसिंह रेड्डी और धरासिंह सहित अन्य पार्टी नेता उपस्थित थे।

# भारत ने छठी बार अंडर-19 वर्ल्ड कप जीता

## इंग्लैंड को 100 रन से हराया; वैभव सूर्यवंशी ने 175 रन बनाए, 15 छक्के लगाए

**वैभव सूर्यवंशी प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी चुना गया।**





स्पोर्ट्स डेस्क, 6 फरवरी (एजेंसियां)। भारत ने छठी बार अंडर-19 वर्ल्ड कप जीत लिया है। टीम ने शुक्रवार को इंग्लैंड पर 100 रनों की जीत हासिल की। हरारे स्पोर्ट्स क्लब में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। टीम ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 411 रन बनाए।

14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने 80 बॉल पर 175 रन बनाए। इनमें से 150 रन बाउंड्री से बने। वैभव ने 218.75 की स्ट्राइक रेट से खेलते हुए पारी में 15 चौके और 15 सिक्स लगाए। कप्तान आयुष म्हात्रे ने 53 रनों की पारी खेली। इंग्लैंड की ओर से सेबेस्टियन मॉर्गन और एलेक्स ग्रीन ने 2-2 विकेट झटके।

412 रन का टारगेट चेज कर रही इंग्लिश टीम 40.2 ओवर में 311 रन पर ऑलआउट हो गई। आरएस अंबरीश ने 3 विकेट झटके। दीपेश देवेन्द्रन और कनिष्क चौहान को 2-2 विकेट मिला। इंग्लैंड के कालेब फॉल्कनर ने 67 बॉल पर 115 रन बनाए। ओपनर बेन डॉकिन्स ने 56 बॉल पर 66 रन की पारी खेली।

## भारी मात्रा में गांजा के साथ महिला गिरफ्तार



हैदराबाद, 6 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कमिश्नर की टास्क फोर्स, वेस्ट ज़ोन टीम, हैदराबाद और एस.आर. नगर पुलिस ने एक महिला को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के समय उसके पास 11.4 किलो गांजा और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। बरामद की गई सामग्री की कुल कीमत करीब 6 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी रिनिता रायटा निवासी केसरिगुड़ा, अंतरबा पोस्ट, गजपति जिला, ओड़िशा की रहने वाली है। पुलिस के अनुसार रिनिता ने बताया कि उसके पति अनंता रायटा किसान हैं और केवल रोज़मर्रा की मजदूरी करते हैं, जो परिवार का पालन-पोषण करना मुश्किल था। रिनिता खुद भी निर्माण कार्य में दैनिक मजदूरी करती थी, लेकिन परिवार का खर्च पूरा नहीं होता था। उसकी आर्थिक कठिनाई के कारण, उसने अपने चचेरे भाई मानिल दलाबेहरा से संपर्क किया, जो ओड़िशा के पटंगपडर गांव का निवासी है और हैदराबाद और रंगारेड्डी क्षेत्रों में गांजा बेचता है। चचेरे भाई ने उसे हैदराबाद जाने और गांजा बेचने का सुझाव दिया। हैदराबाद सिटी की कमिश्नर टास्क फोर्स ने कहा है कि ड्रग्स समाज के लिए हानिकारक हैं, जो करियर, परिवार और भविष्य को तबाह कर सकते हैं। युवा लोग नशे से दूर रहें और आसानी से पैसा कमाने या नशे की आदत में न फंसे। सार्वजनिक से आग्रह किया गया है कि संदिग्ध ड्रग्स गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें। नागरिकों की मदद से ही हैदराबाद को नशामुक्त शहर बनाया जा सकता है।

## मेडचल में प्रचार के दौरान बीआरएस विधायक मल्ला रेड्डी पर हमला

**केटी रामाराव ने की निंदा**

हैदराबाद, 6 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री और मेडचल विधायक सी. मल्ला रेड्डी पर शुक्रवार को मेडचल जिले के लालगाड़ी मलकपेट इलाके में उस समय कथित तौर पर हमला किया गया, जब वे नगर पालिका चुनाव के लिए बीआरएस उम्मीदवार के समर्थन में प्रचार करने पहुंचे थे। आरोप है कि यह हमला डीसीसी अध्यक्ष वज्रेश यादव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया।

घटना में मल्ला रेड्डी के करीबी समर्थक दिल्ली परमेश को सिर में चोटें आई हैं। बीआरएस विधायक पर हुए हमले की पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने कड़ी निंदा की। उन्होंने इसे नगरपालिका चुनावों के दौरान विपक्षी नेताओं पर हमला बताते हुए लोकतंत्र पर सीधा प्रहार करार दिया। केटी रामाराव ने फोन पर सी. मल्ला रेड्डी और मलकाजगिरि विधायक मर्री राजशेखर रेड्डी से बात कर घटना की जानकारी ली और उन्हें पार्टी के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।

## कल हजारों भक्तों के साथ श्री बाबा श्याम की भव्य रथ यात्रा



हैदराबाद, 6 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बाबा श्याम रथ शोभा यात्रा समिति के चेयरमैन इंद्रकरण अग्रवाल और वाइस चेयरमैन रामदेव अग्रवाल और पुरुषोत्तम दास गोयल ने घोषणा की कि 8 फरवरी, 2026 को फाल्गुन के शुभ महीने में, जो बाबा श्याम को बहुत प्रिय है, हजारों भक्तों की भागीदारी के साथ श्री बाबा श्याम की एक भव्य रथ यात्रा आयोजित की जाएगी। समिति के सलाहकार चंद्रकांत डकोटिया, संयोजक अमित अग्रवाल, रामनिरंजन अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, नरसिंह जायसवाल, जीवन भाटी, अभिषेक शर्मा, सुशील अग्रवाल और गोविंद पोद्दार, साथ ही श्री श्याम मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष चंद्रकांत डकोटिया, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार बड़ेगाववाले, सचिव इंद्रकरण अग्रवाल, संयुक्त सचिव रामदेव अग्रवाल और राजकुमार विग, और कोषाध्यक्ष कपिल अग्रवाल ने शुक्रवार को हैदराबाद के बशीर बाग स्थित देशोद्धारक भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। बताया गया कि महाभारत के पांडवों में से एक भीम के पोते बर्बरीक को समर्पित खाटू श्याम जी मंदिर भारत के राजस्थान राज्य के सीकर जिले के खाटू गांव में स्थित है।

उन्होंने बताया कि दक्षिण भारत में पहला खाटू श्याम जी मंदिर हैदराबाद के काचीगुड़ा में वीरन्ना गुट्टा पर प्रसिद्ध रूप से स्थित है, और यह मंदिर श्री कांची कामकोटि पीठम और श्री श्याम मंदिर सेवा समिति द्वारा प्रबंधित है। उन्होंने आगे कहा कि यहां रोजाना पूजा और अभिषेक किया जाता है, और भक्तों को श्याम जल (पवित्र जल) और प्रसाद वितरित किया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि मंदिर परिसर में रोजाना श्री श्याम संकीर्तन और मुफ्त भोजन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। श्री श्याम मंदिर सेवा समिति ने घोषणा की कि बाबा श्याम रथ यात्रा और ध्वज यात्रा, जो बाबा श्याम के लिए एक बहुत ही प्रिय आयोजन है, जो अपने भक्तों की सभी इच्छाओं को पूरा करते हैं, 8 फरवरी, 2026 को सुबह शुरू होगी। यह यात्रा चारमीनार, महादेव मंदिर से शुरू होगी और अफजल गंज, गौलीगुड़ा, चादरघाट और निंबोली अड्डा से होते हुए काचीगुड़ा में वीरन्ना गुट्टा स्थित श्री श्याम मंदिर पहुंचेगी। इसके बाद खास प्रार्थनाएं की जाएंगी। हैदराबाद के अलग-अलग हिस्सों से हजारों भक्त खास झंडे (निशान) लेकर आएंगे और जुलूस के बाद मंदिर में चढ़ाएंगे। भक्त संगीत वाद्ययंत्रों के साथ झंडे लेकर चलेंगे, भजन-कीर्तन गाएंगे और बाबा श्याम को खुश करने के लिए डांस करेंगे। मंदिर कमेटी ने झंडे लाने वाले भक्तों के लिए खाने का इंतजाम किया है। उन्होंने भक्तों से इस भव्य रथ यात्रा को देखने और बाबा श्याम का आशीर्वाद लेने के लिए बड़ी संख्या में शामिल होने का अनुरोध किया है।

## युवक की हत्या काआरोपी को गिरफ्तार

हैदराबाद, 6 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। शराब के प्रभाव में शुरू हुई बहस, पुरानी रंजिश में बदलकर एक युवक की हत्या तक पहुँच गई। खाजिपल्ली गांव के जीएमआर कॉलोनी इलाके में हुई इस हत्याकांड को आईडीए बोलारम पुलिस ने केवल दो दिनों में सुलझा लिया और आरोपी को गिरफ्तार किया। बोलारम इंस्पेक्टर रवींदर रेड्डी के अनुसार, नेपाल का रहने वाला दीपक ताप (26) 4 फरवरी को जीएमआर कॉलोनी के पास एक सुनसान इलाके में गंभीर रूप से रक्तस्राव के साथ मृत पाया गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची, जांच शुरू की और तकनीकी सबूतों की मदद से आरोपी वरकंती, गोललगुंड के 26 वर्षीय दिलीप को शुक्रवार दोपहर गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल किया। पुलिस जांच में सामने आया कि दिलीप और मृतक दीपक पहले दोस्त थे, लेकिन शराब पीते समय हुई बहस के चलते दिलीप का दीपक पर गुस्सा भड़क गया। जानकारी के अनुसार, 3 फरवरी की रात दिलीप ने दीपक को अपने स्कूटी पर सुनसान इलाके में ले जाकर शराब पीने के लिए मनाया। दोनों ने शराब पी और नशे की हालत में दीपक को दिलीप ने छुरी से उसके सिर पर वार कर हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी ने दीपक का मोबाइल फेंककर मौके से फरार हो गया। बोलारम पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा और आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## राउडी शीटर को डीसीपी राजेंद्रनगर ने दिया सुधार का संदेश



हैदराबाद, 6 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मैल्लारदेवपल्ली पुलिस स्टेशन क्षेत्र के राउडी शीटर के लिए सद्भावना एवं सुधार संबंधी काउंसलिंग आयोजित की गई। इस काउंसलिंग का निरीक्षण राजेंद्रनगर जोन के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) द्वारा किया गया। काउंसलिंग के दौरान, डीसीपी ने राउडी शीटर को कई निर्देश दिए। इस दौरान कहा गया कि अवैध गतिविधियों से दूर रहें और जनता के साथ शांति और सौहार्दपूर्वक व्यवहार करें। इसके साथ ही रात के समय अनावश्यक घूमने से बचें। किसी भी प्रकार की धमकी या फिरौती जैसी गतिविधियों में शामिल न हों। यदि क्षेत्र में शांति और सार्वजनिक व्यवस्था भंग करने वाली गतिविधियों में शामिल होते हैं, तो कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें पीडी एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज करना शामिल है। डीसीपी ने उन्हें अपने व्यवहार में सुधार लाने, जीवनशैली को सकारात्मक बनाने और समाज में जिम्मेदार नागरिक बनने की सलाह दी। काउंसलिंग सत्र के बाद, उपस्थित राउडी शीटर ने आश्वासन दिया कि वे भविष्य में किसी भी अवांछित घटना में शामिल नहीं होंगे।

## पांच सौ किग्रा तांबे के केबल बरामद, चार गिरफ्तार



हैदराबाद, 6 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कुकटपल्ली पुलिस ने चोरी के एक मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से लगभग 6 लाख रुपये मूल्य के 500 किग्रा तांबे के केबल बरामद किए। जानकारी के अनुसार, बीती 4 फरवरी को दोपहर लगभग 2 बजे, मकुता तरंगा, आईडीएल लेक, कुकटपल्ली के साइट इंजीनियर उली कुनाल ने पुलिस को शिकायत दी कि अज्ञात व्यक्तियों ने पिछले रात उनके साइट से सात बंडल तांबे के आर्मर्ड केबल चोरी कर लिए हैं। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया और तुरंत जांच शुरू की गई। जांच के दौरान, 5 फरवरी को कुकटपल्ली पुलिस ने चार लोगों को संदिग्ध रूप से घूमते देखा। पूछताछ में पता चला कि ये सभी मकुता त्रिपुरा साइट पर सुरक्षा गार्ड के रूप में काम कर रहे थे । सभी आरोपियों ने चोरी की वारदात कबूल की। पुलिस ने उनके कब्जे से 500 किग्रा चोरी किए गए तांबे के केबल बरामद किए। गिरफ्तार आरोपियों में लखिंद्रा बोरोआ (26)सुरक्षा गार्ड, अनुपम गोगोई (26), सुरक्षा गार्ड, नीतू दास (25), सुरक्षा गार्ड, नबाज्योति दास, सुरक्षा गार्ड शामिल है। सभी आरोपी असम के निवासी हैं और हैदराबाद में सुरक्षा नौकरियों के लिए आए थे। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने शराब और सिगरेट की आदतों के चलते व्यक्तिगत खर्चों को पूरा करने के लिए चोरी की। एक अन्य मामला में दोपहिया वाहन और मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पुलिस ने मोहम्मद सलमान, निवासी मूसापेट, हैदराबाद को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने दिसंबर में अंजनया नगर, मूसापेट से दोपहिया वाहन चोरी करने और पाँच दिन पहले विनावी होस्टल से दो मोबाइल फोन चोरी करने की वारदात कबूल की। चोरी का वाहन और मोबाइल फोन बरामद कर लिए गए।

## तेलंगाना में रेल अवसंरचना परियोजनाओं को नई गति



हैदराबाद, 6 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना, जो अपने बढ़ते औद्योगिक आधार, विकसित हो रहे शहरी केंद्रों और रणनीतिक स्थिति के कारण आर्थिक विकास और आवाजाही के लिए मजबूत रेलवे कनेक्टिविटी पर निर्भर है, ने 2014 के बाद यूनाइटेड आंध्र प्रदेश के विभाजन के बाद रेल अवसंरचना विकास के लिए लगातार पर्याप्त बजटीय आवंटन प्राप्त किया है। वित्त वर्ष 2026-27 में तेलंगाना के लिए रेलवे बजट का औसत वार्षिक आवंटन 5,454 करोड़ तक बढ़ गया है, जबकि 2009 से 2014 तक अविभाजित आंध्र प्रदेश के लिए यह औसत केवल 886 करोड़ रुपए था। इस बढ़े हुए बजटीय समर्थन ने भारतीय रेलवे को तेलंगाना में अवसंरचना निर्माण को तेजी से बढ़ाने में सक्षम बनाया। 2014 से अब तक राज्य में 900 किलोमीटर से अधिक नई रेलवे लाइनें बनाई गई हैं। साथ ही, 1,115 किलोमीटर रेललाइनें विद्युतीकृत की गई हैं, जिससे तेलंगाना 100% विद्युतीकृत राज्य बन गया है। नई लाइन परियोजनाओं में पेड्डापल्ली–निज़ामाबाद, जग्गैयापेटा–जनपाहाद, अक्कनपेट–मेदक, भद्राचलम रोड–सत्तुपल्ली शामिल है। क्षमता वृद्धि कार्यो में सिकंदराबाद–महबूबनगर डबल लाइन, काजीपेट–बल्हरशाह और काजीपेट–विजयवाड़ा तीसरी लाइन का निर्माण लगभग पूरा है। हैदराबाद क्षेत्र में एमएमटीएस फेज़-II का संचालन, जिससे उपनगरीय रेल कनेक्टिविटी मजबूत हुई। काजीपेट में रेलवे निर्माण इकाई का निर्माण 521 करोड़ में लगभग पूरा, जिसमें विभिन्न प्रकार के कोच और ट्रेन सेट तैयार किए जा सकेंगे। अमृत स्टेशन योजना के तहत तेलंगाना में 40 स्टेशन पुनर्विकसित किए जा रहे हैं, अनुमानित लागत 2,015 करोड़ रुपए है। प्रमुख सुविधाओं में बेहतर यात्री सुविधाएं, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजन के लिए पहुँच, स्वच्छ और व्यवस्थित स्टेशन परिसर शामिल है। बेगमपेट, करीमनगर और वारंगल स्टेशनों का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया, जिसमें चेर्लापल्ली टर्मिनल स्टेशन भी शामिल है। तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद को कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु, तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई और व्यापार एवं शिक्षा केंद्र पुणे से जोड़ने वाले तीन हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की घोषणा की है। यह सतत प्रतिबद्धता तेलंगाना की कनेक्टिविटी को मजबूत कर रही है, आवाजाही को बेहतर बना रही है और राज्य को एक उभरते औद्योगिक और आर्थिक हब के रूप में स्थापित करने में सहायक है।

## साइबराबाद पुलिस का सड़कों पर पुलिसिंग अभियान

**पुलिस के इस कदम से जनता में बढ़ी सुरक्षा की भावना**

हैदराबाद, 6 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद पुलिस क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विजिबल पुलिसिंग का व्यापक स्तर पर संचालन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत पुलिस हर क्षेत्र में पैनी नजर रख रही है और जनता में सुरक्षा का भरोसा बढ़ रहा है। कई पुलिस स्टेशनों जैसे कि केपीएचबी , बाचुपल्ली, बालानगर, नारसिंगी और कुक्टपल्ली के अंतर्गत विशेष वाहन जांच और गश्त अभियान चलाए जा रहे हैं। केपीएचबी पुलिस स्टेशन क्षेत्र में नेक्सस मॉल के पास इंस्पेक्टर राजशेखर रेड्डी के नेतृत्व में वाहन जांच अभियान संचालित किया गया। बाचुपल्ली पुलिस स्टेशन क्षेत्र के हिल काउंटी इलाके में इंस्पेक्टर सतीश कुमार के नेतृत्व में व्यापक वाहन जांच की गई। बालानगर पुलिस स्टेशन क्षेत्र में इंस्पेक्टर नरसिंह राजू और उनकी टीम ने नासरापूर क्रॉस रोड् पर विशेष विजिबल पुलिसिंग कर संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी। पुलिस ने बताया कि वाहन दस्तावेजों की सावधानीपूर्वक जांच की जा रही है और नागरिकों की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी। साइबराबाद पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत विजिबल पुलिसिंग अभियान लगातार जारी रहेगा।

## रायदुर्गम डकैती का खुलासा किया, आरोपी गिरफ्तार

हैदराबाद, 6 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। रायदुर्गम पुलिस स्टेशन क्षेत्र में महाप्रस्थान के पास हुई डकैती का मामला पुलिस ने सुलझा लिया है। यह जानकारी रायदुर्गम डिटेक्टिव इंस्पेक्टर टी. भूपति ने दी। जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता मोहम्मद ओवैसी ने पुलिस को बताया कि एक व्यक्ति ने उस पर छुरी से हमला किया, उसके मोबाइल फोन को छीन लिया और फरार हो गया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर तत्काल जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार, बीती 3 फरवरी की रात 10.30 बजे आरोपी मोहम्मद जावीद ने मोहम्मद ओवैसी पर छुरी से हमला किया और उसे घायल किया। इसके बाद आरोपी ने यूपीआई खाते के जरिए 400 रुपये हस्तांतरित करवाए और मोबाइल फोन लेकर दुपहिया वाहन पर फरार हो गया। रायदुर्गम पुलिस क्राइम टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से चोरी का मोबाइल फोन, दो अन्य मोबाइल फोन और अपराध में इस्तेमाल किया गया वाहन जब्त किया गया। आरोपी को रिमांड पर भेजकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## खाटू श्याम यात्रा के स्वागत की तैयारी

हैदराबाद, 6 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। श्याम रथ निशाना यात्रा का स्वागत कृष्ण गोपाल सेवा समिति की तरफ से किया जाएगा। चारमीनार से काचीगुड़ा श्री खाटू श्याम मंदिर तक 8 फरवरी सुबह 8 बजे से अयोजित होने वाली श्री श्याम रथ निशान शोभा यात्रा का कृष्ण गोपाल सेवा समिति द्वारा स्वागत किया जाएगा। कृष्णा गोपाल सेवा समिति भाग्यनगर द्वारा आयोजित मीटिंग में यह फैसला लिया गया है। शोभा यात्रा के स्वागत के लिए मंच स्थापित किया जाएगा जहां से प्रमुख भजन गायक कन्हैया मित्तल और सभी कलाकारों का स्वागत किया जायेगा! कृष्णा गोपाल सेवा समिति के सहयोजक कपिल कुमार अग्रवाल सचिन अग्रवाल मनोज गुप्ता कुश अग्रवाल सिद्धार्थ पलचम आनंद चौकड़ा आदि का इसमें सक्रिय सहयोग रहेगा।

## वॉटर हीटर से करंट लगने से महिला की मौत

निर्मल, 6 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। शुक्रवार को कुभीर मंडल के डोडार्दना-1 ठंडा गांव में बिजली के वॉटर हीटर का उपयोग करते समय करंट लगने से 30 वर्षीय महिला की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, मृतका की पहचान राठौड़ वनिता बाई के रूप में हुई है। वह हीटर से पानी गर्म कर रही थीं, इसी दौरान एक जीवित बिजली के तार के संपर्क में आने से उन्हें करंट लग गया और वह बेहोश होकर गिर पड़ीं। परिजन उन्हें तुरंत अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वनिता अपने पीछे पति, दो बेटे और एक बेटी को छोड़ गई हैं। महिला के पति की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। घटना की जांच की जा रही है।


**दक्षिण मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.सी-एसजी-पीटी-एबीएस-04एनडब्ल्यू-डब्ल्यूडी, दि.04-02-2026**

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, डीवाय. सीएसटीइ /परियोजनाएं/टेलि./एससी द्वारा निम्न कार्यों हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

**निविदा सं. व तिथिः सी-एसजी-पीटी-एबीएस-04 एनडब्ल्यू-डब्ल्यूडी दि.04-02-2026 कार्य विवरणः--** दक्षिण मध्य रेलवे-दमरे के गुंटकल डिवीजन के नलवार—वाडी सेक्शन में एटोमेटिक ब्लाक सिग्नल्लिंग व कवच कार्यों के प्रावधान हेतु विस्तृत सिग्नल्लिंग व दूरसंचार कार्य। अनुमानित परियोजना मूल्य रु.28,25,65,603.82 बोली सुरक्षा रु.15,62,800.00 कार्य पूरा करने की अवधिः 12 महिने, बोली बंद करने की तिथि (बोली तय तिथि)-7-3-2026 के 11.00 बजे बोली खोलने की तिथिः 7-3-2026 के 11.00 बजे के बाद, आफर वैधः बोली बंद करने की तिथि से लेकर 120 दिन, निविदा पुस्तिका मूल्य रु. शून्य

इण्डियन रेलवे ई-टेंडरिंग पोर्टलः www.ireps.gov.in पर समस्त बिड्डिंग व्यवस्था है। इस निविदा के प्रति मैन्युएल आफर्स अस्वीकार्य हैं। अधिक जानकारी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।

**डीवाय.सीएसटीइ /परियोजनाएं/टेलि./सिकंदराबाद**

**निविदा सूचना सं. जी/ई.29/टीआर./टेंडर नोटिस/49/2025-26, दि.04-02-2026**

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता/ट्रैक्शन/गुंटकल द्वारा निम्न कार्यों हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

निविदा सं. जीटीएल-टीआरडी-29-ईटीएन-80-2025-26, कार्य विवरणः गुंटकल डिवीजनः रेणीगुंटा स्टेशन पर ट्रिप शेड की वृध्दि से संबंधित ओएचइ परिवर्तन कार्य। अनुमानित मूल्य रु.31,97,896.50 पूर्व धरोहर राशि रु.64,000.00

निविदा बंद करने की तिथि व समयः 26-02-2026 के 15.00 बजे

टिप्पणीः1. निविदाकार, निविदा दस्तावेज को www.ireps.gov.in से निःशुल्क रुप में डाउनलोड कर सकते हैं। टेंडर बिड्डींग या निविदा की बोली लगाने तथा अन्य विवरण हेतु http://www.ireps.gov.in पर लागिन करें। शुध्दिपत्र यदि कोई हो तो, उसे केवल आनलाइन पर ही जारी किया जायेगा।

**वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता, ट्रैक्शन, गुंटकल**

**खुली ई-निविदा सूचना सं. बी/ई.इजीएस/19/2025-26,दि.5-2-2026**

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों हेतु संबंधित विवरित तिथि के 15.00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

**बी/ई.29/I/इजीएस/35/2025-26,दि.3-2-2026**
**कार्य विवरणः** बीजेडए डिवीजन पर अल्पावधि सुरक्षा उपायों के रूप में ट्रैक मशीन कैंपिंग कोचेस हेतु बिजली व्यवस्थाओं का प्रावधान, मात्रा-27 कोचेस। कार्य पूरा करने की अवधिः 03 महिने, निविदा मूल्य रु.32,30,145.00 पूर्व धरोहर राशि/बोली सुरक्षा रु.64,600.00 निविदा दस्तावेज मूल्य रु. शून्य बंद करने की तिथिः 24-02-2026

वेबसाइटः www.ireps.gov.in पर प्रकाशित निविदा दस्तावेजों में निविदा शर्तें/अन्य विवरण जैसे संपूर्ण कार्य का नाम, उपरोक्त कार्य का तत्समान कार्य, योग्यता मानदंड आदि उपलब्ध है।

भावी निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि, किसी भी निविदा के परिवर्तन/शुध्दिपत्रों को नोट करने हेतु निविदा बंद करने की तिथि से पहले वेबसाइटःwww.ireps.gov.in देखें।

इस निविदा सूचना को, वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता का कार्यालय, रखरखाव, द.म. रेलवे, विजयवाडा पर स्थित नोटिस बोर्ड भी देखा जा सकता है।

रेल प्रशासन के पास कोई भी कारण न देते हुए निविदा को निरस्त करने का पूरा अधिकार सुरक्षित है।

हमारे वेबसाइटः www.ireps.gov.in पर जाएं।

**विभागीय रेल प्रबंधक (बिजली), विजयवाडा**

**ई-निविदा सूचना सं. 486/डीआरएम/डब्ल्यू/जीएनटी**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों हेतु दि.04-03-2026 के 15.30 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित है।

क्रम सं.1 टेंडर आयडी:2839 सीनि.डीइएन/डीइएनः डीइएन/पश्चिम कार्य विवरणः गुंटूर डिवीजनः एनडीपीयु—एसटीयुआर स्टेशनों के बीच मानवनिर्मित एलसी 294@किमी30/4-5 के स्थान पर सब वे का प्रावधान। (शेष मात्रा) अनुमानित मूल्य रु.3,44,31,950.00, बोली सुरक्षा रु.3,22,200.00

ई-बिड्स की आनलाइन प्रस्तुति की अंतिम तिथि 04-03-2026 के 15.30 बजे तक है। विस्तृत विवरण हेतु वेबसाइटः www.ireps.gov.in पर लाग आन करें।

अधिक संचार/शुध्दिपत्र को ई-पोर्टलः www.ireps.gov.in के माध्यम से सूचित किया जायेगा।

**विभागीय रेल प रबंधक (कार्य)/गुंटूर**

A2388

**निविदा नियम शर्ते /अधिक जानकारी तथा निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग हेतु कृपया वेबसाइट्सः https://www.ireps.gov.in या www.scr.indianrailways.gov.in देखें।**



**पूर्व तट रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं.: SNTPVSKPOTAUTONWPPSA0326 दिनांक: 30.01.2026

**कार्य का नामः** पूर्व तट रेलवे के वाल्टियर मंडल की मेन लाइन में नौपाड़ा (NWP)-पलासा (PSA) के बीच ऑटो सिग्नलिंग का प्रावधान साथ में कोटबोम्माली (KBM)-पलासा (PSA) के बीच ड्युअल MSDAC का प्रावधान तथा विविध कार्य अर्थात् सिगडाम (SGDM)-पलासा (PSA) सेक्शनों से मिट्टी के संरक्षण के लिए टाई बार फेंसिंग लगाने का प्रावधान।

**कार्य की अनुमानित लागतः** रु. 27,82,87,160.52, EMD : रु. 15,41,400.00, समापन की अवधिः 12 महीने।

**निविदा बंद/खुलने होने की तारीख एवं समयः** 24.02.2026 को 1200 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा।

ऊपर उल्लेखित ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित सम्पूर्ण जानकारी वेबसाइटः www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

द्रष्टव्यः प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने के सात दिन पहले वेबसाइट का पुनः अवलोकन करें।

उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/परियोजना/विशाखापट्टणम

PR-249/CI/25-26



स्वतंत्र वार्ता

Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# अंडर-19 विश्वकप : फाइनल मैच में सूर्यवंशी का तूफान

## > शतक के साथ तोड़ा सर्वाधिक छक्कों का रिकॉर्ड



हरारे, 6 फरवरी (एजेंसियां)। अंडर-19 वनडे विश्व कप का फाइनल भारत और इंग्लैंड के बीच जारी है। भारतीय कप्तान आयुष म्हात्रे ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। हालांकि, जब भारत को चौथे ओवर में एरॉन जॉर्ज (9) के रूप में झटका लगा, तो ऐसा लगा कि म्हात्रे का फैसला गलत है, लेकिन इसके बाद हरारे स्पोर्ट्स क्लब मैदान में वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे का कहर बरपा।

दोनों ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की और चौके-छक्कों की बरसात कर दी। इसी कड़ी में 14 साल के वैभव ने 55 गेंदों में शतक पूरा किया और अंडर-19 विश्व कप में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। उन्होंने इस मामले में चार साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। वैभव सूर्यवंशी 80 गेंद में 175 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने अपनी पारी में 15 चौके और 15 छक्के लगाए। उन्हें लम्सडेन ने रियू के हाथों कैच कराया। हालांकि, म्हात्रे 19वें ओवर में बड़े शॉट के चक्कर में आउट हो गए, लेकिन वैभव का ध्यान भंग नहीं हुआ। उन्होंने 55 गेंदों में शतक पूरा किया। इससे पहले उन्होंने 32 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया था। यानी 50 से 100 तक पहुंचने में वैभव ने केवल 23 गेंद लिए। वैभव ने 100 रन पूरे करने में आठ चौके और आठ छक्के लगाए। आयुष म्हात्रे ने 51 गेंद में सात चौके और दो छक्के की मदद से 53 रन बनाकर आउट हुए। म्हात्रे और वैभव के बीच दूसरे विकेट के लिए 90 गेंद में 142 रन की साझेदारी हुई। वैभव इसी के साथ अंडर-19 विश्व कप में दूसरे सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। वह बस ऑस्ट्रेलिया के विल मलाजचुक का रिकॉर्ड तोड़ने से चूक गए, जिन्होंने इसी विश्व कप में 51 गेंद पर शतक जड़ा था। इसी के साथ वैभव सूर्यवंशी भारत की ओर से अंडर-19 विश्व कप फाइनल में शतक लगाने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए।

### वैभव ने फरहान की गेंदों पर की छक्कों की बरसात

वैभव ने 15वें ओवर में स्पिनर फरहान अहमद की शुरुआती दो गेंदों पर दो छक्के लगाए। इस तरह मैच में उन्होंने पांच छक्के पूरे किए। वहीं, टूर्नामेंट में यह उनका 20वां छक्का रहा।

इन दो छक्कों के साथ ही वैभव अंडर-19 विश्व कप में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। इस मामले में उन्होंने 2022 अंडर-19 विश्व कप में डेवाल्ड ब्रेविस द्वारा लगाए गए कुल 18 छक्कों का रिकॉर्ड तोड़ा। वैभव ने इसके बाद 17वें ओवर में भी फरहान अहमद की लगातार चार गेंदों पर चार बाउंड्रीज लगाईं। इनमें तीन छक्के और एक चौका शामिल है।

विश्वकप से पहले भारत को लगेगा झटका

# तेज गेंदबाज हर्षित राणा चोट के कारण हो सकते हैं बाहर



नई दिल्ली, 6 फरवरी (एजेंसियां)। टी20 विश्व कप 2026 की शुरुआत से ठीक पहले भारतीय टीम को तगड़ा झटका लगा है। तेज गेंदबाज हर्षित राणा चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। बता दें कि, सात फरवरी से भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में टूर्नामेंट का आगाज होना है। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत शनिवार को अमेरिका के खिलाफ मैच से करेगी। इससे पहले टीम को झटका लगा है।

**वॉर्म-अप मैच में चोटिल हुए थे राणा**

जानकारी के मुताबिक, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए वॉर्म-अप मुकाबले में हर्षित को घुटने में चोट लगी थी। अब वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। अब तक भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने उनके रिप्लेसमेंट का एलान नहीं किया है। सात फरवरी से शुरू हो रहे इस टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला आठ मार्च तक खेला जाएगा। इस दौरान कुल 55 मैच खेले जाएंगे। इनमें ग्रुप स्टेज के 40 मैच, सुपर-8 के 12 मैच, दो सेमीफाइनल और एक फाइनल शामिल हैं। बांग्लादेश को बाहर कर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में एंट्री दी और टूर्नामेंट का अपडेटेड शेड्यूल जारी किया। बांग्लादेश ग्रुप सी में था और स्कॉटलैंड को ग्रुप सी में रखा गया। भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले क्रिकेट के इस महाकुंभ में कई हाईवोल्टेज मुकाबले देखने को मिलेंगे। हालांकि, पाकिस्तान ने 15 फरवरी को टूर्नामेंट के सबसे बड़े मुकाबले से पीछे हटने का फैसला किया। उस दिन भारत और पाकिस्तान का मैच कोलंबो में होना था, लेकिन पीसीबी ने इस मैच के बहिष्कार का एलान किया।

# 41वें जन्मदिन पर क्रिस्टियानो रोनाल्डो को सऊदी प्रो लीग का सख्त संदेश

## कहा-कोई भी खिलाड़ी क्लब से बड़ा नहीं

दुबई, 6 फरवरी (एजेंसियां)। क्रिस्टियानो रोनाल्डो के 41वें जन्मदिन पर जश्न के बीच सऊदी प्रो लीग से आई एक सख्त चेतावनी ने फुटबॉल जगत में हलचल मचा दी। ट्रांसफर खर्च को लेकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो की अल नस्र से कथित नाराजगी और एक मैच से दूरी बनाने के बाद लीग ने साफ कर दिया कि सऊदी प्रो लीग में हर क्लब अपने फैसले खुद करता है और क्लब से ऊपर कोई भी व्यक्ति नहीं होता। इस बयान के बाद क्रिस्टियानो रोनाल्डो के भविष्य, उनकी उपलब्धता और अल नस्र की रणनीति को लेकर सवाल तेज हो गए हैं।

यह चेतावनी ऐसे समय जारी हुई जब पुर्तगाली सुपरस्टार के ट्रांसफर खर्च को लेकर हालिया विवाद के कारण वह अल नस्र के लिए एक मैच से बाहर बैठे। अल नस्र के अल रियाद के खिलाफ पिछले मैच में खेलने से इनकार करने के बाद क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने बुधवार चार फरवरी 2026 को X पर ट्रेनिंग करते हुए अपनी एक तस्वीर पोस्ट की। यह भी बताया जा रहा है कि वह शुक्रवार छह फरवरी 2026 को लीग की प्रतिद्वंद्वी अल-इत्तिहाद के खिलाफ मैच से बाहर रह सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पांच बार बैलन डी'ओर जीतने वाले खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो क्लब के कामकाज से नाखुश थे। अल नस्र का मालिकाना हक सऊदी अरब के सॉवरेन वेल्थ फंड पीआईएफ के पास है, ठीक वैसे ही जैसे अल हिलाल, अल अहली और अल इत्तिहाद का है। हालांकि, रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया है कि रोनाल्डो इस बात से नाराज हैं कि अल नस्र को दूसरे तीन क्लबों की तरह सॉवरेन वेल्थ फंड पीआईएफ से उतना फाइनेंशियल सपोर्ट नहीं मिल रहा है।

# हेजलवुड चोट के कारण टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर

## ऑस्ट्रेलिया ने रिप्लेसमेंट का ऐलान नहीं किया, 11 फरवरी को पहला मैच खेलेगी टीम




स्पोर्ट्स डेस्क, 6 फरवरी (एजेंसियां)। आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड चोट के कारण टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गए हैं। वे हमसस्ट्रिंग इंजरी से अब तक पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इसकी पुष्टि करते हुए स्पष्ट किया है कि हेजलवुड की जगह फिलहाल टीम में किसी भी खिलाड़ी को शामिल नहीं किया जाएगा। टूर्नामेंट की शुरुआत 7 फरवरी से होगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम अपना पहला मुकाबला 11 फरवरी को आयरलैंड के खिलाफ आर प्रेमादासा क्रिकेट स्टेडियम में खेलेगी।

ऑस्ट्रेलियाई सिलेक्टर टोनी डोडेमाइड ने कहा, हमें उम्मीद थी कि जोश सुपर-8 स्टेज तक मैच फिट हो जाएंगे, लेकिन उनकी वापसी में अभी और समय लगेगा। उनकी रिकवरी प्रोसेस को तेज करना बहुत बड़ा जोखिम होगा।

**ऑस्ट्रेलिया का स्क्वॉड**

मिचेल मार्श (कप्तान), ट्रैविस हेड, मार्कस स्टोयनिश, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरन ग्रीन, मैथ्यू रैनशॉ, कूपर कॉनोली, टिम डेविड, जोश इंग्लिस, बेन ड्वारशुइस, जेवियर बार्टलेट, नाथन एलिस, मैथ्यू कुह्नेमन और एडम जम्पा। ऑस्ट्रेलिया ग्रुप बी में शामिल है, जहां उसके साथ श्रीलंका, जिम्बाब्वे, ओमान और आयरलैंड की टीमें हैं। टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलियाई टीम का पहला मुकाबला 11 फरवरी को आयरलैंड के खिलाफ आर प्रेमादासा क्रिकेट स्टेडियम में है। अपने ग्रुप में ऑस्ट्रेलिया सबसे मजबूत टीम है, लेकिन उसे श्रीलंका और आयरलैंड से कड़ी टक्कर मिलने की उम्मीद है। ऑस्ट्रेलिया का श्रीलंका के साथ 16 फरवरी को मुकाबला होगा। टीम अपना आखिरी लीग मैच 20 फरवरी को ओमान के खिलाफ खेलेगी। उससे पहले उसे 13 फरवरी को जिम्बाब्वे से भी भिड़ना है।

**3 प्लेयर्स वर्ल्ड कप डेब्यू करेंगे**

स्पिनर मैथ्यू कुह्नेमन, ऑलराउंडर कूपर कोनोली और तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट को पहली बार टी-20 वर्ल्ड कप टीम में मौका मिला है। कूपर कोनोली का चयन चौंकाने वाला रहा, क्योंकि उन्होंने पिछले 12 टी-20 इंटरनेशनल मैचों में हिस्सा नहीं लिया था। टिम डेविड और ग्लेन मैक्सवेल और मार्कस स्टोयनिस अपनी जगह बचाने में कामयाब रहे हैं। ग्लेन मैक्सवेल और कैमरन ग्रीन जैसे अनुभवी ऑलराउंडर शामिल हैं।

# सोनीपत की अदिति का नेशनल स्कूल गेम्स में चयन



सोनीपत, 6 फरवरी (एजेंसियां)। सोनीपत के गोहाना के गांव दुभेटा की प्रतिभाशाली खिलाड़ी अदिति श्योराण का 69वीं नेशनल स्कूल चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है। अदिति इस साल चंडीगढ़ शिक्षा विभाग की अंडर-17 गर्ल्स साफ्टबाल टीम का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में आयोजित 69वीं नेशनल स्कूल चैंपियनशिप में देश भर के राज्यों से महिला साफ्टबाल टीमें हिस्सा ले रही है। अदिति श्योराण की कप्तानी में चंडीगढ़ की साफ्टबाल टीम ने जीत से शुरुआत की है। पहले मैच में चंडीगढ़ ने मणिपुर को एकतरफा मैच में हरा दिया। उधर दूसरे मुकाबले में उड़ीसा की टीम को हराकर चंडीगढ़ की टीम ने नाकआउट में प्रवेश कर लिया है। अदिति ने दोनों ही मैचों में शानदार प्रदर्शन कर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

अदिति स्टेट, नेशनल और बीसीसीआई लेवल पर क्रिकेट खेलती हैं। 2025 में अदिति ने उदयपुर में हुई नेशनल स्कूल गेम्स अंडर-19 में चंडीगढ़ की महिला टीम की कप्तानी की थी। वह सबसे कम उम्र में टीम की कप्तान रही हैं। अदिति स्टेट लेवल पर विभिन्न खेलों में अपनी टीम को 9 मेडल जीता चुकी हैं, जिसमें 3 गोल्ड मेडल भी शामिल हैं।

# क्वार्टर फाइनल में चीन से हारी भारतीय महिला टीम एशियाई बैडमिंटन चैंपियनशिप से बाहर

किंगदाओ, 6 फरवरी (एजेंसियां)। पिछली चैम्पियन भारतीय महिला टीम बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को दूसरे दर्जे की चीन की टीम से 0- 3 से हारकर बाहर हो गई। भारतीय पुरूष टीम क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया से खेलेगी। भारत ने 2024 में इस टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था लेकिन इस बार पी वी सिंधू के नहीं खेलने से भारत की संभावनाओं को धक्का लगा। टूर्नामेंट में इससे पहले दो मैच जीत चुकी दुनिया की 42वें नंबर की खिलाड़ी तन्वी शर्मा दसवीं रैंकिंग वाली गाओ फांग जि से एकतरफा मुकाबले में 9-21, 9-21 से हार गई।

गायत्री गोपीचंद और त्रिसा जॉली की जोड़ी ने जुझारू खेल दिखाया लेकिन दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी जिया यि फान और झांग शू शियान से 22-24, 18-21 से पराजय का सामना करना पड़ा। रक्षिता रामराज दूसरे एकल में शू वेन जिंग से 70 मिनट के मुकाबले में 14-21, 21-15, 17-21 से हार गई। भारत ने टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में म्यामांर को 5 . 0 से हराया था लेकिन थाईलैंड से 2-3 से हार गई थी ।

# टी20 विश्व कप : कमेंट्री पैनल में शास्त्री, स्मिथ, बिशप समेत होंगे कई स्टार्स




दुबई, 6 फरवरी (एजेंसियां)। आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप का 10वां संस्करण 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका में शुरू हो रहा है। इस बड़े टूर्नामेंट के लिए कमेंट्री टीम का ऐलान कर दिया गया है। इसमें दुनिया के जाने-माने क्रिकेट कमेंटेटर शामिल होंगे। कमेंट्री पैनल में एरोन फिंच, दिनेश कार्तिक, कुमार संगकारा, सैमुअल बद्री, रॉबिन उथप्पा, कार्लोस ब्रेथवेट भी शामिल हैं। आईसीसी ने यह भी बताया है कि दक्षिण अफ्रीका के मौजूदा खिलाड़ी और आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीतने वाले कप्तान टेंबा बावुमा भी कमेंट्री करते सुनाई देंगे। वहीं 2014 टी20 विश्व कप जीतने वाली टीम के सदस्य एंजेलो मैथ्यूज भी कमेंट्री टीम का हिस्सा होंगे। टूर्नामेंट में कुल 55 मैच खेले जाएंगे और इन सभी मुकाबलों में यही कमेंटेटर नजर आएंगे। भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में डिफेंडिंग चैंपियन के तौर पर उतर रही है। टीम इंडिया का लक्ष्य तीसरी बार टी20 विश्व कप जीतने के साथ-साथ खिताब को बरकरार रखना है। अगर भारत ऐसा करता है, तो वह ऐसा करने वाली पहली टीम बन जाएगी।

टीम इंडिया को टूर्नामेंट का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। अक्टूबर 2023 के बाद से भारत ने अपने पिछले 56 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में से 48 में जीत हासिल की है। हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में भी भारतीय टीम का प्रदर्शन काफी शानदार रहा। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 7 फरवरी को करेगी। ग्रुप स्टेज में उसका पहला मुकाबला अमेरिका के खिलाफ मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा।

**आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के लिए कमेंटेटरों की पूरी सूची इस प्रकार है-**

रवि शास्त्री, नासिर हुसैन, इयान स्मिथ, इयान बिशप, आरोन फिंच, दिनेश कार्तिक, कुमार संगकारा, सैमुअल बद्री, रॉबिन उथप्पा, कार्लोस ब्रेथवेट, इयोन मॉर्गन, वसीम अकरम, सुनील गावस्कर, मैथ्यू हेडन, रमीज राजा, डेल स्टेन, माइकल एथरटन, वकार यूनिस, साइमन डूल, शॉन पोलॉक, केटी मार्टिन, हर्षा भोगले, म्पुमेलेलो मबांगवा, नताली जर्मनोस, डैनी मॉरिसन, एलन विल्किंस, इयान वार्ड, मार्क हॉवर्ड, निक नाइट, अथर अली खान, कैस नायडू, बाजिद खान, रौनक कपूर, नायल ओ'ब्रायन, प्रेस्टन मॉमसेन, एंड्रयू लियोनार्ड, रसेल अर्नोल्ड, रोशन अबेसिंघे, एंजेलो मैथ्यूज और टेम्बा बावुमा।

# आरसीबी को दो बार चैंपियन बना स्मृति मंधाना ने हरमनप्रीत की बराबरी की

## > विमेंस प्रीमियर लीग में बनाए दर्जन भर रिकॉर्ड




नई दिल्ली, 6 फरवरी (एजेंसियां)। स्मृति मंधाना की कप्तानी में आरसीबी ने विमेंस प्रीमियर लीग 2026 का टाइटल अपने नाम किया। मंधाना ने बतौर कप्तान व बतौर बल्लेबाज खुद को साबित किया और दिखाया कि वो क्या कुछ कर सकती हैं। इस लीग से पहले मंधाना की शादी टूट गई थी, लेकिन इसके बावजूद उनका हौसला नहीं टूटा और उन्होंने दिखा दिया कि वो कितनी मजबूत हैं। मंधाना फाइनल में 204 रन के बड़े टारगेट के सामने बिल्कुल भी नहीं डगमगाईं और दिखा दिया कि वो बड़े मैच की प्लेयर हैं। उनकी पारी ने टीम की जीत की राह आसान कर दी और वो ना सिर्फ प्लेयर ऑफ द मैच बनीं बल्कि वो ऑरेंज कैप विनर भी बनीं। मंधाना आरसीबी की तरफ से इस लीग के एक सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बैटर भी बनीं। यही नहीं उन्होंने कई बेहतरीन रिकॉर्ड्स भी इस लीग में अपने नाम किए।

**विमेंस प्रीमियर लीग 2026 में मंधाना द्वारा बनाए रिकॉर्ड्स**

> मंधाना ने 23 गेंदों पर अर्धशतक लगाया जो विमेंस प्रीमियर लीग के फाइनल में सबसे तेज अर्धशतक रहा।

> मंधाना ने इस सीजन में खेले 9 मैचों में सबसे ज्यादा 57 चौके लगाए।

> मंधाना ने इस सीजन में 9 मैचों में 9 छक्के लगाए और सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाली बैटर्स की लिस्ट में चौथे नंबर पर रहीं।

> मंधाना ने फाइनल में 87 रन की पारी खेली और ये इस लीग के फाइनल में खेली गई सबसे बड़ी पारी रही।

> मंधाना ने इस सीजन में दूसरी सबसे बड़ी व्यक्तिगत पारी (96 रन) खेली।

> मंधाना इस सीजन में सबसे ज्यादा रन (377 रन) बनाने वाली बैटर रहीं।

> मंधाना पहली ऐसी भारतीय रहीं जिन्हें इस लीग में ऑरेंज कैप मिला।

> मंधाना का औसत 53.86 था जो इस सीजन का तीसरी सबसे बेस्ट औसत रहा।

> मंधाना ने इस सीजन में 153.25 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए जो चौथा बेस्ट स्ट्राइक रेट रहा।

> मंधाना ने फाइनल में जॉर्जिया के साथ 165 रन की साझेदारी की और इस लीग के इतिहास की सबसे बड़ी साझेदारी रही।

> मंधाना आरसीबी को दो खिताब दिलाने वाली पहली कप्तानी बनीं और हरमनप्रीत कौर की बराबरी कर ली जिन्होंने मुंबई को दो बार चैंपियन इस लीग में बनायाा है।

> मंधाना इस सीजन में सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाली भारतीय खिलाड़ी रहीं।

# बेन स्टोक्स को चेहरे पर गेंद लगी-दाईं आंख सूजी, नाक भी चोटिल; सोशल मीडिया पर डरावनी फोटो शेयर की

स्पोर्ट्स डेस्क, 6 फरवरी (एजेंसियां)। इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान और दिग्गज ऑलराउंडर बेन स्टोक्स एक भयानक हादसे का शिकार हो गए हैं। मैदान पर ट्रेनिंग के दौरान एक तेज रफ्तार गेंद उनके चेहरे पर जा लगी, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। स्टोक्स ने सोशल मीडिया पर अपनी एक डरावनी तस्वीर शेयर की, जिसमें उनका चेहरा पहचान पाना भी मुश्किल हो रहा है।

**सोशल मीडिया पर शेयर की 'डरावनी' फोटो**

स्टोक्स ने इंस्टाग्राम पर अपनी जो तस्वीर शेयर की है, उसमें उनकी दाईं आंख पूरी तरह सूजी हुई और काली पड़ चुकी है। उनके गाल और होंठों पर खरोंच के गहरे निशान हैं और नाक से खून बहने के कारण पट्टी (बैंडेज) लगी हुई है। हालांकि, इतनी गंभीर चोट के बावजूद स्टोक्स का मजाकिया अंदाज बरकरार है। उन्होंने फोटो के कैप्शन में लिखा, 'आपको क्रिकेट की गेंद की हालत देखनी चाहिए (यानी गेंद की हालत मुझसे भी बुरी होगी)।' 34 वर्षीय बेन स्टोक्स हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खत्म हुई एशेज सीरीज में 4-1 की करारी हार झेलकर इंग्लैंड वापस लौटे थे। इस शर्मनाक हार के बाद से ही उनकी कप्तानी पर तलवार लटकी हुई है और इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड उनकी भूमिका की समीक्षा कर रहा है।

# हैदराबाद के विकास के लिए दो वर्षों में 20 हजार करोड़ का आवंटन : भट्टी

## डिप्टी सीएम ने क्रेडाई प्रॉपर्टी एग्ज़ीबिशन शो में भाग लिया




एन. जयदीप रेड्डी, प्रेसिडेंट क्रेडाई, एन. उत्तम कुमार रेड्डी, सिंचाई और नागरिक आपूर्ति मंत्री, मल्लू भट्टी विक्रमार्क उपमुख्यमंत्री और वित्त और योजना मंत्री, के रामकृष्ण राव (आईएएस) मुख्य सचिव, तेलंगाना सरकार और बी. जगन्नाथ राव, प्रेसिडेंट-इलेक्ट, क्रेडाई हैदराबाद।

हैदराबाद, 6 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने घोषणा की है कि राज्य सरकार ने आगामी दो वर्षों में हैदराबाद शहर के सर्वांगीण विकास के लिए 20 हजार करोड़ का प्रावधान किया है।

उन्होंने कहा कि इस राशि के अंतर्गत कई परियोजनाएँ पहले ही अंतिम रूप ले चुकी हैं, जबकि अनेक कार्य प्रगति पर हैं। हाईटेक्स में आयोजित क्रेडाई प्रॉपर्टी एग्ज़ीबिशन शो के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हैदराबाद के विकास के लिए इतनी बड़ी राशि का विशेष आवंटन राज्य के इतिहास में पहली बार किया गया है। उन्होंने बताया कि ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) सीमा में 1,950.52 करोड़, हैदराबाद महानगर जल आपूर्ति एवं सीवरेज बोर्ड (एचएमडब्लूएसएसबी) के लिए 12,500 करोड़ तथा हैदराबाद महानगर विकास प्राधिकरण (एचएमडीए) के लिए 4,365 करोड़ निर्धारित किए गए हैं।

भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि हैदराबाद न केवल देश के प्रमुख शहरों से प्रतिस्पर्धा कर रहा है, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी निवेश, कुशल मानव संसाधन और जीवन स्तर के मामले में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने 27 आसपास की नगरपालिकाओं को जीएचएमसी में शामिल किए जाने को ऐतिहासिक निर्णय बताते हुए कहा कि इससे समान नागरिक सुविधाएँ, एकीकृत योजना और आउटर रिंग रोड क्षेत्र में समग्र विकास संभव हो पाया है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि एच-सीआईटीआई कार्यक्रम के तहत 7,032 करोड़ से अधिक की लागत से 45 फ्लाईओवर, अंडरपास तथा 10 सड़क चौड़ीकरण परियोजनाएँ पूरे शहर में संतुलित ढंग से लागू की जा रही हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि हैदराबाद रोजगार, नवाचार और वैश्विक निवेश का प्रमुख केंद्र बना रहेगा तथा विकास का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुँचेगा।

## निजी कार्यालय की तीसरी मंजिल से कूदने पर महिला की मौत

हैदराबाद, 6 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। गुरुवार रात कुकटपल्ली के केपीएचबी पुलिस स्टेशन क्षेत्र स्थित सीबीसीआईडी कॉलोनी में एक निजी कार्यालय भवन की तीसरी मंजिल से कूदने के बाद 23 वर्षीय महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान अनीता के रूप में हुई है। वह आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले के मददिनयनीपल्ली गांव की रहने वाली थी और हैदराबाद में रहकर एक निजी कंपनी में काम करती थी।

अनीता की शादी वर्ष 2021 में बाचुपल्ली निवासी श्रीनिवास से हुई थी। दंपति की एक छोटी बेटी भी है। गुरुवार को अनीता ने अपने कार्यालय भवन की तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई और अत्यधिक रक्तस्राव हुआ। उसे तुरंत इलाज के लिए निज़ामपेट स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, अनीता काफी समय से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से परेशान थी और मानसिक तनाव में थी। उसकी मां ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि लंबी बीमारी और मानसिक पीड़ा के कारण अनीता ने यह कदम उठाया होगा। केपीएचबी पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## मतदाता द्वारा सवाल पूछने पर कांग्रेस समर्थक ने किया हमला, वीडियो वायरल

आदिलाबाद, 6 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बुधवार रात आदिलाबाद की एक कॉलोनी में कांग्रेस उम्मीदवार के एक समर्थक ने कथित तौर पर एक मतदाता पर हमला कर दिया।

मतदाता ने कॉलोनी की समस्याओं को लेकर सवाल किया था। घटना का वीडियो शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जानकारी के अनुसार, चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस उम्मीदवार संजय कस्बे के वार्ड नंबर 44 में प्रचार कर रहे थे। इसी दौरान स्थानीय निवासी योगेश ने उम्मीदवार से वार्ड की समस्याओं को लेकर सवाल उठाए। उसने कहा कि नालों की सफाई नहीं हो रही है और कचरा भी नियमित रूप से नहीं उठाया जा रहा है। योगेश ने मांग की कि पहले इन समस्याओं का समाधान किया जाए, उसके बाद वोट मांगे जाएं।

स्थानीय निवासी की बातों से नाराज होकर उम्मीदवार संजय ने अपना प्रचार अभियान रोक दिया और वहां से चले गए। आरोप है कि कुछ देर बाद संजय के एक समर्थक ने योगेश पर हमला कर दिया।

हमले के दौरान समर्थक ने योगेश को अपशब्द कहे और आरोप लगाया कि उसने वार्ड की समस्याओं को उठाकर उम्मीदवार को सबके सामने शर्मिंदा किया है। घटना के बाद योगेश ने उम्मीदवार और उसके समर्थक के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के दौरान मौजूद कुछ लोगों ने अपने मोबाइल फोन से वीडियो रिकॉर्ड कर लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। व्हाट्सएप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मतदाताओं पर हमले को लेकर कांग्रेस की आलोचना की जा रही है और पार्टी कार्यकर्ताओं के व्यवहार पर सवाल उठाए जा रहे हैं।




## कांग्रेस सरकार ने राजनीतिक उत्पीड़न शुरू किया: दासोजू

हैदराबाद, 6 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस एमएलसी डॉ. दासोजू श्रीवाण ने कहा कि तेलंगाना में संवैधानिक मूल्यों का पूर्ण क्षरण हो गया है और नगर निगम चुनाव लोकतांत्रिक रूप से नहीं, बल्कि कांग्रेस सरकार द्वारा तानाशाही और अवैध तरीके से कराए जा रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि नगर निगम चुनाव 'सबसे अपमानजनक और अमानवीय तरीके' से संचालित किए जा रहे हैं, जिससे पूरे लोकतांत्रिक प्रक्रिया का मज़ाक उड़ाया जा रहा है। दासोजू ने पूर्व मंत्री और विधायक मल्लारेड्डी पर मेडचल जिले के अलीआबाद में हुए हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने पूर्व मंत्री हरीश रेड्डी के मंचेरियल जिले में चुनावी प्रचार में बाधा डालने की आलोचना करते हुए इसे लोकतंत्र पर सीधा हमला बताया। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून और व्यवस्था पूरी तरह से गिर गई है और यह सुनिश्चित नहीं किया जा सकता कि चुनाव शांतिपूर्ण होंगे।

उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि यदि चुनाव आयोग स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने में असमर्थ है, तो इसे सभी जगह कांग्रेस उम्मीदवारों को विजेता घोषित करने के सर्टिफिकेट जारी कर देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कोदाद में बीआरएस उम्मीदवार ममिडी दिव्या का अपहरण किया गया।

एक अन्य मामले में, एक बीआरएस हिंदू उम्मीदवार को बुर्का पहनाकर अंदर ले जाया गया, चुनाव से मजबूरन हटाया गया और इस तरह कांग्रेस उम्मीदवार को निर्विरोध जीत दिलाई गई, जिसे उन्होंने 'लोकतंत्र की हत्या' कहा। स्पीकर के क्षेत्र में बीआरएस उम्मीदवारों को धमकाया गया और उन्हें जबरन कांग्रेस के स्कार्फ पहनने पड़े। उन्होंने कहा कि सत्ता का दुरुपयोग स्पष्ट रूप से हो रहा है। दासोजू ने राज्य निर्वाचन आयोग से तुरंत हस्तक्षेप करने और नगर निगम चुनावों को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष रूप से कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेवंथ रेड्डी की भाषा और व्यवहार बार-बार चेतावनी देने के बावजूद नहीं बदले हैं।

## महिलाओं के लिए छह माह का प्रशिक्षण

हैदराबाद, 6 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। आईआईआईटी हैदराबाद स्थित आईहब- डेटा ने प्रारंभिक करियर वाली महिला इंजीनियरों के लिए छह माह का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग (एआई/एमएल) प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है। यह कार्यक्रम मार्च 2026 से प्रारंभ होगा और हर सोमवार आईआईआईटी हैदराबाद परिसर में आयोजित किया जाएगा। इसमें सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। आईहब- डेटा के शैक्षणिक कार्यक्रम प्रमुख डॉ. सी. के. राजू ने कहा कि यह पहल महिला इंजीनियरों को तकनीकी क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करेगी। कार्यक्रम पूर्ण करने वाले चयनित प्रतिभागियों को तीन माह की ऑनलाइन इंटर्नशिप भी प्रदान की जाएगी।




Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence No. HD/1094/2025-27, Phone: 27644998, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.